किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 192 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 22 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

पश्चिम एशिया हालात पर भारत की पैनी नजर, खाड़ी देशों से संवाद तेजः विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बदलते हालात को लेकर भारत सरकार ने सतर्क रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर खाड़ी देशों के साथ राजनयिक संवाद को और अधिक मजबूत किया गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि भारत ईरान के साथ निरंतर संपर्क में है। उन्होंने कहा कि ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों और भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा निकासी संबंधी तैयारियों पर भी बातचीत जारी है।

खाड़ी देशों के साथ बढ़ा समन्वय

प्रवक्ता ने बताया कि हाल के दिनों में भारत ने खाड़ी देशों के साथ उच्च-स्तरीय संपर्क को तेज किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रियाद का दौरा किया, विदेश मंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की, जबकि पेट्रोलियम मंत्री ने कतर का दौरा किया। इन सभी दौरों का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों की भलाई और आपसी रणनीतिक

सहयोग को मजबूत करना है।

सऊदी अरब के साथ रणनीतिक साझेदारी पर जोर

एनएसए अजीत डोभाल ने अपने दौरे के दौरान सऊदी अरब के वरिष्ठ नेतृत्व से मुलाकात की, जिसमें ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान, विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसाद अल-ऐबान शामिल रहे। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और विस्तार देने पर चर्चा हुई।

होर्मुज जलडमरूमध्य पर विशेष नजर

विदेश मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले भारतीय जहाजों की सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए ईरान सहित संबंधित देशों के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है।

गोलीबारी की घटना पर चिंता

हाल ही में होर्मुज क्षेत्र में भारतीय जहाजों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर भारत ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस मुद्दे पर ईरान के राजदूत और विदेश सचिव के बीच बैठक भी हुई, जिसमें भारत ने इस घटना पर क-ड़ा रुख अपनाया।

भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि

विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि पश्चिम एशिया में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित देशों के साथ निरंतर समन्वय और संवाद जारी रहेगा।

225 करोड़ का एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट बना फरीदाबाद के व्यापारियों के लिए मुसीबत, कई दुकानें बंद

समाज जागरण

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित मोहना रोड पर बन रहा करीब 225 करोड़ रुपये का एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट स्थानीय लोगों और व्यापारियों के लिए राहत की बजाय बड़ी परेशानी बन गया है। ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से शुरू हुई यह परियोजना अब अधूरे निर्माण और रुके हुए काम के कारण क्षेत्र के लिए सिरदर्द साबित हो रही है।

जून 2024 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट को दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। अब तक लगभग 90 पिलर तैयार हो चुके हैं, लेकिन पिछले एक महीने से निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। इससे पूरे इलाके में विकास की रफ्तार थम गई है।

धूल, गड्ढे और हादसों से परेशान लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, लगातार उड़ती धूल और अधूरे निर्माण के कारण हादसों का खतरा बढ़ गया है। हालात ऐसे हैं कि रोजाना आवाजाही करना भी मुश्किल हो गया है।

कारोबार पर भारी असर, दुकानें बंद होने की कगार पर

सबसे ज्यादा असर सड़क किनारे स्थित दुकानदारों पर पड़ा है। व्यापारियों के अनुसार पिछले डेढ़ साल से उनका कारोबार लगातार गिरता जा रहा है। ग्राहक आना लगभग बंद हो गया है, जिससे कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद करने को मजबूर हो गए हैं।

जहां पहले बाजार में चहल-पहल रहती थी, वहीं अब सन्नाटा पसरा हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि निर्माण कार्य की धीमी गति और अधूरा काम उनके रोजगार पर भारी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने और स्थिति सुधारने की मांग की है, ताकि क्षेत्र को फिर से सामान्य जीवन और व्यापारिक गतिविधियां मिल सकें।

9 छक्के, 7 चौके और तूफानी शतक... अभिषेक शर्मा ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई, आईपीएल में ठोकी दूसरी सेंचुरी

समाज जागरण

नई दिल्ली। टीम इंडिया और सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। सीजन के 31वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए तूफानी शतक जड़ दिया। राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में अभिषेक ने अपने अंदाज से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और दिल्ली के गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी रहे। उन्होंने महज 47 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

अभिषेक शर्मा ने अपनी पारी के दौरान 9 छक्के और 7 चौके लगाए और आईपीएल करियर का अपना दूसरा शतक दर्ज किया। यह इस सीजन का उनका पहला शतक भी है। उनकी इस आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और विपक्षी टीम के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं बचा।

उनकी यह पारी आईपीएल 2026 की अब तक की सबसे विस्फोटक पारियों में से एक मानी जा रही है।

मेरठ में उपराष्ट्रपति का संबोधन, युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान का आह्वान

समाज जागरण

मेरठ। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मेरठ स्थित आ-ईआईएमटी विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह क्षण केवल शैक्षणिक उपलब्धि का नहीं, बल्कि देश के प्रति आजीवन जिम्मेदारी निभाने की शुरूआत का प्रतीक है।

'अवसरों से भरे भारत में कदम रख रहे युवा'

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज के छात्र ऐसे भारत में प्रवेश कर रहे हैं, जो तेजी से विकसित हो रहा है और जिसमें अपार अवसर मौजूद हैं। उन्होंने इसे देश के इतिहास का निर्णायक समय बताते हुए कहा कि भारत में बुनियादी ढांचे और विकास की गति अभूतपूर्व है।

नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो का उल्लेख

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटित नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो को आधुनिक और टिकाऊ कनेक्टिविटी का उदाहरण बताया। उनके अनुसार, इन परियोजनाओं से युवाओं और पेशेवरों के लिए नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं।

विकसित भारत @ 2047 में युवाओं की भूमिका अहम

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'विकसित भारत @ 2047' केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय मिशन है। इसे सफल बनाने के लिए युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और समर्पण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत को इस परिवर्तन की नींव बताया।

रोजगार देने वाले बनें युवा

छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने नवाचार, स्थानीय उद्योगों के विकास और स्वदेशी तकनीकों को अपनाने पर बल दिया।

समावेशी विकास पर जोर

उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत की अवधारणा केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं से सत्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवा भाव अपनाने का आग्रह किया।

महिलाओं की बढ़ती भागी-दारी सराहनीय

उन्होंने दीक्षांत समारोहों में मेडल प्राप्त करने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या को सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का संकेत बताया और इसे प्रेरणादायक करार दिया।

गणमान्य रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री धर्मपाल सिंह, वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत बाजपेयी, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

(इनपुटः आईएएनएस)

यूपी पुलिस की बड़ी कार्रवाईः सगे भाई ने ही रची लूट की साजिश, 6 आरोपी गिरफ्तार

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस की "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अंबेडकरनगर पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से लूट के 5,45,000 नकद, एक अवैध शस्त्र तथा घटना में प्रयुक्त 2 चार पहिया वाहन बरामद किए गए हैं।

सगे भाई ने ही रची साजिश

जांच में सामने आया कि लूट की इस वारदात की साजिश खुद एक पीड़ित के सगे भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी।

किसी और जंग की तैयारी में अमेरिका ? पेंटागन की रिपोर्ट से बढ़ी वैश्विक चिंता

वॉशिंगटन। अमेरिका के रक्षा बजट में अचानक हुई भारी बढ़ोतरी और पेंटागन की नई रिपोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई बहस छेड़ दी है। रिपोर्ट के सामने आने के बाद विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं कि क्या अमेरिका किसी बड़े सैन्य संघर्ष की तैयारी कर रहा है।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन ने आगामी वर्ष के लिए लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा प्रस्ताव पेश किया है। इस बजट में एक नया कॉलम "प्रेसिडेंशियल प्रायोरिटीज" जोड़ा गया है, जिसे लेकर कहा जा रहा है कि यह पेंटागन की पारंपरिक प्राथमिकताओं से अलग राष्ट्रपति की विशेष योजनाओं को दशार्ता है।

'गोल्डन डोम' और आधुनिक युद्ध तकनीक पर फोकस

पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार इस विशेष श्रेणी में गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम, ड्रोन तकनीक में प्रभुत्व, आर्टिफि-शियल इंटेलिजेंस, डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा उद्योग को मजबूत करने जैसी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।

नौसेना के लिए 'गोल्डन फ्लीट' योजना

नौसेना के आधुनिकीकरण के लिए इस बजट में 65 अरब डॉलर से अधिक का प्रावधान किया गया है। इसे 1962 के बाद जहाज निर्माण का सबसे बड़ा प्रस्ताव बताया जा रहा है। इस योजना के तहत 18 नए युद्धपोत और 16 सपोर्ट शिप खरीदे जाने की तैयारी है, जिसे "गोल्डन फ्लीट" नाम दिया गया है।

ड्रोन और ऑटोनॉमस युद्ध पर सबसे बड़ा निवेश

पेंटागन ने ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीक को भविष्य के युद्ध का प्रमुख आधार बताते हुए इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा निवेश किया है। इस मद में 53.6 अरब डॉलर का प्रावधान किया गया है। साथ ही गोला-बारूद और रक्षा प्रणालियों के लिए 21 अरब डॉलर अलग से रखे गए हैं।

'ऑटोनॉमस वॉरफेयर ग्रुप' की फंडिंग में भारी बढ़ोतरी

रिपोर्ट के अनुसार पेंटागन के 'डिफेंस ऑ-टोनॉमस वॉरफेयर ग्रुप' का बजट 225 मिलियन डॉलर से बढ़ाकर लगभग 54 अरब डॉलर कर दिया गया है। इसका उद्देश्य लंबी अवधि के शोध की बजाय मौजूदा तकनीकों को तेजी से युद्ध क्षेत्र में लागू करना बताया गया है।

विशेषज्ञों में चिंता

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर सैन्य निवेश और नई युद्ध तकनीकों पर जोर वैश्विक सुरक्षा संतुलन पर असर डाल सकता है।

वायुसेना के लिए रिकॉर्ड फंडिंग

वायुसेना की क्षमता बढ़ाने के लिए विमानों की खरीद और अनुसंधान एवं विकास (R&D) के लिए 102 अरब डॉलर का बजट प्रस्तावित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26% अधिक है। इसमें F-35 फाइटर जेट्स की खरीद बढ़ाकर 85 जेट प्रति वर्ष करने और अगली पीढ़ी के F-47 फाइटर जेट के विकास पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा इ-21 बॉम्बर के लिए 6.1 अरब डॉलर का प्रस्ताव रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने काशी कोतवाल व बाबा विश्वनाथ के चरणों में झुकाया शीश

बच्चों को दुलारा, उज्ज्वल भविष्य का दिया आशीर्वाद



समाज जागरण

वाराणसी, 21 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचे। प्रधानमंत्री के संभावित वाराणसी दौरे के दृष्टिगत सर्किट हाउस में प्रशासनिक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के पश्चात मुख्यमंत्री ने 'काशी कोतवाल' बाबा कालभैरव एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन किया।

बच्चों को दिया उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद

काल भैरव मंदिर से दर्शन कर निकलते समय माला-फूल बेचने वाले की दुकान पर बैठी दुकानदार की छोटी बिटिया को देख मुख्यमंत्री ने उसे दुलारते हुए पुचकारा। उसकी बड़ी बहन भी मुख्यमंत्री के सामने आ गई। उन्होंने उसे भी दुलारा-पुचकारा और स्कूल जाने के बाबत जानकारी ली और खूब पढ़ाई करने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने बच्ची के परिजनों से भी वार्तालाप किया।

बीएलडब्ल्यू का भी किया निरीक्षण

तत्पश्चात उन्होंने बीएलडब्ल्यू का दौरा कर प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, अश्वनी त्यागी, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. अवधेश सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

आरोपों की आवाज ऊंची थी, पर निर्णय की नींव गहरी थी

[न्याय की चौखट पर ठहरे सवाल, लेकिन झुका नहीं कानून]

कभी-कभी अदालतों में सिर्फ. मुकदमे नहीं, बल्कि लोकतंत्र के सिद्धांतों की भी असली परीक्षा होती है– और 20 अप्रैल 2026 को दिल्ली में यही तस्वीर दिखी। आरोपों और संस्थागत गरिमा के बीच सीधा टकराव था, और सवाल था कि न्याय किस आधार पर टिकेगा। दिल्ली उच्च न्यायालय के कक्ष में जब अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा से खुद को मामले से अलग करने की मांग उठाई, तो बहस एक साधारण कानूनी प्रक्रिया से आगे बढ़कर न्यायिक निष्पक्षता पर केंद्रित हो गई। लेकिन सुनवाई के अंत में अदालत ने रिक्यूसल याचिका खारिज कर स्पष्ट कर दिया कि न्याय न आशंकाओं पर चलता है, न संकेतों पर डगमगाता है; वह ठोस प्रमाण, तर्क और कानून की मजबूत नींव पर टिका होता है।

बहस की दिशा अचानक तब बदली, जब अरविंद केजरीवाल ने अपने अतिरिक्त हलफनामे के माध्यम से मुद्दे को जज के निजी पेशेवर संबंधों तक विस्तार दे दिया। उन्होंने तर्क दिया कि जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा के बेटे और बेटी सरकारी पैनल के वकील हैं और उन्हें तुषार मेहता जैसे सॉलिसिटर जनरल के जरिए लगातार काम मिलता है, जो इसी मामले में जांच एजेंसियों का पक्ष रख रहे हैं। इसी आधार पर उन्होंने निष्पक्ष सुनवाई पर ह्लउचित संदेहह्व जताते हुए जज के अलग होने की मांग की। यह दलील सीधे न्यायपालिका की निष्पक्षता और उसकी सार्वजनिक विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़ा करने वाली थी।

केजरीवाल की दलील महज एक नेता की व्यक्तिगत आपत्ति नहीं, बल्कि उस व्यापक और गहरी लोकतांत्रिक चिंता की अभिव्यक्ति है कि न्याय सिर्फ.निष्पक्ष हो ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष दिखाई भी दे। खास-ाकर तब, जब मामला राजनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील हो और उसमें केंद्र सरकार की एजेंसियां सक्रिय रूप से शामिल हों, हर संभावित जुड़ाव–चाहे प्रत्यक्ष हो या परोक्ष–स्वाभाविक रूप से सवाल और शंकाएँ पैदा कर सकता है। इसी नजरिए से देखें तो अरविंद केजरीवाल का तर्क पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता; यह लोकतांत्रिक पारदर्शिता, संस्थागत विश्वसनीयता और जवाबदेही की वैध मांग का भी संकेत देता है।

अदालत ने जब इस पूरे तर्क-विन्यास को गहराई से परत-दर-परत खंगाला, तो उसकी कानूनी मजबूती खुद ही सवालों के घेरे में आ गई। जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा ने स्पष्ट कहा कि महज आशंका या संकेत किसी न्यायाधीश को हटाने का वैध आधार नहीं बन सकते, क्योंकि इससे पूरी न्यायिक प्रक्रिया अस्थिर और संदिग्ध हो जाएगी। उन्होंने यह भी चेताया कि अगर ऐसे तर्कों को मान्यता मिल गई, तो हर मुकदमे में जजों के निजी जीवन और पारिवारिक संबंधों को हथियार बनाया जाने लगेगा। इसी निर्णायक मोड़ पर अदालत ने न केवल दलीलों को सिरे से खारिज किया, बल्कि स्पष्ट और सख्त शब्दों में आदेश सुनाया–याचिका खारिज की जाती है।

बहस के बीच एक ऐसा निर्णायक क्षण आया, जिसने पूरे विवाद का केंद्र ही बदल दिया–ह्ल अगर राजनेताओं के बच्चे राजनीति में आ सकते हैं, तो जजों के बच्चे वकालत क्यों नहीं कर सकते?ह्व जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा की यह टिप्पणी महज एक प्रतिवाद नहीं, बल्कि एक गहरे संवैधानिक सिद्धांत की स्पष्ट और सशक्त पुनर्पुष्टि थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक को उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर पेशा चुनने से वंचित नहीं किया जा सकता। यह सीधे-सीधे मौलिक अधिकारों का प्रश्न है, जिसे किसी मुकदमेबाज की रणनीति या सुविधा के लिए सीमित नहीं किया जा सकता।
इस पूरे घटनाक्रम को सिर्फ.अदालत के निर्णय तक सीमित कर देना वास्तविक तस्वीर को छोटा कर देना होगा। अरविंद केजरीवाल का पक्ष साफ संकेत देता है कि राजनीति और न्यायपालिका के बीच अविश्वास की खाई लगातार गहराती जा रही है। जब एक निर्वाचित नेता बार-बार अपने खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक करार देता है, तो यह केवल आरोप नहीं, बल्कि उस व्यापक माहौल की झलक है जहाँ संस्थाओं पर भरोसा डगमगाने लगता है। ऐसे परिदृश्य में अदालत पर भी यह अतिरिक्त दायित्व आ जाता है कि वह सिर्फ.निष्पक्ष रहे ही नहीं, बल्कि अपनी निष्पक्षता को स्पष्ट, पारदर्शी और भरोसेमंद तरीके से प्रदर्शित भी करे।

अदालत ने इस पूरे विवाद को केवल तात्कालिक नहीं, बल्कि उसके व्यापक और दूरगामी प्रभावों के संदर्भ में देखा। जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा ने स्पष्ट कहा कि यदि केवल आशंका या अपुष्ट सूचनाओं के आधार पर फैसले होने लगें, तो न्यायपालिका की बुनियाद ही डगमगा सकती है। उन्होंने अपने आदेश में रेखांकित किया कि आरटीआई या परोक्ष जानकारियों के आधार पर किसी दुरुपयोग का कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया। यदि ऐसी याचिकाओं को स्वीकार करने की प्रवृत्ति शुरू हो गई, तो हर जज और उसके परिवार पर संदेह का वातावरण बनेगा, जो अंततः लोकतंत्र के लिए गंभीर रूप से घातक साबित होगा।

यह घटनाक्रम लोकतंत्र के उस जटिल और नाजुक संतुलन को उजागर करता है, जहां पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग, संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्थिरता से टकराती नजर आती है। अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज होना केवल एक साधारण कानूनी फैसला नहीं, बल्कि एक स्पष्ट और मजबूत सिद्धांत की स्थापना है–कि न्यायपालिका आरोपों या दबाव के आगे नहीं झुकेगी। साथ ही, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि ऐसे विवाद यह संकेत देते हैं कि आपसी विश्वास बहाल करने के लिए दोनों पक्षों को अपनी सीमाओं, जिम्मेदारियों और आचरण की मयार्दाओं को समझना और मानना होगा।

जब बहस थमती है और फैसले दर्ज हो जाते हैं, तब असली सवाल सामने आता है–न्याय की विश्वसनीयता किस पर टिकी है। इस पूरे प्रकरण ने साफ किया कि न्याय केवल निर्णयों से नहीं, बल्कि प्रक्रिया की पारदर्शिता और भरोसे से बनता है। अदालत ने याचिका खारिज कर यह रेखांकित कर दिया कि ठोस प्रमाण के बिना कोई भी आशंका न्यायिक हस्तक्षेप का आधार नहीं हो सकती। फिर भी, यह प्रश्न बना रहता है कि क्या हमारी राजनीतिक और न्यायिक संस्थाएं वह भरोसा कायम कर पा रही हैं, जिसकी एक सुदृढ़ लोकतंत्र को आवश्यकता है। अंततः, यही निष्कर्ष उभरता है–संतुलन, पारदर्शिता और सिद्धांतों के बीच सटीक तालमेल ही लोकतंत्र को मजबूत बनाता है।

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

साइबर अपराध का बदलता चेहरा

– महेन्द्र तिवारी

डिजिटल युग ने मानव जीवन को जितना सरल और सुविधाजनक बनाया है, उतना ही जटिल और जोखिमपूर्ण भी बना दिया है। आज बैंकिंग से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, खरीदारी और संचार तक लगभग हर काम इंटरनेट और मोबाइल के माध्यम से हो रहा है। इस तेज बदलाव के बीच अपराधियों ने भी अपने तर-ीके बदल लिए हैं। पहले जहां चोरी और धोखाधड़ी के लिए भौतिक उपस्थिति जरूरी होती थी, वहीं अब एक मोबाइल फोन और इंटरनेट के जरिए हजारों किलोमीटर दूर बैठा व्यक्ति किसी को भी ठग सकता है। हाल के वर्षों में डिजिटल ठगी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है और चिंता की बात यह है कि इनका शिकार केवल अनपढ़ या ग्रामीण लोग ही नहीं बल्कि उच्च शिक्षित और समझदार लोग भी हो रहे हैं।

डिजिटल ठगी के नए तरीकों में सबसे खतरनाक रूप से उभर कर सामने आया है तथाकथित डिजिटल अरेस्ट। यह एक ऐसा छल है जिसमें अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी, जांच एजेंसी का कर्मचारी या किसी सरकारी विभाग का प्रतिनिधि बताकर व्यक्ति को डराता है। उसे बताया जाता है कि उसके नाम पर कोई गंभीर अपराध दर्ज है जैसे धन शोधन, अवैध लेनदेन या किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता। इसके बाद वीडियो कॉल या ऑडियो कॉल के माध्यम से व्यक्ति को कई घंटों तक अपने नियंत्रण में रखा जाता है। उसे यह विश्वास दिलाया जाता है कि वह जांच के दायरे में है और उसे कहीं जाने या किसी से बात करने की अनुमति नहीं है। इस दौरान उसे मानस्-ाक दबाव में रखा जाता है और अंततः पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता है।

राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में साइबर अपराध के लगभग 15 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 20 लाख के आसपास पहुंच गई। इनमें से एक बड़ा हिस्सा वित्तीय ठगी से जुड़ा है। औसतन हर दिन हजारों लोग इस तरह के अपराधों का शिकार हो रहे हैं। कई मामलों में एक ही व्यक्ति से 50000 से लेकर 5000000 रुपये तक की ठगी की गई है। यह आंकड़े केवल दर्ज मामलों के हैं, वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है क्योंकि बहुत से लोग शर्म या डर के कारण शिकायत ही नहीं करते।

डिजिटल अरेस्ट जैसे घोटाले इतने प्रभावी इसलिए होते हैं क्योंकि वे मानव मनोविज्ञान पर गहरा प्रभाव डालते हैं। जब किसी व्यक्ति को अचानक यह बताया जाता है कि वह किसी गंभीर अपराध में फंस गया है, तो उसका पहला भाव डर और घबराहट का होता है। अपराधी इसी डर का फायदा उठाते हैं। वे अपनी भाषा, पहनावा और संवाद शैली को इस तरह प्रस्तुत करते हैं कि सामने वाला व्यक्ति उन्हें वास्तविक अधिकारी समझने लगता है। कई बार वे नकली पहचान पत्र, कार्यालय का बैकग्राउंड और वर्दी का भी उपयोग करते हैं ताकि उनकी बात और अधिक विश्वसनीय लगे।
इस प्रकार की ठगी का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें समय का दबाव बनाया जाता है। पीड़ित को सोचने या सलाह लेने का अवसर नहीं दिया जाता। उसे कहा जाता है कि यदि उसने तुरंत सहयोग नहीं किया तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा या उसके परिवार के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस मानसिक दबाव में व्यक्ति बिना सत्यापन किए ही पैसे भेज देता है। यह स्थिति दशार्ती है कि केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानसिक सजगता और धैर्य भी उतना ही आवश्यक है।
भारत में साइबर अपराध से निपटने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से लोग ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा 1930 हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध है जहां तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। विभिन्न राज्यों में साइबर पुलिस स्टेशन स्थापित किए गए हैं और डिजिटल जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद अपराधों की संख्या में कमी नहीं आ रही है, जिसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी और तकनीक का तेजी से बदलता स्वरूप है।
विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल ठगी को रोकने के लिए केवल कानून और तकनीक पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक करना आवश्यक है। परिवारों में इस विषय पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए, खासकर बुजुर्गों और युवाओं को इसके बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। स्कूल और कॉलेज स्तर पर भी साइबर सुरक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए ताकि नई पीढ़ी शुरूआत से ही सतर्क रहे। व्यक्तिगत स्तर पर कुछ सरल सावधानियां अपनाकर इस प्रकार की ठगी से बचा जा सकता है। सबसे पहले किसी भी अनजान कॉल या संदेश पर तुरंत विश्वास न करें। यदि कोई खुद को अधिकारी बताकर डराने की कोशिश करता है तो उसकी पहचान की पुष्टि करें। किसी भी स्थिति में अपने बैंक खाते, पासवर्ड, ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। यदि कोई आपसे पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहता है तो पहले अपने परिवार या किसी विश्वसनीय व्यक्ति से सलाह लें। याद रखें कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से पैसे नहीं मांगती।
डिजिटल ठगी का बढ़ता हुआ खतरा केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक विश्वास को भी कमजोर करता है। जब लोग बार बार ऐसे अपराधों का शिकार होते हैं तो उनका विश्वास संस्थाओं और तकनीक दोनों से उठने लगता है। यह स्थिति विकास की गति को भी प्रभावित कर सकती है क्योंकि डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने में लोग हिचकिचाने लगते हैं।
इस समस्या का समाधान केवल तकनीकी उपायों में नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी में निहित है। सरकार, संस्थाएं और आम नागरिक सभी को मिलकर इस चुनौती का सामना करना होगा। जागरूकता, सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ही इस लड़ाई के सबसे प्रभावी हथियार हैं। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो डिजिटल ठगी का यह जाल और अधिक व्यापक और खतरनाक हो सकता है।
अंततः यह समझना जरूरी है कि डिजिटल युग में स-ुरक्षा केवल पुलिस या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जितना हम तकनीक का उपयोग करते हैं, उतना ही हमें उसके जोखिमों को समझना भी आवश्यक है। सावधानी और समझदारी के साथ ही हम इस अदृश्य खतरे से स्वयं को और अपने समाज को सुरक्षित रख सकते हैं।

(आलेख)

आधी आबादी की योगी कैबिनेट में बढ़ेगी हिस्सेदारी !

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

चुनावी साल में उत्तर प्रदेश की सियासत में राजनैतिक हलचल तेज होती जा रही है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की घड़ी सिर पर आ रही है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी सरकार की ताकत को मजबूत करने के लिए कैबिनेट विस्तार की तैयारी में जुटे हैं। खास बात यह है कि इस विस्तार का केंद्र बिंदु महिला वोटरों को खुश करना हो सकता है। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक के गिरने के बाद भाजपा ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विरोधी दलों पर महिला विरोधी होने का ऐसा तंज कसा है कि पूरा माहौल बन गया है। इसी माहौल का फायदा उठाते हुए योगी सरकार कैबिनेट में महिला मंत्रियों की संख्या बढ़ाकर मतदाताओं का दिल जीतने की कोशिश कर सकती है। न केवल महिलाएं, बल्कि ब्राह्मण, पिछड़ी जाति और दलित वोटरों को भी रिझाने के लिए इन वर्गों को अधिक प्रतिनिधित्व देकर सियासी समीकरण साधे जा सकते हैं। यह कदम चुनावी साल में सत्ताधारी दल की चतुराई का नमूना पेश करेगा।

राज्य की राजनीति हमेशा से जाति, धर्म और लिंग आधारित समीकरणों पर टिकी रही है। योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालते ही हिंदुत्व और विकास के एजेंडे पर जोर दिया, लेकिन अब चुनावी दबाव में सामाजिक समावेश को प्राथमिकता मिल रही है। वर्तमान कैबिनेट में महिलाओं की संख्या सीमित है। बेबी रानी माहौर और स्वाति सिंह जैसी कुछ नेता हैं, लेकिन कुल मिलाकर प्रतिनिधित्व कमजोर पड़ता है। अगर कैबिनेट का विस्तार होता है, तो पूर्वी उत्तर प्रदेश से आगरा की भाजपा सांसद डॉ. प्रोमिला कटियार या गोरखपुर की रवीना कुरेल जैसी सक्रिय महिला नेताओं को जगह मिल सकती है। पश्चिमी इलाके से मेरठ की राजकुमारी दीया या सहारनपुर की उषा सिद्धू भी दावेदार हो सकती हैं। इनमें से कई विधायक या सांसद हैं, जो जमीनी मुद्दों पर मुखर रही हैं। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भाजपा ने जो प्रचार किया, उसके जवाब में यह कदम महिलाओं को संदेश देगा कि हमारी सरकार उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने महिला आ-रक्षण बिल को लेकर जो शोर मचाया, वह अब विधानसभा स्तर पर फल दे सकता है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर लगाए गए महिला विरोधी ठप्पे ने विपक्ष को रक्षात्मक बना दिया है। योगी सरकार इसी मौके को भुनाने के लिए कैबिनेट में कम से कम चार-पांच नई महिला मंत्रियों को शामिल कर सकती है। इससे ग्रामीण महिलाओं से लेकर शहरी मतदाताओं तक संदेश जाएगा कि भाजपा महिलाओं के हितों की रक्षा करेगी। उ-दाहरण के तौर पर, बुनकर बाहुल्य इलाकों से पिछड़ी जाति की महिलाओं को जगह देकर दोहरी रणनीति अपनाई जा सकती है। अवध क्षेत्र की लक्ष्मी चौधरी या बुंदेलखंड की सुनीता सिद्धू जैसी नेता इस फॉमूर्ले में फिट बैठती हैं। कैबिनेट विस्तार से न केवल संख्या बढ़ेगी, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों और जातियों का प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित होगा। यह चुनावी लाभ के साथ-साथ सामाजिक संतुलन भी लाएगा।

लेकिन महिला वोटरों को खुश करने की रणनीति केवल संख्या पर टिकी नहीं रहेगी। इन महिला मंत्रियों को महत्वपूर्ण विभाग सौंपे जाएंगे, जैसे महिला कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा या ग्रामीण विकास। इससे साबित होगा कि यह प्रतीकात्मक कदम नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। योगी सरकार पहले ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुद्दलक्ष्मी योजना और पिंक बस जैसी योजनाओं से महिलाओं का विश्वास जीत चुकी है। कैबिनेट विस्तार इन प्रयासों को मजबूती देगा। विपक्षी समाजवादी पार्टी पर पिता-पुत्र की सियासत का आरोप लगाकर भाजपा महिलाओं को भावनात्मक रूप से जोड़ रही है। अखिलेश यादव सरकार के समय महिलाओं के प्रति उदासीनता के उदाहरणों को बार-बार उछाला जा रहा है। ऐसे में योगी का यह दांव विपक्ष को कटघरे में ला खड़ा करेगा।

अब बात ब्राह्मण, पिछड़ी जाति और दलित वोटरों की। उत्तर प्रदेश में ये वर्ग भाजपा की कोर वोट बैंक हैं, लेकिन हालिया लोकसभा परिणामों ने सतर्क कर दिया है। ब्राह्मण समाज में असंतोष की खबरें आ रही हैं। वर्तमान कैबिनेट में ब्राह्मणों का प्रतिनिधित्व कम है। कैबिनट विस्तार में प्रयागराज के नंद गोपाल गुप्त नंदी या कानपुर के सत्यदेव पचौरी जैसे वरिष्ठ ब्राह्मण नेताओं को जगह देकर इस गैप को भरा जा सकता है। ये नेता पार्टी के पुराने सिपाही हैं और जमीनी पकड़ रखते हैं। ब्राह्मण वोटरों को यह संदेश जाएगा कि उनकी उपेक्षा नहीं हो रही। इसी तरह पिछड़ी जाति के लिए निषाद, कुशवाहा और मौर्य समुदायों से प्रतिनिधि चुने जा सकते हैं। आजमगढ़ के शाह आलम या बहराइच के अनिल राजभर जैसे नाम चर्चा में हैं। ये वर्ग भाजपा के लिए गढ़ों में निर्णायक साबित होते हैं।

दलित वोटरों को रिझाने की चुनौती सबसे बड़ी है। बसपा की कमजोरी का फायदा उठाते हुए भाजपा ने पहले ही कई दलित नेताओं को तरजीह दी है। लेकिन कैबिनेट में आनंद स्वरूप शर्मा या बाबू सिंह कुशवाहा जैसे चेहरे जोड़कर बैंक को मजबूत किया जा सकता है। जालौन या झांसी जैसे दलित बाहुल्य क्षेत्रों से महिला दलित नेता को शामिल करना दोहरा लाभ देगा। योगी आदित्यनाथ की हिंदुत्व नीति ने इन वर्गों को एकजुट किया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर जातिगत आकांक्षाएं भड़क रही हैं। कैबिनेट विस्तार इन्हें शांत करने का हथियार बनेगा। कुल मिलाकर 18 से 24 सदस्यों का विस्तार हो सकता है, जिसमें आठ-दस नए चेहरे महिलाओं, ब्राह्मणों, पिछड़ों और दलितों से होंगे।

यह रणनीति चुनावी साल की देरी का फायदा उठाएगी। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कैबिनेट विस्तार से नए मंत्रियों को जमीनी मुद्दों पर सक्रिय होने का मौका मिलेगा। वे विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जनसभाओं में उतरेंगे और वोटरों से सीधा संवाद करेंगे। भाजपा की केंद्रीय नेतृत्व भी इसकी हामी भर चुकी है। जेपी नड्डा और अमित शाह की राय में सामाजिक समावेश ही उत्तर प्रदेश फतह का राज है। विपक्षी एकता के बावजूद भाजपा का वोट शेयर मजबूत रहेगा। समाजवादी पार्टी की महापंचायतें और कांग्रेस की कोशिशें बेअसर साबित हो सकती हैं।

सियासी जानकार मानते हैं कि योगी आदित्यनाथ की यह चाल लंबे समय तक असरदार रहेगी। 2017 और 2022 के चुनावों में भाजपा ने इसी तरह जातिगत संतुलन साधा था। अब महिला वोटरों को केंद्र में रखकर नया अध्याय लिखा जा रहा है। राज्य की 40 प्रतिशत से अधिक आबादी महिलाओं की है और उनका झुकाव भाजपा की ओर बढ़ा है। कैबिनेट विस्तार इसी ट्रेंड को पक्का करेगा। ब्राह्मणों का ब्राह्मण वोट, पिछड़ों का ओबीसी समर्थन और दलितों की एकजुटता मिलकर योगी सरकार को मजबूत बनाएगी। विपक्ष को अब नई रणनीति सोचनी पड़ेगी।

कैबिनेट विस्तार की अटकलें तेज हैं। लखनऊ के सियासी गलियारों में चचाएँ जोरों पर हैं। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल की बैठकें इसी मुद्दे पर केंद्रित हो रही हैं। जल्द ही औपचारिक घोषणा हो सकती है। इससे न केवल सरकार की छवि निखरेगी, बल्कि चुनावी वैतरणी पार करना आसान होगा। उत्तर प्रदेश की सियासत में यह कदम ऐतिहासिक साबित हो सकता है। महिलाओं को सशक्त बनाना और सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देना योगी मॉडल की पहचान बनेगा। विपक्षी दलों को अब सोचना होगा कि वे कैसे जवाब दें। कुल मिलाकर, यह विस्तार सत्ताधारी दल की दूरदर्शिता का प्रमाण होगा।

पुस्तकें: भीतर की दुनिया को समझने और बदलने का माध्यम

पुस्तकें: जो अकेलेपन को भी अपना बना लेती हैं

शब्दों से परे एक दुनिया: जहाँ विचार जीवंत हो उठते हैं

ज्ञान की सबसे प्रखर रोशनी दीपक से नहीं, खुले पन्नों से निकलती है। विचारों के शोर में भटकता मन जब ठहराव चाहता है, तब पुस्तक भीतर नई दुनिया का द्वार खोल देती है। 23 अप्रैल इसी अद्भुत संसार को समर्पित दिन है, जब पुस्तकें केवल वस्तु नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति के रूप में सम्मानित होती हैं। यह स्मरण कराता है कि शब्द केवल भाषा नहीं, बल्कि सभ्यता की धड़कन और युगों का अनुभव हैं। हर पुस्तक अनुभव, संघर्ष और कल्पना का दस्तावेज है, जो समय से परे जाकर पीढ़ियों से संवाद करती रहती है। इसी कारण यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस घोषित किया, क्योंकि इसी दिन शेक्सपियर और सर्वेंटेस का निधन हुआ था।

पठन केवल आँखों से किया जाने वाला क्रिया नहीं, बल्कि मन और मस्तिष्क की गहराइयों में उतरती एक निरंतर यात्रा है। जैसे-जैसे कोई व्यक्ति पन्नों को पलटता है, वैसे-वैसे वह अपने भीतर भी नई परतों को खोजता चलता है। साहित्य, विज्ञान, इतिहास या दर्शन–प्रत्येक विधा अपने भीतर एक संपूर्ण ब्रह्मांड समेटे होती है। पुस्तकें हमें उन स्थानों तक पहुँचा देती हैं जहाँ हमारा भौतिक अनुभव सीमित होता है, और उन विचारों से परिचित कराती हैं जिनकी कल्पना तक पहले संभव नहीं होती। इसी कारण पठन केवल ज्ञान का विस्तार नहीं करता, बल्कि सोचने की क्षमता को व्यापक बनाता है और दृष्टिकोण को गहराई एवं परिपक्वता प्रदान करता है।

पुस्तकें अकेलेपन को भी भीतर से भर देती हैं और मौन को भी एक जीवंत संवाद में बदल देती हैं। जब बाहरी दुनिया थम जाती है, तब उनके शब्द मन के भीतर एक नई, तीव्र और स्पष्ट आवाज रचते हैं। वे कभी हमारी ही अनुभूतियों को पहचान देती हैं और कभी उन अनकहे प्रश्नों के उत्तर बन जाती हैं, जिन्हें हम स्वयं भी ठीक से नहीं कह पाते। किसी कथा का पात्र अचानक प्रेरणा का स्रोत बन जाता है, तो कोई विचार जीवन की दिशा ही मोड़ देता है। इसी कारण पढ़ना केवल आदत नहीं रह जाता, वह भीतर उतरने और स्वयं को नए रूप में देखने की यात्रा बन जाता है। पुस्तकों के साथ बीता हर क्षण आत्म-खोज का अवसर होता है। मुंशी प्रेमचंद की ह्यगोदानह्व में ग्रामीण भारत के किसान होरी के संघर्ष का ऐसा सजीव चित्रण मिलता है कि वह केवल कहानी नहीं रह जाती, बल्कि सामाजिक यथार्थ और अन्याय के प्रति पाठक के भीतर गहरी संवेदना जगा देती है।

आज का युग पठन को एक नए विस्तार तक ले गया है। ज्ञान अब केवल पुस्तकालयों की सीमाओं में बंद नहीं रहा, बल्कि डिजिटल माध्यमों ने उसे हर व्यक्ति की पहुँच तक पहुँचा दिया है। मोबाइल स्क्रीन, ई-पुस्तकें और श्रव्य पुस्तकें ज्ञान के सहज और आधुनिक स्रोत बन गई हैं। इस बदलाव ने पढ़ने को अधिक सरल, लचीला और समय के अनुकूल बना दिया है। अब व्यक्ति यात्रा में, विश्राम के क्षणों में या रात्रि की शांति में भी अध्ययन कर सकता है। तकनीक ने पुस्तकों को समाप्त नहीं किया, बल्कि उन्हें नए रूपों में फिर से जीवंत कर दिया है, जिससे पठन और अधिक व्यापक व प्रभावी हो गया है।
पठन का प्रभाव व्यक्ति की सीमाओं से आगे बढ़कर पूरे समाज की चेतना को आकार देता है। जैसे-जैसे लोग पढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी समझ गहरी होती जाती है और वे अधिक संवेदनशील, विवेकशील तथा विचारशील बनते हैं। पुस्तकों के माध्यम से विविध संस्कृतियों, विचारधाराओं और जीवनशैलियों को समझने का अवसर मिलता है, जिससे समाज में सहिष्णुता और स्वीकार्यता की भावना मजबूत होती है। एक पढ़ा-लिखा समाज जल्दबाजी में निर्णय नहीं लेता, बल्कि तर्क, अनुभव और समझ के आधार पर आगे बढ़ता है। इस प्रकार पुस्तकें केवल ज्ञान का विस्तार नहीं करतीं, बल्कि एक संतुलित, जागरूक और प्रगतिशील समाज की आधारशिला भी रखती हैं। शब्दों की शक्ति जब विचारों का रूप लेकर समाज की दिशा बदलने लगती है, तब रचनाकारों का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह दिवस उन सृजनशील लेखकों के सम्मान का अवसर है, जो अपने अनुभव, कल्पना और संवेदना को शब्दों में ढालकर नई दृष्टि प्रदान करते हैं। कॉपीराइट जैसी व्यवस्थाएँ उनकी रचनात्मकता की रक्षा करती हैं और उन्हें उनके कार्य का उचित एवं न्यायसंगत सम्मान सुनिश्चित करती हैं। डिजिटल युग में, जहाँ सामग्री का प्रसार अत्यंत तीव्र गति से होता है, वहाँ ऐसी सुरक्षा और भी आवश्यक हो जाती है। यह केवल एक कानूनी व्यवस्था नहीं, बल्कि रचनात्मकता के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी और सम्मान का प्रतीक है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

जिलाधिकारी ने श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ की बैठक, मेडिकल कैंप हेतु माइक्रो प्लान बनाने के निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 अप्रैल 2026। जनपद में श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनकी दैनिक समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गौतमबुद्धनगर को उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में जाना जाता है, जहां बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं और लाखों श्रमिक कार्यरत हैं। ऐसे में इन श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यस्थल और आवासीय क्षेत्रों में लगेंगे मेडिकल कैंप

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रमिकों के कार्यस्थल, आवासीय क्षेत्रों और निर्माण स्थलों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर (हेल्थ कैंप) आयोजित करने के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया जाए और उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को उनकी सुविधा के अनुसार सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आउटडोर हेल्थ कैंपों में चिकित्सकों की उपलब्धता, आवश्यक दवाइयों, जांच सुविधाओं और टेलीमेडिसिन जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही फर्स्ट एड, रक्तदान और आपदा प्रबंधन से जुड़ी जागरूकता को भी बढ़ावा दिया जाए।

जागरूकता अभियानों से दी जाए जानकारी

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि श्रमिक जागरूक होकर इन सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें। हेल्थ वेलनेस सेंटरों को भी मजबूत करने पर जोर दिया गया।

पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की पहल

बैठक में औद्योगिक इकाइयों और निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए एनजीओ के सहयोग से सुलभ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राधिकरणों के साथ समन्वय स्थापित कर इस व्यवस्था को जल्द धरातल पर लागू करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों की मौजूदगी

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा श्रीलक्ष्मी वी.एस., अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, एसीएमओ रविंद्र सिरोहा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

हीटवेव से बचाव को लेकर आपदा विभाग ने जारी की एडवाइजरी, सावधानी बरतने की अपील

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 अप्रैल 2026। भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी प्रभाव आधारित मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों और महीनों में हीटवेव की संभावनाएं अधिक हो सकती हैं। इसे देखते हुए जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी द्वारा हीटवेव से बचाव को लेकर विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है।

एडवाइजरी में नागरिकों से अपील की गई है कि वे सावधानियां अपनाकर स्वयं को सुरक्षित रखें और हीटवेव के प्रभाव से बचाव करें।

क्या करें

घर से बाहर निकलते समय छाता, टोपी या गमछा तथा पर्याप्त पानी अवश्य साथ रखें।
हल्के रंग के, ढीले और सूती कपड़े पहनें।
बाहर कार्य करते समय समय-समय पर गीले कपड़े से चेहरा, सिर और गर्दन को ठंडा रखें।
हल्का एवं ताजा भोजन करें तथा खीरा, ककड़ी, तरबूज जैसे मौसमी फलों का अधिक सेवन करें।
अधिक मात्रा में तरल पदार्थ लें जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ, गन्ने का रस, आम का पन्ना आदि।
हीटवेव के लक्षण जैसे चक्कर, सिरदर्द, उल्टी, घबराहट या बेहोशी होने पर तुरंत छांव में आराम करें और शरीर को ठंडा करें। आवश्यकता पड़ने पर 108 एंबुलेंस सेवा का उपयोग करें।

क्या न करें

दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें।
गहरे रंग या सिंथेटिक कपड़े पहनने से परहेज करें।
भारी, तला-भुना और अधिक मसालेदार भोजन का सेवन न करें। चाय, कॉफी और शराब के अधिक सेवन से बचें क्योंकि यह शरीर को डिहाइड्रेट कर सकते हैं।
बिना चिकित्सीय सलाह के किसी भी दवा का सेवन न करें। बच्चों और पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। जिला आपदा विभाग ने यह भी कहा है कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क किया जाए, ताकि समय पर उपचार उपलब्ध हो सके।
(सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

श्रमिकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु अपर श्रमायुक्त कार्यालय में कॉल सेंटर स्थापित

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 अप्रैल 2026। जनपद के श्रमिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए कार्यालय अपर श्रमायुक्त, गौतमबुद्धनगर में कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कॉल सेंटर कार्यालय, जी-25ए, सेक्टर-03, नोएडा में संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से श्रमिक अपनी शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकते हैं और उनका त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

हेल्पलाइन और ईमेल सेवा उपलब्ध

श्रमिक अपनी शिकायतें निम्न माध्यमों से दर्ज करा सकते हैं–
श्रमिक हेल्पलाइन नंबरः 01204126892
ईमेलः complaint. dlcnoida @gmail.com अपर श्रमायुक्त ने बताया कि इस व्यवस्था से श्रमिकों को विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान अधिक तेजी और पारदर्शिता के साथ किया जा सकेगा। उन्होंने सभी श्रमिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी शिकायतें निर्धारित माध्यमों से दर्ज कराएं।

श्रम विभाग की बड़ी कार्रवाई: नोटिस का जवाब न देने पर 25 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 अप्रैल 2026। जनपद में श्रमिक हितों की सुरक्षा और औद्योगिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा चलाए जा रहे निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। विभाग ने कारण बताओ नोटिस का जवाब न देने पर 25 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं।

अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत संविदाकारों द्वारा श्रम कानूनों के अनुपालन में अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें नोटिस जारी किए गए थे। निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत न करने पर यह कठोर कार्रवाई की गई है।

ESI और PF विभाग को भेजी गई सूची

अपर श्रमायुक्त ने बताया कि निरस्त किए गए सभी संविदाकारों की सूची कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESI) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (PF) को भी भेज दी गई है, ताकि संबंधित विभाग अपने-अपने अधिनियमों के तहत आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कर सकें।

श्रमिक हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि जनपद की औद्योगिक इकाइयों में शांति व्यवस्था बनाए रखना और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अपर श्रमायुक्त ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी अवैध गतिविधियों में संलिप्त संविदाकारों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

जनपद में तरणतालों और जिमों पर सख्ती, मानकों के उल्लंघन पर 8 स्थानों का संचालन बंद

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 अप्रैल 2026। जनपद में तरणतालों (स्विमिंग पूल) और जिमों के मानकों के अनुरूप संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा जांच अभियान जारी है। अब तक कुल 30 जिम और तरणतालों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें अनियमितताएं पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई है।

तरणताल/जिम तकनीकी समिति के अध्यक्ष एवं डिप्टी कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान 8 स्थानों पर आवश्यक मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध नहीं पाई गईं। इस पर संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक संचालक नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं देते और सभी मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इन तरणतालों और जिमों का संचालन पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

लगातार चलेगा औचक निरीक्षण अभियान

डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और समय-समय पर औचक निरीक्षण किए जाएंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानक उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

स्विमिंग पूल के लिए सख्त मानक अनिवार्य

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से स्विमिंग पूल संचालन के लिए 16 महत्वपूर्ण मानक अनिवार्य किए गए हैं। इनमें फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान, सीसीटीवी कैमरे, प्रशिक्षित लाइफगार्ड, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, पीएच लेवल रिपोर्ट, अग्निशमन व्यवस्था और सुरक्षा रजिस्टर जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

साथ ही, नजदीकी अस्पताल, थाना-चौकी के संपर्क नंबर, गहराई के चिन्ह, और सुरक्षा गार्ड की तैनाती भी अनिवार्य की गई है।

जिम संचालन के लिए भी कड़े नियम

जिम संचालन को लेकर भी 14 सख्त मानक निर्धारित किए गए हैं। इनमें सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी, प्रशिक्षित ट्रेनर, आपातकालीन चिकित्सा उपकरण, मशीनों की सूची, अलग चेंजिंग रूम, डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान और सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य की गई है।

इसके अलावा जिम में किसी भी प्रकार की दवाइयों या सप्लीमेंट्स की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी दुर्घटना की स्थिति में जिम संचालक को जिम्मेदार माना जाएगा।

प्रशासन का सख्त संदेश

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी संचालकों को नियमों का पूर्ण पालन करना होगा। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

आंगनवाड़ी केंद्रों पर अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का सफल आयोजन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 अप्रैल 2026। बिसरख ब्लॉक के अंतर्गत बादलपुर सेक्टर में आज तीन आंगनवाड़ी केंद्रों पर अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के समग्र विकास, पोषण और शैक्षिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पूजा तथा सुपरवाइजर विनोद कुमारी द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

अभिभावकों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

बैठक के दौरान अभिभावकों को PTM के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक माह आयोजित होने वाली यह बैठक बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को समझने एवं सुधारने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

पोषण और खेल आधारित शिक्षा पर जोर

इस माह की बैठक में नए बच्चों का स्वागत, पोषण पाठशाला के माध्यम से संतुलित आहार की जानकारी तथा खेल-आधारित गतिविधियों के जरिए बच्चों के विकास पर विशेष चर्चा की गई। आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने अभिभावकों को बताया कि खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया बच्चों की क्षमता को बेहतर बनाती है।

आंगनवाड़ी स्टाफ की रही सक्रिय भूमिका

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेणु, रूमी शर्मा, ममता, रेखा, ऊषा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संवाद और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ किया गया। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

जारचा पुलिस की कार्रवाई: अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना जारचा पुलिस ने अवैध शस्त्र के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दयानगरझछांयसा मार्ग से अभियुक्त शोएब पुत्र नूर मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से .315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मूल रूप से ग्राम आलमपुर, थाना राजमहल, जिला साहिबगंज (झारखंड) का निवासी है और वर्तमान में बीसा कॉलोनी, थाना कोतवाली देहात, जनपद बुलंदशहर में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बताई गई है।

इस मामले में थाना जारचा पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध शस्त्रों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पश्चिमी यूपी में 200 एकड़ में बनेगा भगवान परशुराम धाम, नोएडा में भी बनेगा परशुराम भवन

नोएडा। राष्ट्रीय परशुराम परिषद ने मंगलवार को नोएडा में आयोजित प्रेसवार्ता में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भव्य परशुराम धाम के निर्माण की मांग प्रमुख रूप से उठाई। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि करीब 200 एकड़ भूमि में इस धाम को विकसित करने की योजना है, जिसके लिए सरकार और विभिन्न सामाजिक संगठनों से बातचीत जारी है। साथ ही नोएडा में परशुराम भवन निर्माण की भी घोषणा की गई।

गोवा में पहली बार सात दिवसीय महोत्सव

प्रेस वार्ता में परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) विनय शर्मा ने बताया कि परशुराम अवतरण दिवस के अवसर पर गोवा में 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भव्य सात दिवसीय महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन गोवा सरकार और राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद समुद्र तट पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पहली बार भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसे अब नियमित रूप से करने की योजना है।

गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति

इस आयोजन में प्रमोद सावंत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दामू नाइक और परिषद के संस्थापक एवं पूर्व राज्य मंत्री सुनील भराला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 10 हजार लोगों की सहभागिता बताई गई।

धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक संदेश

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। मान्यता है कि उन्होंने अपने परशु से समुद्र को पीछे हटाकर गोवा (प्राचीन गोमंतक) और गोकर्ण क्षेत्र की रचना की थी, जिससे यह क्षेत्र उनकी तपोभूमि के रूप में प्रसिद्ध है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कथा, भजन, यज्ञ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। परिषद ने कहा कि भगवान परशुराम से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर उनके जीवन मूल्यों और संस्कारों को समाज तक पहुंचाना आवश्यक है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर कुमार शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिवानी सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आकांक्षा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नोएडा पुलिस की कार्रवाई: 1.17 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलो 170 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से सेक्टर-10 पार्क के पास से अभियुक्त आकाश पुत्र राम नारायण को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से जे.जे. कॉलोनी, मदनपुर खादर, थाना जैतपुर, जिला दक्षिण-पूर्वी दिल्ली का निवासी है और उसकी उम्र करीब 23 वर्ष बताई जा रही है।

थाना फेस-1 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस का कहना है कि जनपद में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की नोएडा बैठक संपन्न, जून 2026 में विशाल सम्मेलन की तैयारी तेज

समाज जागरण

नोएडा। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की जिला नोएडा महानगर कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर-19 स्थित निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर चन्द्र पोरवाल उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जून 2026 में प्रस्तावित वैश्य समाज के विशाल सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार करना और नोएडा से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए, जिन्हें राष्ट्रीय अधिवेशन में रखने के लिए प्रदेश अध्यक्ष को अधिकृत किया गया।

पारित प्रमुख प्रस्ताव

बैठक में समाज को संगठित और मजबूत बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए–

वैश्य समाज के विभिन्न घटकों के बीच रोटी-बेटी संबंध स्थापित करने पर जोर

गरीब कन्याओं के विवाह सम्मेलनों में वैश्य समाज के भीतर ही विवाह को प्राथमिकता

महिलाओं और युवाओं की भागी-दारी बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम

युवाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाने पर बल

युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए समिति गठन, जो व्यापारियों एवं उद्योगपतियों से समन्वय करेगी

संगठन विस्तार पर जोर

नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का आरोप, बैठक रद्द होने से भड़का आक्रोश

नोएडा। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बार-बार आश्वासन के बावजूद किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

अशोक चौहान के अनुसार, वर्ष 2025 में संगठन द्वारा नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन शुरू किया गया था। उस दौरान प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किसानों के साथ बैठक कर एक समिति गठित की थी और आश्वासन दिया गया था कि किसानों के प्रत्यावेदन पर सुनवाई कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

हालांकि, किसानों का आरोप है कि गठित समिति ने उनके मुद्दों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

इसके बाद 10 दिसंबर 2025 को पुनः एक नई समिति बनाई गई, लेकिन वह भी निष्क्रिय रही।

तय बैठक भी नहीं हुई

किसानों के अनुसार, 10 अप्रैल 2026 को प्राधिकरण की ओर से पत्र जारी कर 21 अप्रैल को शाम 4 बजे बोर्ड रूम में बैठक तय की गई थी। निर्धारित समय पर किसान प्रतिनिधि–अशोक चौहान, डीपी चौहान और राजकुमार–बोर्ड रूम पहुंचे और शाम 5 बजे तक इंतजार करते रहे, लेकिन कोई अधिकारी मौजूद नहीं मिला।

बाद में पुलिस अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर जानकारी दी कि उस दिन समिति की बैठक संभव नहीं हो पाएगी। यह सुनकर किसानों में नाराजगी और बढ़ गई।

अधिकारियों पर आदेश न मानने का आरोप

किसानों का कहना है कि प्राधिकरण के निचले स्तर के अधिकारी शीर्ष अधिकारियों के निदेर्शों का पालन नहीं कर रहे हैं और किसानों को बार-बार गुमराह किया जा रहा है।

अशोक चौहान ने कहा कि इस मामले की शिकायत जल्द ही मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश से की जाएगी।

आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे दोबारा आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

जायंट्स सेवा समर्पण सप्ताह के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

समाज जागरण

चन्दौसी। जायंट्स सेवा समर्पण सप्ताह के अंतर्गत जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एवं वूमेन प्राइड द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2026, रविवार को बी.एस. हॉस्पिटल (चन्दौसी) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा जरूरतमंदों की सहायता करना रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. सुधा चौधरी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की।

इसके पश्चात चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सुरक्षित तरीके से रक्तदान करना पूरी तरह लाभकारी एवं समाजसेवा का श्रेष्ठ माध्यम है।

शिविर में रक्तदान के इच्छुक नागरिकों का पंजीकरण कर डॉक्टरों एवं नर्सों की देखरेख में सुरक्षित वातावरण में रक्तदान कराया गया। रक्तदाताओं को जूस एवं फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, पदमा भार्गव, सुभाष रूस्तगी, अनु रस्तोगी, फेडरेशन ऑफिसर शुभा कागजी तथा तीनों ग्रुप की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल एवं अंजली चौधरी (डीओए) सहित वंदना गुप्ता, प्राची अग्रवाल, रेशू अग्रवाल (डीओएफ), सुनीता अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, गीताली अग्रवाल एवं सहयोगी टीम के सदस्य–अग्रवाल विधि गोयल, पल्लवी भारद्वाज, सुमेघा अग्रवाल, प्रियांशी, काव्या, शिखा आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

गुन्नौर ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

समाज जागरण

गुन्नौर ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार उर्फ हनी यादव व खण्ड विकास अधिकारी कमल कांत ने सभी ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि गांवों के मुख्य मार्गों पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रहे। यदि किसी गांव के मुख्य रास्तों पर कूड़ा पड़ा पाया तो संबंधित गांव के पंचायत सचिव के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार उर्फ पप्पू यादव, यादराम यादव, विजय सिंह प्रधान, दयाशंकर यादव, सहित प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

दुकान के गले से रुपए चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मडावर।सोमवार को शमशीद पुत्र अब्दुल हमीद कस्बे के मोहल्ला फराशटोली निवासी ने मंडावर थाने मे चोरी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी की रविवार को अफसर उर्फ भूरा पुत्र मोहम्मद यामीन कस्बे के ही मोहल्ला बाजार कला निवासी ने मेरी दुकान के गल्ले से छःहजार रुपए चोरी कर लिए थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। और आरोपी की तलाश मे जुट गई थी, वही सोमवार को मडावर पुलिस ने आरोपी अफसर उर्फ भूरा को छःहजार रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार कर उचित धाराओं में चालान कर दिया है।वही थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की अपराधियो को किसी भी किमत पर बक्शा नही जाएगा।

हिरण की टक्कर लगने से बालक घायल

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर। घर के बाहर खेल रहा बच्चा गाँव मे घुसे हिरन से टकराकर घायल हो गया परिजनों ने उसे घायल अबस्था मे निजी अस्पताल मे भर्ती कराया।

सुबह सात बजे के करीब गाँव तिमरपुर मे आवारा कुत्तो के हमले से बचने के लिए एक हिरन खेतो से निकल कर गाँव मे आ घुसा ओर घर के बाहर खेल रहे अरवाज के पांच वर्षिय बेटे अरान से टकराकर खेतो की ओर भाग गया।जिसमे अरान घायल हो गया,परिजनों ने घायल अबस्था मे उसे चंदक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

झौंपडी में आग लगने से जला घरेलू सामान

समाज जागरण

फिरोजाबाद। अज्ञात कारणों से सलेमपुर जसराना ठार में मौजूद झौंपडी में आग गई। आग लगने से उसमें रखा घरेलू सामान एवं नगदी जलकर राख हो गई। पीडित ने शासन एवं प्रशासन से मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

थाना जसराना क्षेत्र के गांव सलेमपुर जसराना की ठार पर मुन्नालाल परिवार के साथ झौंपडी डालकर निवास करते हैं। वह परिवार के अन्य लोगों के साथ मंगलवार को खेत काटने गए थे। इसी दौरान अचानक उनकी झौंपडी से आग की लपटें निकलने लगी। लोगों ने आग की लपटें निकलते देखी तो मुन्नालाल को बताया। वहीं लोगों ने अपने प्रयासों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जब तक आग बुझती आग से सब कुछ जलकर राख हो गया। पीडित ने बताया झौंपडी में घरेलू सामान के साथ बीस हजार रुपए नगद रखे हुए थे।

जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन, किया गया सम्मानित

समाज जागरण

चन्दौसी। दिनांक 21 अप्रैल 2026 को एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटे बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय की संचालिका श्रीमती संगीता भार्गव द्वारा प्रदान किया गया।

विद्यालय के बच्चों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि अपनी प्रतिभा का भी उत्कृष्ट परिचय दिया। यह प्रतियोगिता रविवार, 19 अप्रैल 2026 को मुरादाबाद स्थित एस.एस. चिल्ड्रेन एकेडमी, कांठ रोड में आयोजित की गई थी, जिसमें जिले भर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन देवेंद्र राणा द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में चन्दौसी से कुल 14 बच्चों की टीम ने हिस्सा लिया, जिनमें से 11 बच्चे एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल के थे। सभी प्रतिभागियों ने स्केटिंग में बेहतरीन संतुलन, गति एवं तकनीक का प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया।

प्रतियोगिता में आर्यन सांगवान ने प्रथम स्थान, ऐश चौधरी ने द्वितीय स्थान तथा अनाश्वी अग्रवाल, मयेशा वार्ष्णेय, मयेशा मयंक और सांची अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के पीछे कोच हर्ष राणा का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बच्चों को स्केटिंग की तकनीकों के साथ-साथ अनुशासन, संतुलन और आत्मविश्वास का भी प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका श्रीमती संगीता भार्गव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने भी बच्चों और कोच के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रिश्तेदारी में आए युवक को बंधक बनाने का आरोप, पुलिस ने प्रेम प्रसंग बताया

दैनिक समाज जागरण

संभल। असमोली थाना क्षेत्र में एक युवक को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता मां ने पुलिस से शिकायत कर अपने बेटे को सकुशल छुड़ाने की गुहार लगाई है। घटना लाल मस्जिद के पास की बताई जा रही है, जिससे परिजनों में चिंता का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ग्राम रुस्तमपुर नगर सहसपुर, बिलारी (जनपद मुरादाबाद) निवासी रुकसाना, पत्नी स्वर्गीय युसूफ, अपने बेटे फैजान के साथ 20 अप्रैल को असमोली क्षेत्र के ग्राम शाहबाजपुर कलां में रिश्तेदारी में आई थीं। आरोप है कि इसी दौरान लाल मस्जिद के पास रहने वाले याकूब पुत्र मोहम्मद शमी ने किसी बात को लेकर फैजान को अपने घर में बंद कर लिया और बंधक बना लिया।

पीड़िता के अनुसार काफी देर तक बेटा घर नहीं लौटा तो उन्हें घटना की जानकारी मिली। बेटे की सुरक्षा को लेकर चिंतित मां ने तत्काल थाना असमोली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

वहीं, इस मामले में मंसूरपुर चौकी प्रभारी रोहित मलिक ने बताया कि उन्हें तहरीर प्राप्त हुई है, लेकिन प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। उनके अनुसार शाहबाजपुर कलां की एक लड़की रुस्तमपुर नगर सहसपुर, बिलारी निवासी युवक के घर पहुंच गई थी और दोनों का निकाह हो चुका है।

वृक्षारोपण के लिए भूमि चिन्हांकन कर वन विभाग को दें सूचना: डीएम जसजीत कौर

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो: शमीम सिद्दीकी

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़े भूमि क्षेत्रों का चिन्हांकन कर उनकी सूची वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक गांव में छोटे-छोटे वन विकसित करने के लिए उपयुक्त भूमि का चयन भी किया जाए।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगा एवं अन्य नदियों के किनारे वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त स्थान चिन्हित कर उसकी जानकारी वन विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा सके। साथ ही मालन नदी के अतिक्रमण वाले क्षेत्रों की निशानदेही कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, जिससे नदी के प्रवाह में बाधा न उत्पन्न हो।

गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ब्लॉक मुहम्मदपुर देवमल क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर, दयालपुर सहित अन्य गांवों के नालों का पानी गंगा में प्रवाहित न होने पाए।

पर्यावरण समिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने वायु प्रदूषण के मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, जुमार्ना एवं चालानों में वृद्धि करने के निर्देश दिए। बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की समीक्षा के दौरान उन्होंने अस्पतालों में शत-प्रतिशत बारकोडिंग सुनिश्चित कराने तथा उसी के आधार पर कचरे के निस्तारण के निर्देश दिए।

मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में गुलदार की घटनाएं सामने आ रही हैं, वहां जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में पिंजरे लगाए जाएं तथा पंचायत राज विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर टीमों का गठन कर उन्हें सक्रिय किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीएफओ जय सिंह कुशवाहा, उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

किरतपुर पुलिस की अब हर गतिविधियों पर होगी नजर

नगीना चौराहे पर लगाए गए 5 लाख रुपयो की लागत से कैमरे

समाज जागरण अजमल अंसारी

जनपद बिजनौर किरतपुर। पुलिस ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर के व्यस्त नगीना चौराहे पर लगभग 5 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए आई कैमरे लगाए गए हैं। इन हाइटेक कैमरो से अब चौराहे पर होने वाली हर गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जा सकती है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ये ए आई आधारित कैमरे सामान्य सीसीटीवी कैमरा से कई अधिक उन्नत है। ये संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर सकते हैं और जरूरत पड़ने पर तुरंत अलर्ट जारी करने में सक्षम है।इससे अपराधियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद है।

नगीना चौराहा शहर का एक भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है जहां दिन भर वाहनों और लोगों की आवाजाही रहती है। इन कमरों की स्थापना से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और असामाजिक तत्वों पर भी प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सकेगा। पुलिस का मानना है कि अब कोई व्यक्ति इन कमरों की निगरानी से बच नहीं पाएगा।

स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है उन्होंने उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और बेहतर होगा।पुलिस प्रशासन ने बताया कि भविष्य में शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी इसी तरह के कैमरे लगाए जाएंगे,जिसका उद्देश्य पूरे नगर को सुरक्षित और अपराध मुक्त मानना है।

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण।

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ विकासखंड अरांव स्थित 600 गौवंशों की क्षमता वाले वृहद गौ संरक्षण केंद्र ग्राम कारीखेड़ा का औचक निरीक्षण किया, यहां पर जिलाधिकारी ने गौवंशों के रखरखाव हरा चारा, भूसा एवं पेयजल की व्यवस्थाओं को बारीकी से जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने यहां की साफ-सफाई गौवंशों के स्वास्थ्य के विषय में भी जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने केंद्र में मौजूद गौवंशों की संख्या का भौतिक सत्यापन किया, साथ ही बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत गौवंशों के लिए पेयजल की व्यवस्था को देखा, उन्होंने निर्देश दिए कि पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता में कोई लापरवाही न बरती जाए, जिलाधिकारी ने यहां स्थापित गोबर गैस प्लांट का भी निरीक्षण किया, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन और ऊर्जा उत्पादन की स्थिति को समझा जा सके, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर वर्तमान में 50 नर गौवंश और 50 बच्चे हैं, इसके साथ ही 8 से 10 गौवंश दुधारू स्थिति में है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आत्मयता दिखाते हुए बछिया को माला पहनाई और गुड़ खिलाया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी दी गई की गौवंशों को विचरण करने हेतु संस्थान में एक बार छोड़ा जाता है, इस पर जिलाधिकारी ने असंतोष जताते हुए निर्देश दिए कि गौवंशों की बेहतर स्वास्थ्य और सुगमता के लिए उन्हें सप्ताह में केवल एक दिन न छोड़कर प्रत्येक 3 दिन के अंतराल पर बाहर छोड़ा जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि वृहद गौशाला कारीखेड़ा की व्यवस्थाओं को और अधिक उन्नत और आधुनिक बनाया जाए, जिससे यह मॉडल गौवंश केंद्र के रूप में स्थापित हो सके।

तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौके पर मौत

बेटा-बहू गंभीर घायल, चालक समेत डंपर पुलिस हिरासत में

समाज जागरण

संभल/असमोलीः असमोली थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जोया-संभल मार्ग पर गांव मदाला के पास तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बेटा और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमरोहा जनपद के थाना डिडौली क्षेत्र निवासी नईम अपनी पत्नी रुखसार और मां रैशाना (40) के साथ बाइक से संभल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे मदाला गांव के पास जोया-संभल मार्ग पर पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रैशाना की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि नईम और रुखसार गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, डंपर और उसके चालक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

गुन्नौर गंगा स्नान के दौरान दो मासूम गंगा में डूबे एक की मौत दूसरे मासूम को सकुशल बचाया

समाज जागरण

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव नदरौली में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब गंगा स्नान के दौरान 11 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। जिस घर से कुछ ही घंटों बाद बारात निकलनी थी, वहीं से मासूम की अर्थी उठी तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव नदरौली निवासी माधव कुमार पुत्र अमित कुमार(11) अपने ताऊ मुकेश कुमार के साथ उनकी ससुराल ईसमपुर डांडा आया हुआ था।

मंगलवार को मुकेश के चचेरे भाई आकाश, पुत्र नेत्रपाल की बारात देवराभूरा जानी थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं।

बताया जाता है कि मंगलवार सुबह मुकेश कुमार अपनी पत्नी मीरा देवी, बच्चों और भतीजे माधव को लेकर ईसमपुर डांडा के कच्चे गंगा घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान माधव और उसका चचेरा भाई यश गंगा में नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले गए। मौके पर मौजूद लोगों ने यश को तो किसी तरह बचा लिया, लेकिन माधव तेज धारा में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंच गए और बालक की तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद माधव का शव जाल में फंसा हुआ बरामद कर लिया गया।

घटना के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया। जहां शहनाई बजनी थी, वहां सन्नाटा पसर गया और बारात की तैयारियां अधूरी रह गईं। परिजनों ने कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। माधव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और पीपीएस स्कूल सैंजना मुस्लिम में कक्षा दो का छात्र था। बेटे की मौत से मां सीमा और पिता अमित कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद नदरौली समेत आसपास के गांवों में शोक की लहर है।

बिजली विभाग की लापरवाही बनी आफत: 11 हजार वोल्ट लाइन गिरते ही धधकी आग, 5 बीघा गेहूं राख

समाज जागरण मुस्कान खान

बिजनौर/स्योहारा। क्षेत्र के ग्राम मलकपुर बुड़ेरन में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा उस समय हो गया, जब 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर खेत में गिर पड़ा। चंद सेकंड में उठी चिंगारी ने किसान की महीनों की मेहनत को राख में बदल दिया और करीब 5 बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी किसान सुधीर चंद त्यागी पुत्र आनंद स्वरूप के खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन करीब दोपहर 12 बजे अचानक टूट गई। तार गिरते ही खेत में खड़ी सूखी गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। मौके से गुजर रहे एक किसान ने तुरंत इसकी सूचना दी, लेकिन जब तक किसान मौके पर पहुंचे, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। देखते ही देखते आग ने पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में लगभग 5 बीघा फसल जलकर राख हो गई। इस भीषण अग्निकांड से किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

ग्रामीणों में आक्रोश

घटना के बाद गांव में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली की लाइनें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं, लेकिन विभाग द्वारा उनकी मरम्मत नहीं कराई जाती। विभागीय लापरवाही का खामियाजा अब किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

मुआवजे और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसान को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए, जर्जर बिजली लाइनों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

एक छोटी सी चिंगारी ने किसान की पूरी मेहनत जला दी–अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी?

चौक बाजार में दुस्साहसिक चोरी: छत के रास्ते घुसे चोर, नकदी व सामान पर किया हाथ साफ

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो: शमीम सिद्दीकी

बिजनौर/नजीबाबाद। नगर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र चौक बाजार में रविवार रात अज्ञात चोरों ने दुस्साहसिक चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस गश्त को चुनौती दे दी। चोरों ने हरिओम वैरायटी स्टोर को निशाना बनाते हुए छत के रास्ते दुकान में प्रवेश कर गल्ले में रखी नकदी समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

जाली काटकर दुकान में घुसे चोर

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 19 और 20 अप्रैल की मध्य रात्रि की है। शातिर चोर दुकान की छत पर चढ़े और जीने में लगी लोहे की जाली को काटकर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखे सामान को खंगालते हुए गल्ले में रखी पूरी नकदी पार कर दी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जब दुकान स्वामी हरिओम अग्रवाल और शुभम अग्रवाल दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर का दृश्य देख उनके होश उड़ गए। दुकान का सामान बिखरा पड़ा था और गल्ला पूरी तरह खाली था।

नोटों के गजरे भी ले उड़े

पीड़ित दुकानदार के अनुसार चोर नकदी के साथ-साथ दुकान में रखे शादी-समारोह में उपयोग होने वाले नोटों के गजरे भी चोरी कर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में रोष और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया। क्षेत्राधिकारी (सीओ) अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अमित कुमार, चौकी प्रभारी विनोद कुमार पांडे एवं एसआई कय्यूम अली ने भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।

सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस को जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर यूटा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सोपा ज्ञापन।

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा के तत्वाधान में वर्तमान में चल रही शिक्षकों की समस्या को लेकर जिलाध्यक्षा डॉ जया शर्मा के दिशानिर्देशन में संगठन के जिला महामंत्री मुकेश राजपूत के नेतृत्व में यूटा फिरोजाबाद ने शिक्षकों की समस्या को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मांग की वर्तमान समय में जनपद में पड़ रही अत्यधिक गर्मी को गर्मी की दृष्टिगत करते हुए धूप व लू के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है अतः विद्यालयों के संचालन का समय परिवर्तन करते हुए प्रातः 7:30 बजे से 12:30 बजे तक करने की कृपा करें यूपीटीईटी की आगामी परीक्षा प्रस्तावित परीक्षा की दृष्टिगत आवेदन करने वाले समस्त शिक्षकों को सामूहिक अनुमति प्रदान करने की कृपा करें शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्य हेतु प्रगणक और सुपरवाइजर के रूप में लगाई गई है परंतु नियुक्त विद्यालय से अधिक दूरी पर लगाई गई है उनके जनगणना ब्लॉक /ड्यूटी विद्यालय की ग्राम पंचायत में ही लगाने की कृपा करें पति पत्नी दोनों की जनगणना ड्यूटी लगी है तो एक को ड्यूटी से मुक्त करने की कृपा करें

इस मौके पर उमा शंकर व्यास उपाध्यक्ष एवं अन्य शिक्षक साथी मौजूद रहे।

मनचले युवक ने युवती के साथ की छेड़छाड़ मारपीट, वीडियो वायरल

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) मनचले युवक द्वारा सरेबाजार युवती के साथ छेडछाड करते हुए मारपीट का वीडियों वायरल हुआ है। सरेबाजार युवती के साथ हुई मारपीट की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने से जहां लोगों में रोष व्याप्त है वही समाजसेवी ने पुलिस से मनचले युवक की गिरफ्तारी की मांग की है। वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां मनचले युवकों को कतई बख्शने के मूड में नही है वही थाना गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव गढी अब्दुल्ला में एक मनचले युवक का सरे बाजार युवती के साथ छेडखानी करने का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियों में एक युवती बाजार से जाती दिखाई दे रही है। इसी दौराने पीछे से आये युवक ने अचानक युवती को दबोच लिया और उसको जबरन पकडकर अपने साथ आगे दूसरी गली में लगे गया। जहां युवती के साथ अपशब्द का प्रयोग करते हुए पहले हाथ मरोडा और बाद में मारपीट की। जब युवती मारपीट के बाद जमीन पर बैठ गई तो आरोपी युवक यही नही थमा और जाते जाते युवती के पेट में लात मारकर फरार हो गया। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामला दो दिन पुराना होने के बावजूद गढीपुख्ता पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नही की। समाजसेवी मुनव्वर जंग का कहना है कि युवती के साथ सरेबाजाद में हुई छेडखानी पर सवाल उठता है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का पालन करने में गढीपुख्ता पुलिस नाकाम है। दो दिन बाद भी आरोपी युवक की गिरफ्तारी नही हुई है। घटना के संबंध में एएसपी सुमित शुक्ला का कहना है घटना के संबंध में मुकदमा लिखा गया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी।

एमएससी छात्रों का शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय जनरल में दूसरी बार प्रकाशित

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के आरके पीजी कॉलेज के भौतिकी विभाग में एमएससी छात्रों का शोध पत्र दूसरी बार अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह विश्वविद्यालय का परास्नातक कक्षाओं में दूसरा अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र है, और एमएसयू के आरके कॉलेज शामली ने शोध और नवाचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है।

आरके पीजी कालेज के प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में एमएससी भौतिकी के छात्र आशुतोष शर्मा ने उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र को विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक स्प्रिंगर नेचर के जर्नल ऑफ मॉलिक्यूलर मॉडलिंग में प्रकाशित कराया है, जिसका इम्पैक्ट फैक्टर 2.5 है। यह शोध पत्र विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुभव आधारित अधिगम के उद्देश्य की भी सफलता का प्रतीक है। यह शोध पत्र पाइथन मॉडलिंग को नैनोटेक्नोलॉजी में विस्तार से समझाता है, जो ग्रेफीन और कार्बन नैनो ट्यूब्स जैसे वंडर मटेरियल्स के 3डी विजुअलाइजेशन में मदद करता है। इस शोध का योगदान विशेष रूप से स्नातक और परास्नातक भौतिकी और रसायन विज्ञान के छात्रों के लिए पायथन मॉडलिंग को सिखाने में अत्यंत उपयोगी साबित होगा। शोध पत्र के प्रकाशित होने से न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में शिक्षा और शोध के प्रति नए दृष्टिकोण को भी प्रोत्साहित करता है।

रॉक गोल्ड एकेडमी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) लायंस क्लब शामली सेनेर्जी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरित वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम रॉक गोल्ड एकेडमी परिसर में संपन्न हुआ।

मंगलवार को क्लब के सदस्यों ने कई छायादार और फलदार वृक्षों का रोपण किया। उन्होने कहा कि पौधारोपण से क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा। कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और हर व्यक्ति को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में परियोजना अध्यक्ष प्रियांक गोयल, सिद्धार्थ गर्ग, विश्वास, तुषार धवन, वैभव गुप्ता, मोहित कांबोज और पुनीत जैन ने भाग लिया।

अभिनेता राहुल रॉय का बीपीएन जूनियर हाईस्कूल के छात्र छात्राओं ने किया भव्य स्वागत

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) बॉलीवुड फिल्म आशिकी के अभिनेता राहुल रॉय ने मंगलवार को बीपीएन जूनियर हाई स्कूल, कांधला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया और उनके साथ बातचीत की। बच्चों ने उन्हें अपने द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित कार्ड भेंट किए और पुष्पों से उनका स्वागत किया।

अभिनेता राहुल रॉय शामली जिले के एक दिवसीय दौरे पर थे। उन्होने छात्रों की विभिन्न प्रतिभाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी हुई कि छोटे कस्बों में भी बच्चों में ऐसी कड़ी मेहनत और हुनर है। स्कूल की संचालन समिति की अध्यक्षा अलका चौहान, डॉ. जनेश्वर चौहान, और प्रबंधक श्वेता चौहान ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रधानाचार्या शमा प्रवीण ने राहुल रॉय को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया और उन्हें स्कूल की सुविधाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बीपीएन जूनियर हाई स्कूल जो एक छोटे कस्बे में स्थित है, अपने छात्रों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। इस अवसर पर कुशांक चौहान, पराग जैन, अजय जैन, अमन मिर्जा, विपिन चौहान, अजय चौहान, गोपाल चौहान, राहुल चौहान, आजम चौहान, विनोद कश्यप, विकास सैनी, विशाल सैनी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को शामली कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए उनकी शीघ्र समाधान की मांग की गई।

दिए ज्ञापन में कहा कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों के बीच तिथि के आधार पर विभेद को हटाया जाए और उन्हें आठवें वेतन आयोग के दायरे में लाया जाए। पेंशनरों, कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए अलग सीपीआई बनाई जाए, जैसा कि भारत सरकार के राजपत्र में दिनांक 29 अगस्त 2008 को प्रकाशित निर्णयों में उल्लेख किया गया है। न्यायालय के निर्णय के अनुसार ओपीएस बहाल किया जाए, क्योंकि लंबी सेवा अवधि और लंबित वेतन नान-कान्ट्रिब्यूटरी अनफंडेड नहीं हैं। पेंशनरों के राशिकरण की कटौती 10 वर्ष के बाद बंद की जाए। 65 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद प्रत्येक पांच साल में पेंशन में 5 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। पेंशन को आयकर से मुक्त किया जाए।कोरोना काल का 18 माह का डीए एरियर का भुगतान किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जाए। आयुष्मान भारत योजना में कैशलेस उपचार की सीमा 10 लाख तक की जाए। महंगाई भत्ते को 50 प्रतिशत से अधिक होने पर उसे मूल वेतन/पेंशन में मर्ज किया जाए। मौके पर अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह, बालकिशन आर्य, राजबीर त्यागी, नवरत्न शर्मा, आरपी शुक्ला, ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित कार ने मजदूरों को मारी टक्कर, तीन श्रमिक और कार चालक घायल

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

क्षेत्र के गांव भाज्जू के निकट फ्लाईओवर के नीचे गेंहू निकालने के मशीन लिए खडे श्रमिकों को एक कार सवार द्वारा टक्कर मारकर घायल कर दिया गया। हादसे में कार सवार भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायलों को डायल 112 पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनको उपचार दिया गया।

क्षेत्र के गांव भाज्जू निवासी करीब आठ श्रमिक हाईवे फ्लाईओवर के पुल के नीचे गेंहू निकालने की मशीन लेकर खडे थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां से आ रहे एक कार चालक ने अपना नियंत्रण खोते हुए गेंहू निकालने की मशीन में टक्कर मार दी। जिससे उसके पास खडे श्रमिक सन्नी, राहुल और सागर गंभीर रूप से घायल हो गए। वही हादसे में कार चालक ईनाम निवासी बसी शाहपुर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ईनाम की हालत नाजुक होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे में कार व गेंहू निकालने की मशीन भी क्षतिग्रस्त हुई है। इसके अवाला पास में ही तितावी से शामली आ रहे बाइक सवार प्रताप का संतुलन बिगडने से वह गंभीर रूप से घायल हुआ है।

गन्ना फसल बचाने को खेतों में उतरे मिल अधिकारी, मलकपुर में किया निरीक्षण

- चोटी बेधक कीट से बचाव के लिए किसानों को दी दवा प्रयोग की अहम सलाह

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

अपर दोआब शुगर मिल्स, शामली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मलकपुर में चीनी मिल अधिकारियों द्वारा गन्ना फसल का निरीक्षण कर किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान खेतों में खड़ी फसल की स्थिति का जायजा लिया गया और कीट प्रबंधन को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की गई।

चीनी मिल के गन्ना विकास प्रमुख सी.पी. मलिक ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि इस समय गन्ना फसल में चोटी बेधक कीट का प्रकोप बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे समय रहते अपने खेतों में उचित कीटनाशकों का प्रयोग करें, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके।उन्होंने बताया कि किसान भाई कोराजन, नेटजन अथवा वॉलियम की 150 मिलीलीटर मात्रा को 400 लीटर पानी में घोल बनाकर गन्ने की जड़ों के पास ड्रेंचिंग करें। इसके अलावा फटेर्रा या नटेरा दानेदार की 8 किलोग्राम मात्रा अथवा फ्यूराडान 12 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करना भी प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि कीट नियंत्रण के लिए यह समय सबसे उपयुक्त है, इसलिए किसान इस माह के अंतिम सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह तक किसी एक रसायन का प्रयोग अवश्य कर लें।निरीक्षण के दौरान किसानों को उन्नत खेती के तरीकों और समय पर कीट नियंत्रण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर चीनी मिल के सुपरवाइजर नेत्रपाल सिंह के साथ उन्नतिशील कृषक जुनैद प्रधान, साजिद, इनाम, कौशर, जीशान और इरशाद सहित अन्य किसान भी मौजूद रहे।

आधा दर्जन से अधिक लोगों ने युवक पर किया लाठी डंडों से हमला, हालत गंभीर

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजोवाला में गत रात कुछ लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक युवक को लाठी ठंडों से हमला कर घायल कर दिया। मोहल्ला राजोवाला निवासी शाहिद पुत्र मुस्तफा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रात करीब 9 बजे जब वह अपने पिता के मकान पर मौजूद था। तभी काला उर्फ खुर्शीद, सद्दाम, मुरसलीन, पम्मू, मोनिस और 4-5 अज्ञात व्यक्तियों ने उसे घेर लिया। इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौच की और मारपीट कर गंभीर चोटें पहुचाईं। पीडित ने अपना मेडिकल कराकर मामले की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

बुढ़ाना मार्ग पर बाइक और आइसक्रीम वाहन की भिड़ंत, दोनों चालक घायल

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित गांव अटटा के समीप मंगलवार को बाइक और आइसक्रीम वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।कस्बा निवासी रोहित आइसक्रीम बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। मंगलवार को वह अपने वाहन में आइसक्रीम भरकर बुढ़ाना मार्ग स्थित देहात क्षेत्र की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव अटटा के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे गांव डुंगर निवासी अनुज मलिक की बाइक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में दोनों चालक घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने दोनों घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।खबर लिखें जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

डायलिसिस मशीन चालू न होने पर, सीएमओ पर पूर्व विधायक के आरोप

- पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल व उनके पुत्र अखिल बंसल ने क्षेत्र में किए गए कार्य गिनाए, कहां की लगातार करते रहेंगे जनता की सेवा

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

नगर के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित जैन रेस्टोरेंट में अग्रवाल समाज के नेतृत्व में प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रेस वार्ता का संचालन समाजसेवी अमन मित्तल ने किया इस दौरान नगर के दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुद्दे उठाए गए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने शामली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांधला के सरकारी अस्पताल में स्थापित डायलिसिस मशीन को जानबूझकर चालू नहीं कराया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएमओ किसी बड़े घोटाले में संलिप्त हैं और इसी कारण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।राजेश्वर बंसल ने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज हैं, जो आर्थिक तंगी के कारण निजी अस्पतालों में डायलिसिस कराने में असमर्थ हैं। ऐसे में सरकारी अस्पताल में डायलिसिस मशीन का संचालन अत्यंत आवश्यक है, ताकि गरीबों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मशीन चालू नहीं की गई तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की गईं, जिनमें आठ स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना, एक दर्जन से अधिक विद्यालयों में 534 बेंच उपलब्ध कराना, करीब 2000 बच्चों को बैग और 3500 बच्चों को जर्सी वितरित करना शामिल है। इसके अलावा 35 छात्राओं को साइकिल भी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की आठ बड़ी ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या के समाधान के लिए वॉटर टैंक स्थापित कराए गए, जिससे ग्रामीणों को समय पर पानी उपलब्ध हो सके। साथ ही 15 गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कूड़ा उठाने के लिए ई-रिक्शा भी वितरित की गईं।

प्रेस वार्ता के दौरान अखिल बंसल, किसान नेता कुलदीप पवार, रोहित गुप्ता, अमन मित्तल, सचिन गोयल, ईश्वर दयाल, कन्हैया चावल, विकी जैन, अमित गोयल, पवन कंसल, विष्णु प्रसाद अग्रवाल और मेहर चंद सिंघल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने से मौत

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

बुर्जुग की मौत के बाद अंतिम संस्कार में गए एक व्यक्ति की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी 73 वर्षीय बलबीर सिंह का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह जब बलबीर सिंह के शव को दिल्ली रोड स्थित शमशान घाट पर लेकर पहुंचे तो इसी दौरान अंतिम यात्रा में आये पडौसी रामकुमार जांगिड की शव को देख अचानक तबीयत खराब हो गई। आनन फानन में रामकुमार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक ही मोहल्ले में दो लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में मातम पसरा रहा।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक का पैर कटा, गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के खंद्रावली स्टेशन पर खड़े एक युवक को ट्रेन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक पैर कट गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी मोनू कुमार स्टेशन पर ट्रेन में सवार होकर रिश्तेदारी में जाने के लिए खड़ा था। इसी दौरान शामली से दिल्ली जा रही ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक का पैर कट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी मिलने पर कल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायल को अपने साथ लेकर हायर सेंटर के लिए लेकर चले गए।

अपहृत बालक बरामद, महिला समेत दो गिरफ्तार

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग)कोतवाली पुलिस ने अपहृत तीन वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर लिया। मामले में महिला सहित दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

नगर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी सना ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 19 अप्रैल की प्रातः करीब दस बजे वह मजदूरी के लिए गई हुई थी। आरोप था कि हनीफा निवासी मोहल्ला खैल कांधला अपने पुत्र परवेज के अलावा अपनी पुत्री शबनम व दामाद मुजाहिद निवासी मोहल्ला इस्लामनगर को लेकर आई। आरोपियों ने उसके तीन वर्षीय पुत्र अली का अपहरण कर लिया गया।इस दौरान आरोपी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ ही अपहृत बालक को बरामद कर लिया। इसके अलावा गुलिस्ता व महबूब निवासीगण मोहल्ला इस्लामनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि उपरोक्त आरोपियों के नाम पुलिस विवेचना में प्रकाश में आए थे। मामले में आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

नशा कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार; 684 ग्राम चरस बरामद

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 684 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित जन्नत कॉलोनी में काफी समय से मादक पदार्थों की बिक्री की शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने टीम गठित कर तस्करों को पकड़ने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर कलीम पुत्र इस्ताखार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसके पास से चरस बरामद हुई। कलीम की निशानदेही पर पुलिस ने कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी सादिक पुत्र रुकमदीन को भी गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, दोनों के कब्जे से 684 ग्राम चरस बरामद हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों तस्करों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मादक पदार्थों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।गौरतलब है कि नगर एवं आसपास के क्षेत्र में सैकड़ों युवा नशे की चपेट मे है।

किशोरी को ले जाने में मुकदमा

समाज जागरण

कैराना। किशोरी को ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

गांव पावटीकलां निवासी व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 18 अप्रैल की प्रातः छह बजे गांव के ही रहने वाले नितिन व पीयूष उसकी 14 वर्षीय पुत्री को अपने साथ ले गए। आरोपी नितिन उसकी पुत्री व पीयूष को कहीं पर छोड़कर अपने घर आ गया, जो लगातार उनके संपर्क में है। मामले में पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

कानपुर में हावी दबंग मारपीट के साथ फाड़ रहे पुलिस की वर्दी, रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। एक समय ऐसा भी था, जब लोग पुलिस के एक कांस्टेबल को देखकर न केवल भयभत हो जाते थे बल्कि अपने घरों से बाहर निकलने का भी साहस तब तक नहीं करते थे जब तक वह पुलिस वाला चला नहीं जाता था। और उस समय गांव में रहने वालों की हालत तो और भी पतली हुआ करती थी। वहां तो कॉन्स्टेबल को छोड़िए, अगर केवल गांव का चौकीदार ही किसी गली से निकल जाता था तो पूरे गांव में दहशत सी फैल जाती थी, लेकिन बदलते समय के साथ आज हालात वैसे नहीं रहे। अब तो पुलिस के साथ ही मारपीट और वर्दी फाड़ने जैसी घटनाएं आएदिन अक्सर घटित होती रहती हैं। इसी आशय की पुष्टि करने वाली दो घटनाएं इस महानगर में भी हुई, जहां दबंगों ने ना केवल पुलिस के साथ मारपीट की बल्कि उसकी वर्दी भी फाड़ डाली।फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पहला मामला नजीराबाद थाना क्षेत्र का है जहांगाड़ी हटाने से जुड़ी एक घटना में पुलिस के साथ मारपीट और वर्दी फाड़ने की घटना हुई। यातायात सिपाही राकेश कुमार मिश्रा के अनुसार वह गुमटी स्थित बाटा चौराहा पर ड्यूटी पर तैनात थे। आरोप है कि बीच सड़क पर खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर चालक ने गाली-गलौज की और साथियों को बुलाकर मारपीट की।

कोताना में हुई न्याय पंचायत लु-हारी की शिक्षक संकुल की बैठक

समाज जागरण

बागपत। न्याय पंचायत लुहारी की शिक्षक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय कोताना नंबर दो में आयोजित की गई। इसमें प्रत्येक विद्यालय से रोस्टर के अनुसार शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में ए आर पी संगीता अग्रवाल उपस्थित

रही। उन्होंने अप्रैल 2026 की संकुल बैठक के एजेंट को विस्तार से बताया। जिसमें वार्षिक कैलेंडर, हाउसहोल्ड सर्वे, पुस्तकालय, टाइम टेबल, मासिक शिक्षण योजना, दैनिक शिक्षा योजना, स्कूल चलो अभियान, नारी वंदन अभियान आदि बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी दी गई। बैठक में प्रधानाध्यापक रवि कुमार, अशोक अंतिल, वीरेंद्र, महेश, नीलू सिंह, मनीष, अनुज, कमलेश,अजय पाल ,नजमा, सत्यपाल, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

कोणार्क विद्यापीठ में यूपीएससी में चयनित कोमल मावी का किया अभिनंदन

समाज जागरण

बागपत। कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेकड़ा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूपीएससी -2025 की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 314वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाली मेधावी छात्रा कोमल मावी का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर

विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा, उपप्रबंधक अंकित धामा एवं प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने कोमल मावी और उनके परिजनों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कोमल के साथ उनके पिता जसराम मावी उनकी माताजी, चाचा प्रदीप मावी एवं श्रीओम मावी भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा ने अपने संबोधन में कोमल की सफलता को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और अन्य विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सूर्यांश यादव ने किया। इस अवसर पर शक्ति राजदान नलिनी शर्मा सविता शर्मा विनी शर्मा मेघा धामा शशि त्रिपाठी मंजू गुप्ता रितु तेवतिया पायल चौहान गुलशन चौहान वरुण वर्मा नरेश कुमार बिशप शर्मा अजीत सिंह मंजू रानी मोनिका शर्मा मनीष धामा आदि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

सांप के डसने से किसान की मौत, सदमे में बड़े भाई का भी निधन

समाज जागरण

बागपत। किरठल गांव में मंगलवार को एक ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। खेत की सिंचाई कर रहे 72 वर्षीय ओमपाल सिंह टिकरिया को सांप ने डस लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। यह दुखद समाचार सुनकर मेरठ में रह रहे उनके बड़े भाई राजपाल सिंह को हृदयाघात हो गया, जिससे उनकी भी मौत हो गई। एक ही दिन दो भाइयों के निधन से पूरे परिवार और ग्रामीणों में शोक व्याप्त है। ओमपाल सिंह टिकरिया मंगलवार को अपने खेत में सिंचाई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक सांप ने उनके पैर में काट लिया। जहरीले दंश के प्रभाव से उनके शरीर में तुरंत लकवे जैसे लक्षण दिखाई देने लगे। स्वजन उन्हें तत्काल बड़ौत ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, मेरठ में निवास कर रहे उनके बड़े भाई राजपाल सिंह को जब छोटे भाई के निधन की सूचना मिली तो उन्हें गहरा सदमा लगा। हृदयाघात पड़ने से उनकी भी मृत्यु हो गई। दोनों भाइयों का अंतिम संस्कार उनकी जन्मस्थली किरठल गांव में किया जाएगा। इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह, डा. यशपाल सिंह, आइएएस अपूर्व कुमार सिंह, कवि विनीत चौहान, अशोक चौहान, विजय चौहान, ओमपाल पटवारी, सुरेंद्रपाल फौजी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दिवंगत आत्माओं के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की।

आदि गुरु शंकराचार्य एवं महाकवि सूरदास जी को समिति ने किया याद

समाज जागरण

चंदौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती एवं महाकवि सूरदास जी की जयंती (बैशाख शुक्ल पक्ष की पंचमी) को सीता रोड पर एक निजी नर्सिंग होम में समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाई गई।सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चारण से पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य जी अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषद व्याख्याता और हिन्दू धर्म के प्रचारक, सनातन धर्म संस्कृति के रक्षक थे। उन्हें भगवान शंकर का अवतार माना जाता है। आदि गुरु शंकराचार्य ने पूरे भारत की यात्रा की, आदि गुरु के जीवन का अधिकांश भाग उत्तर भारत में बीता , चार पीठों की स्थापना करना मुख्य रुप से उल्लेखनीय कार्य था। उन्होंने कई ग्रंथ लिखे किंतु उनका दर्शन, उपनिषद, ब्रह्म सूत्र और गीता पर लिखे भाष्यो में मिलता है। आदि गुरु शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों पर चार मठों की स्थापना की ,इसके अलावा पूरे देश मे बारह ज्योतिर्लिंग की भी स्थापना की थी। आदि गुरु शंकराचार्य को अद्वैत परम्परा का प्रवर्तक माना जाता है। आदि गुरु शंकराचार्य ने अखाड़ों की स्थापना की जिसमें आज भी महामंडलेश्वर बनाए जाते हैं जो कि कुंभ में सबसे पहले शाही स्नान करते हैं। मिश्र ने आगे कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य जी का जन्म सन ७८८ई मे बैशाख शुक्ल पंचमी को केरल के कालड़ी गांव में हुआ। आपके पिता शिव गुरु और माता अयम्बा को बहुत समय तक संतान नहीं हुई। एक बार वह जागृत शिवलिंग की पूजा कर रहे थे तब उन्हें भगवान शंकर ने अहसास कराया कि मैं तुम्हारे यहां जन्म लूंगा। इससे दोनों खुश हुए दस माह बाद पुत्र हुआ उन्होंने उसका नाम शंकर रखा। शंकर के बचपन में ही पिता का निधन हो गया। माता ने शंकर को गुरुकुल भेजा वहां उन्होंने शिक्षा प्राप्त करते हुए वेद, उपनिषद, शास्त्रों को सात बर्ष आयु तक कंठस्त कर लिया आठवें साल में माता से सन्यास की आज्ञा मांगी। लेकिन मां के मना करने पर जब एक बार नदी पर शंकर और माता स्नान को गए तभी स्नान करते हुए मगरमच्छ ने शंकर का पैर पकड़ लिया तभी इसका फायदा उठाते हुए शंकर ने मां से कहा मुझे सन्यास की आज्ञा दो वरना मगरमच्छ नहीं छोड़ेगा। मां ने आज्ञा दे दी तभी मगरमच्छ ने छोड़ दिया। मां ने अपने अंतिम संस्कार करने की शर्त रखी जिसे शंकर ने समाज के विरोध पर भी किया। उन्हें सन्यास के बाद गोविन्द पाद गुरु मिले जिन्होंने उन्हें भारत में घूमकर अद्वैत वेदांत के प्रचार करने को कहा। ।

भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश सिंघल का निधन, पार्टी ध्वज में लिपटे शव को दी अंतिम विदाई

75 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद तोड़ा दम, विहिप नगर अध्यक्ष और RSS स्वयंसेवक भी थे, जिलाध्यक्ष बोले- अपूरणीय क्षति

समाज जागरण

बड़ौत। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व नगर अध्यक्ष एवं वर्तमान में पार्टी के सक्रिय सदस्य राकेश सिंघल का 75 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। आनंदगंज मंडी निवासी राकेश सिंघल विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भी थे। उनके निधन से पार्टी परिवार में शोक की लहर है। राकेश सिंघल की अंतिम शवयात्रा में उन्हें पार्टी का ध्वज लपेटकर सम्मान के साथ विदाई दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने

कहा कि राकेश सिंघल ने अपना पूरा जीवन पार्टी की विचारधारा और संगठन को मजबूत करने में लगाया। उनका जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट विनोद जैन, राकेश जैन, बिजेंद्र शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. अमित राणा, डॉ. नीरज कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा, सचिन जैन, अमित जैन, सत्यबीर सिंह बड़का, आलोक शास्त्री, रवि पालीवाल आदि मौजूद रहे।

वैश्य परिवार महासंघ ने टॉपर अक्षिता गोयल को 'वैश्य समाज गौरव सम्मान' से नवाजा

- सेंट एंजिल्स स्कूल की छात्रा ने 95.6% अंक लाकर जनपद में बनाई टॉप टेन में जगह
- घर पहुंचकर किया सम्मानित, डॉक्टर बनना है सपना

समाज जागरण

बागपत। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने की श्रृंखला में सेंट एंजिल्स पब्लिक स्कूल, बागपत की कक्षा 10 की टॉपर अक्षिता गोयल को 'वैश्य समाज गौरव सम्मान' से सम्मानित किया। अक्षिता ने 95.6% अंक प्राप्त कर जनपद की टॉप टेन सूची में स्थान बनाकर समाज का नाम रोशन किया है। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक मास्टर राकेश गर्ग व राष्ट्रीय अध्यक्ष, मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेडा के प्राचार्य, शिक्षारत्न सम्मान से सम्मानित डॉ. राजीव गुप्ता

पुट्ठी ने साथियों के साथ अक्षिता के निवास पर पहुंचकर उनके पिता अमित गोयल व माता तृप्ति गोयल को बधाई दी। अक्षिता को पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।माता-पिता ने बताया कि अक्षिता बचपन से होनहार रही है। अक्षिता ने कहा कि वह निरंतर मेहनत करती रहेगी और उनका सपना डॉक्टर बनने का है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रतिभावान बच्चे देश की र-ोढ़ हैं।इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक जयभगवान गर्ग, डॉ. योगेश जिंदल, सतीश गुप्ता, राष्ट्रीय सलाहकार योगाचार्य डॉ. राजीव जैन, प्रदेश कानूनी सलाहकार एडवोकेट विभोर गुप्ता, मनीष गर्ग, सचिन गर्ग, जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार अग्रवाल, कपिल गुप्ता, एडवोकेट आशुतोष अग्रवाल, एडवोकेट विपिन गुप्ता, बलराम गुप्ता, विवेक गुप्ता, विवेक गोयल, राममोहन गुप्ता, सचिन गुप्ता, नितिन गुप्ता आदि ने बधाई दी।

विधि शिक्षा को भारतीय मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता : डॉ सन्दीप शर्मा

समाज जागरण

बागपत। विधि शिक्षा को अधिक समृद्ध, व्यावहारिक और भारतीय समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए विधि विषय के अध्ययन में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश की आवश्यकता पर बल दिया गया है। विधि विशेषज्ञ एवं पूर्व सहायक प्रोफेसर डॉ सन्दीप कुमार शर्मा ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा में न्याय, धर्म, कर्तव्य और सामाजिक संतुलन से संबंधित अत्यंत गहन और समृद्ध विचारधारा विद्यमान रही है। मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति, अर्थशास्त्र सहित अनेक प्राचीन ग्रंथों में न्याय व्यवस्था, शासन प्रणाली और सामाजिक दायित्वों का विस्तृत वर्णन मिलता है, जो आज की विधि शिक्षा को नई

दिशा प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि विधि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन, धर्मशास्त्र, प्राचीन न्याय परंपरा और भारतीय संवैधानिक मूल्यों का समुचित समावेश किया जाए, तो विद्यार्थियों में कानून की गहरी समझ के साथ-साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व और नैतिक दृष्टि भी विकसित होगी। डॉ शर्मा ने विश्वविद्यालयों और विधि महा-विद्यालयों से आग्रह किया कि पाठ्यक्रम निर्माण के समय भारतीय ज्ञान परंपरा, न्यायशास्त्र और स-ंस्कृतिक मूल्यों को समाहित किया जाए, ताकि भावी विधि विशेषज्ञ भारतीय संदर्भों को बेहतर ढंग से समझ सकें और न्याय व्यवस्था को अधिक मानवीय, संतुलित तथा समाजोन्मुख बना सकें। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में स्थान दिया जा रहा है, इसलिए विधि शिक्षा में भी इसका प्रभावी समावेश किया जाना समय की मांग है। इससे विधि शिक्षा केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित न रहकर मूल्यपरक और समाजोन्मुख शिक्षा के रूप में विकसित हो सकेगी।

विद्युत समस्याओं को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने ऊर्जा मंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सोपा ज्ञापन।

समाज जागरण

फिरोजाबाद। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल महानगर द्वारा जिलाध्यक्ष रामनरेश कटारा एवं महानगर अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी के संयुक्त नेतृत्व में ऊर्जा मंत्री, के नाम सिटी मजिस्ट्रेट विनोद पांडे को स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं विद्युत समस्याओं को लेकर जैन मंदिर पर ज्ञापन सौंपा। साथ ही विद्युत विभाग के चीफ भरत सिंह को भी मांग पत्र दिया गया।

ज्ञापन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर में अनियमितताएं, बिना सूचना बिजली कटौती, बिलिंग पारदर्शिता की कमी एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान न होने जैसे मुद्दे उठाए गए। संगठन ने मांग की कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था को बंद कर पुनः

पोस्टपेड मीटर लागू किए जाएं तथा जनपद में शासनादेशानुसार 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री सुनील पेंगोरिया, अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी प्रवक्ता राज प्रकाश गुप्ता सहित संचित वर्मा, गुड्डा पहलवान, आकाश माथुर, निकेश जैन, चकलेश राजपूत, सौरव अग्रवाल, जीतू परिहार, आसिफ खान, राम यादव, भरत गोयल, सुधीर बंसल सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी वर्ग आंदोलन करने को बाध्य होगा।

पड़ोसियों के कहने पर बीमा धनराशि देने से इंकार करना डाक विभाग को पड़ा भारी

समाज जागरण

सम्भल। ग्राम करनपुर कास्त निवासी गौतम की मां शकुन्तजीला ने अपने जीवन काल में डाक विभाग से एक ग्रामीण डाक जीवन सुरक्षा बीमा पॉलिसी दिनांक 8/3/2022 को बीमा धनराशि रुपए 10 लाख की क्रय की थी जिनकी मृत्यु दिनांक 19/2/2023 को हो गई । बीमा पालिसी में नामित उनका पुत्र गौतम ने समस्त औपचारिकता पूर्ण कर बीमा धनराशि देने के लिए डाक जीवन बीमा से किया तो विभाग द्वारा उसे बीमा धनराशि देने से इंकार कर दिया कि आपके पड़ोसियों ने बताया कि मृतक शकुन्तला पिछले काफी समय से बीमार रहती थी उनका पेट फूला रहता था उनको कोई अंदुरूनी बीमारी थी तो गौतम ने समस्त बातें उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय को बताई तो अधिवक्ता ने एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में दाखिल किया जहां आयोग ने ग्रामीण डाक जीवन बीमा को तलब किया तो ग्रामीण डाक जीवन बीमा की ओर से अपनी बातों को पुनः दोहराया गया और पड़ोसियों के बयान भी सबूत के तौर पर दाखिल किए गए।तब अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा उसका विरोध किया गया और आयोग को अवगत कराया कि जब तक कोई डाक्टरी परीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती तब तक किसी को बीमार घोषित नहीं किया जा सकता है ऐसी दशा में बीमा कम्पनी मात्र पड़ोसियों के कहने पर बीमा धनराशि देने से इंकार नहीं कर सकती हैं।

किसान यूनियन ने उठाई मांग: बागपत के पुराने कस्बे में बने नगर पालिका बारात घर

वार्ड 20-21 में सामुदायिक भवन न होने से गरीब परिवारों को शादी में हो रही दिक्कत, ईओ को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

बागपत। भारतीय किसान यूनियन अखंड ने पुराने कस्बे के वार्ड 20-21 में गरीब परिवारों के लिए नगर पालिका बारात घर बनवाने की मांग की है। जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका बागपत को ज्ञापन सौंपा गया। मंगलवार दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि पुराने कस्बे के वार्ड 20 और 21 में श्रमिक एवं निर्धन वर्ग की बड़ी आबादी रहती है। इस क्षेत्र में कोई सरकारी सामुदायिक भवन न होने के कारण गरीब परिवारों को शादी-ब्याह जैसे कार्यक्रमों के लिए निजी मैरिज होम का भारी खर्च उठाना पड़ता है, जो उनके सामर्थ्य से बाहर है। कई बार आर्थिक तंगी के कारण लोग अपने सामाजिक दायित्वों को सही ढंग से

पूरा नहीं कर पाते। किसान यूनियन ने अनुरोध किया है कि उक्त वार्डों में एक छोटा मैरिज होम/बारात घर निर्मित कराया जाए। साथ ही इसका किराया न्यूनतम रखा जाए ताकि मजदूर तबका भी अपने बच्चों के विवाह के सपने सम्मानपूर्वक साकार कर सके। ज्ञापन में कहा गया कि नगर पालिका की ओर से यह पहल बागपत के जरूरतमंदों के लिए एक बड़ा उपहार साबित होगी। यूनियन जनहित में सकारात्मक निर्णय की प्रतीक्षा कर रही है। यह ज्ञापन जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान और जिला अध्यक्ष चौ. धीरेंद्र कसाना के नाम से जारी किया गया है। ज्ञापन देने वाले में मौ० इरशाद, इनाम, वाजिद, इस्लाम अल्वी, आरिफ, निसार खान, फिरोज। सुहैल, आसिफ रहीस आदि मौजूद रहे।

विश्व विरासत दिवस उत्सव में पांचाल म्यूजिक सेंटर बड़ौत का शानदार प्रदर्शन

समाज जागरण

बागपत। जनपद बागपत में विश्व विरासत दिवस उत्सव 2026 को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्व विरासत दिवस उत्सव 2026 को जनपद बागपत के जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत, डाक बंगला बागपत व नवाब की हवेली खुर्शीद मंजिल बागपत सहित अनेकों स्थानो पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश से आये लोगो ने शिरकत की। इस अवसर पर आयोजित भारतीय श-ास्त्रीय संगीत कार्यशाला में शास्त्रीय संगीत प्रदान करने वाले प्रमुख केन्द्रों में शुमार बागपत के बड़ौत नगर में स्थित पॉचाल म्यूजिक सेन्टर के संस्थापक व अध्यक्ष पंड़ित रामशरण पॉचाल व उनके विद्यार्थियों वर्षा तोमर, आशा रानी पांचाल, टीना पांचाल, तबला वादक दीपक, सितार वादक गौरव जैन, आंचल रामनारायण आदि ने भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं गजल संगीत की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बागपत की ऐतिहासिक नवाब की हवेली खुर्शीद मंजिल में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व

सुप्रसिद्ध समाजसेवी नवाब अहमद हमीद की उपस्थिति में शाम ए गजल कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस गजल कार्यक्रम में भी पॉचाल म्यूजिक सेन्टर बड़ौत ने शानदार प्रस्तुति देकर सबकी खूब प्रशंसा प्राप्त की। इस अवसर पर नवाब अहमद हमीद ने कहा कि विश्व विरासत दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होने उपस्थित सभी कलाकारों की प्रस्तुतियों को सराहा और उनकी जमकर सराहना की। संगीतज्ञ पंड़ित रामशरण पॉचाल ने शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेमचन्द एई, जगमोहन, सागर तोमर, विनित, देविका, देवांशी, जयश्री, अन्नपूर्णा, दीपक राठी सहित समस्त सहयोगियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण व निर्देशन संगीतज्ञ पं-ड़ित रामशरण पॉचाल व संचालन वर्षा तोमर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जर्मन से आयी मिमि व उनकी टीम के सदस्यो, सेंटर फॉर हिस्टोरिक हाउसेज ऑफ इंड़िया के निदेशक डाक्टर एस्थर स्मिट, जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत के प्राचार्य डाक्टर विरेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक व जन उदय फाउंडेशन के चेयरमैन एड़वोकेट भानु प्रताप सिंह, जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल सहित सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में मेधावी छात्रों का किया सम्मान

समाज जागरण

बागपत। सन्त-महापुरुष जन्मोत्सव एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जंगपुरा रोड स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित इस समारोह में मेधावी छात्र सम्मान एवं लेखन सामग्री वितरण अभियान के तहत बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के होनहार विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाना है। इस वर्ष भी भारी संख्या में छात्रों को स्कूल बैग, किताबें और अन्य स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट हिना परवीन और

एडवोकेट एम जी शर्मा को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के प्रधान दुली गौतम (दुली चंद) ने किया। इस अवसर पर संस्था के महासचिव सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष खगेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष राज कुमार समन्वयक संजय, संयुक्त सचिव मंजूला राजरानी आदि उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि बाबा साहब के शिक्षित बनो के संदेश को धरातल पर उतारने के लिए यह छोटा सा प्रयास है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान दुली गौतम ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। स्थानीय निवासियों ने समिति के इस शैक्षणिक और सामाजिक कार्य की काफी सराहना की है।

खड़ी स्क्रैप गाड़ियां बनीं आग का गोला, फिरोजाबाद में एक दर्जन वाहन जलकर खाक

खड़ी-खड़ी स्क्रैप गाड़ियां बनी आग का गोला, एक दर्जन गाड़ियां स्वाहा

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। शहर के लालऊ रोड पर खड़ी स्क्रैप गाड़ियों में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब एक दर्जन गाड़ियां जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

भीषण गर्मी और 41-42 डिग्री तापमान के बीच मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे थाना दक्षिण क्षेत्र के लालऊ रोड पर खड़ी स्क्रैप गाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते करीब एक दर्जन गाड़ियां धू-धू कर

जलने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम दो दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन प्राथमिक तौर पर बीड़ी-सिगरेट की चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

राजमार्गों पर सुरक्षा को नई दिशा: उन्नत तकनीक से सुरक्षित हो रहे श्रमिक और यात्री

दैनिक समाज जागरण

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षा मानकों को वैश्विक स्तर तक ले जाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। अब बुनियादी ढांचा विकास केवल चौड़ी और तेज सड़कें बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी केंद्रित है, जो इन सड़कों का उपयोग करते हैं।

कालांवाली में महिला की संदिग्ध मौत: कर्ज ने ली महिला की जान और पूछताछ के बीच उठाया कदम, फाइनेंसर पर केस दर्ज

समाज जागरण
कालांवाली, 21 अप्रैल
(सुरेश जोरासिया):

कालांवाली में उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला ने सोमवार शाम को जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली' महिला की पहचान गगनदीप आयु 39 साल के रूप में हुई है और वह दो बच्चों की मां थी। मामले के अनुसार, महिला के पति को कुछ देर पहले पुलिस किसी शंक के मामले में पूछताछ के लिए लेकर गई थी। तभी पीछे से महिला ने आत्मा हत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार, मृत महिला के पति गुरतेज सिंह का कालांवाली गांव के फाइनेंसर नरेश से लेन-देन का विवाद था। जोकि अधिक ब्याज पर लोन लिया हुआ था, जिसे भरने को लेकर फाइनेंसर व महिला के पति के बीच फोन पर आज सुबह ही दो से तीन बार

बातचीत हुई और बातचीत बहस में बदल गई। इसके बाद दोपहर को फाइनेंसर नरेश पर तीन अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया और उसे चोटें आई। फाइनेंसर ने इसकी शिकायत कालांवाली पुलिस थाने में दी और गुरतेज से बहस होने व शक में शामिल होने की जांच। जिसके बाद पुलिस ने गुरतेज को पूछताछ के लिए बुलाया तो वह थाने आने से मना किया गया और कहा,घर आ जाओ। पुलिस उसके घर जा पहुंची और उसे पूछताछ के लिए थाने ले आई। जब गुरतेज थाने से घर पहुंचा तो ये घटना हो गई। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। मंगलवार को महिला के शव का पोस्टमार्ट होगा। इस मामले में मृतका के परिवार ने फाइनेंसर नरेश पर पैसे के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला के पति के आरोपों पर फाइनेंसर के खिलाफ धारा 306 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है। वहीं, फाइनेंसर की शिकायत में झगड़ा मामले में तीनों अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गुरतेज की फोन पर सामान्य बातचीत हुई थी और वह इस घटना में शामिल नहीं पाया गया। सूत्रों के अनुसार, फाइनेंसर नरेश की कालांवाली गांव में थाने से कुछ दूरी पर शटरिंग की दुकान है और वह फाइनेंस का काम करता है। उसके गुरतेज सहित अन्य लोगों से लेन-देन चलता है। गुरतेज से सब्सिडी को लेकर उसके दो तीन दिन से तू-तड़ाक हो रही थी। गुरतेज से सुबह भी बहस हुई थी। आज वह दुकान पर था तो अचानक तीन लड़के आए और उस पर हमला कर घायल करीं। फाइनेंसर ने गुरतेज पर हमला कराने का शक इलाज और पुलिस को शिकायत दी। पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले गई, जहां ऐसा कुछ नहीं मिला। गांव के सरपंच अजैब सिंह ने बताया, वे अभी इसी मामले में थाने में गए हुए थे। पुलिस पर कोई आरोप नहीं हैं। फाइनेंसर के साथ ही झगड़ा चल रहा था और वह उन्हें घूमता करता था। ऐसे में महिला ने सुसाइड कर लिया।

डीजीपी बोले- पुलिस पर कोई आरोप नहीं :

इस मामले में डीएसपी संदीप धनखड़ा ने बताया, महिला के परिजनों के बयान पर फाइनेंसर के खिलाफ धारा 306 का मुकदमा दर्ज कर लिया है। फाइनेंसर ने झगड़ा मामले में महिला के पति पर शक इलाज था। पुलिस ने गुरतेज को बुलाया तो वह नहीं आया। जिसके बाद सरपंच को लेकर पुलिस उसके घर पहुंची तो उस समय वह घर पर ही था और महिला मौजूद नहीं थी। ऐसे में पुलिस उसे थाने में लेकर आई और जांच के बाद उसे वापस भेज दिया। पुलिस पर कोई आरोप नहीं है और महिला व उसके पति फाइनेंस वाले के साथ वसूली को लेकर विवाद चल रहा था। उसी के खिलाफ शिकायत दी है।

विजीलैंस ने जैतो पुलिस के ए.एस.आई.को 33,500 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में किया गिरफ्तार

पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब

जैतो, 21 अप्रैल : भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत, विजीलैंस ब्यूरो ने जैतो में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जैतो पुलिस स्टेशन के ए.एस.आई.हरपाल सिंह को 33,500 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। विजीलैंस सूत्रों के अनुसार गुरप्रीत कौर पत्नी लखवीर सिंह वासी सादा पत्ती जैतो की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी ए.एस.आई.हरपाल सिंह ने गुरप्रीत कौर के पति और ससुर के खिलाफ एन.डी.पी.एस.एक्ट के तहत दर्ज मामले में पुलिस रिमांड न लेने और आगे की कार्रवाई न करने के बदले 2 लाख रुपए बतौर रिश्वत की मांग की थी। यह सौदा 80,000 रुपए में तय हुआ था, जिसे 18 अप्रैल 2026 को पहली किस्त के तौर पर 40,000 रुपए बतौर रिश्वत और दूसरी किस्त के तौर पर 40,000 रुपए बतौर रिश्वत देने की मांग की गई थी। गुरप्रीत कौर ने इस बातचीत को रिकॉर्डिंग कर लिया और विजीलैंस ब्यूरो फरीदकोट से संपर्क किया जिस पर 20 अप्रैल 2026 को विजीलैंस ब्यूरो फरीदकोट के इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने कार्रवाई की। ए.एस.आई.हरपाल सिंह को 33,500 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जैतो पुलिस के ए.एस.आई. हरपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय छत्तर सिंह निवासी ढाब गुरु की तहसील जैतो को गिरफ्तार कर लिया गया है और 33,500 रुपए बरामद कर लिए गए हैं।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने लुधियाना रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की

पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब

लुधियाना,21 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा मंगलवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश पांडेय ने कल लुधियाना रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण एवं समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि लुधियाना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास परियोजना यात्रियों की सुविधाओं को नए आयाम प्रदान करेगी। इस परियोजना के अंतर्गत आधुनिक यात्री सुविधाओं का विकास, बेहतर कनेक्टिविटी एवं आकर्षक स्टेशन परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अधिक आरामदायक एवं सुगम यात्रा अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लुधियाना रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वेटिंग हॉल का जायजा लिया और यात्रियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए होल्डिंग एरिया का भी निरीक्षण किया।

इसके अलावा, फिरोजपुर मंडल के लुधियानाझसाहनेवाल रेलखंड का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक श्री राजेश पांडेय ने इस रेलखंड पर ट्रैक की स्थिति, सिग्नलिंग व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा हेतु रेल सेवाएं सुरक्षित, समयबद्ध और सुचारू रूप से संचालित होती रहें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे नियमित निगरानी रखें ताकि इस महत्वपूर्ण रेलखंड पर यात्रा अनुभव और बेहतर हो सके। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक/निर्माण श्री अजय वार्ष्णेय सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश पांडेय समीक्षा करते हुए व उनके साथ अन्य अधिकारी

तेजी से विकसित हो रहे भारत में अवसरों की नई उड़ान: उपराष्ट्रपति

दैनिक समाज जागरण

उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश आज ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जो तेजी से विकास कर रहा है और अवसरों से भरपूर है। उन्होंने वर्तमान समय को बुनियादी ढांचे और विकास की अभूतपूर्व पहलों वाला एक निर्णायक काल बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस वर्ष की शुरूआत में उद्घाटन की गई नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो का उल्लेख करते हुए कहा कि ये आधुनिक, कुशल और टिकाऊ कनेक्टिविटी के उदाहरण हैं, जो छात्रों और पेशेवरों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं।

विकसित भारतह्ल की परिकल्पना पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसमें युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और प्रतिबद्धता की अहम भूमिका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भर भारत की भावना इस परिवर्तनकारी यात्रा का आधार है।

छात्रों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देना, सत्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवा के मूल्यों को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास समावेशी, टिकाऊ और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा होना चाहिए।

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मार्च में रिश्वतखोरी के 9 मामलों में 9 सरकारी अधिकारियों और एक निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया

समाज जागरण

जैतो, 21 अप्रैल(रघुनंदन पराशर): पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मार्च महीने में राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने चल रहे अभियान के तहत कार्रवाई की। इस दौरान, रिश्वत लेने के आरोप में 9 अलग-अलग ट्रैप मामलों में 9 सरकारी अधिकारियों और एक निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए रिश्वतखोरो पर नकेल कसने में सफलता मिली है। आज यह जानकारी देते हुए, राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि इस अवधि के दौरान विजिलेंस ब्यूरो ने हर क्षेत्र में सरकारी कर्मचारियों और आम लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो द्वारा दर्ज किए गए मामलों में, अदालत ने रिश्वतखोरी के खिलाफ लड़ाई में चार फैसले सुनाए और पांच आरोपियों को 5 साल की कैद तथा 30,000 रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। प्रवक्ता ने बताया कि ब्यूरो ने पिछले महीने विभिन्न सक्षम अदालतों में 19 मामले दर्ज किए थे। विजिलेंस मामलों से संबंधित चालान पेश किए गए हैं। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के मामलों की गहन जांच के लिए 2 विजिलेंस जांच भी दर्ज की गई हैं। एक सरकारी अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला भी दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि 34 आरोपियों के खिलाफ 4 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 26 सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

इस संबंध में और अधिक विवरण देते हुए, प्रवक्ता ने कहा कि पिछले महीने के दौरान, विभिन्न सक्षम अदालतों ने ब्यूरो द्वारा दर्ज और लड़े गए रिश्वतखोरी के 4 मामलों में फैसला सुनाया; इन मामलों में दोषी पाए गए पांच व्यक्तियों को चार से पांच साल की कैद और 5,000 रुपये से लेकर 30,000 रुपये तक के जुमार्ने की सजा सुनाई गई।

झारखंड

टाटानगर में रेल यात्रियों का आक्रोश बढ़ा, लेटलतीफी के खिलाफ आंदोलन तेज करने की चेतावनी

दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर टाटानगर और आसपास के रेल यात्रियों की बढ़ती समस्याओं, विशेषकर यात्री ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी को लेकर अब जनाक्रोश तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रेल यात्री संघर्ष समिति के संयोजक शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल एआरएम कार्यालय पहुंचा और चक्रधरपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी दर्ज कराई।

समिति की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि यदि जल्द ही ट्रेनों की लेटलतीफी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक तथा तीव्र रूप दिया जाएगा। संयोजक शिवशंकर सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक रेल यात्रियों को जोड़कर उनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि आम यात्री इस गंभीर समस्या के प्रति सजग हो सकें।

ज्ञापन में रेलवे की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए समिति ने कहा कि जब रेलवे के पास

मालगाड़ियों के संचालन के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना उपलब्ध नहीं है, तो फिर बड़ी संख्या में मालगाड़ियों का परिचालन क्यों किया जा रहा है। इससे यात्री ट्रेनों के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है और आम यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

समिति ने यह भी आरोप लगाया कि बिना किसी ठोस कारण के यात्री ट्रेनों को बीच रास्ते में रोककर मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जा रही है। जबकि यात्री ट्रेनों की समय-सारणी पूर्व निर्धारित होती है और उन्हें समय पर चलाना रेलवे की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद इस व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है, जिससे यात्रियों का विश्वास रेलवे प्रशासन से उठता जा रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि हाल ही में जमशेदपुर के सांसद द्वारा इस गंभीर समस्या को रेल मंत्री के समक्ष उठाया गया था और सुधार के निर्देश भी दिए गए थे। बावजूद इसके चक्रधरपुर मंडल के अधिकारियों द्वारा उन निदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय स्तर पर समस्या के समाधान को लेकर गंभीरता की कमी है।

रेल यात्री संघर्ष समिति ने रेल मंत्री के उस बयान का भी हवाला दिया, जिसमें यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया गया है। समिति का कहना है कि जमीनी स्तर पर इस कथन का कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। प्रतिदिन अखबारों में ट्रेनों के एक से छह घंटे तक देरी से चलने की खबरें प्रकाशित हो रही हैं, जो रेलवे की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं।

ज्ञापन में 7 अप्रैल 2026 को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर हुए धरना-प्रदर्शन का भी जिक्र किया गया, जिसमें हजारों यात्रियों ने भाग लेकर रेलवे प्रशासन को चेताया था। उस समय भी यह स्पष्ट किया गया था कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। लेकिन इतने दिनों बाद भी हालात में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं आया है, जिससे यात्रियों में नाराजगी और बढ़ गई है।

समिति ने यह भी कहा कि वर्तमान स्थिति में यात्रियों को घंटों तक ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। नौकरीपेशा लोग, विद्यार्थी और व्यवसायी सभी इस समस्या से जूझ रहे हैं। कई यात्रियों को महत्वपूर्ण कार्यों में देरी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानी हो रही है।

प्रतिनिधिमंडल में जद(यू) के महानगर अध्यक्ष अजय कुमार, सतीश सिंह, प्रदीप सिंह भोजपुरिया, मनोज ठाकुर, सन्नी परिहार, अमित मैती एवं सन्नी सिंह शामिल थे। समिति ने अंत में चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और व्यापक जनसमर्थन के साथ आगे बढ़ाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी।

टाटानगर में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह पर लोको पायलटों को दिया गया व्यापक सुरक्षा प्रशिक्षण

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

टाटानगर रेल सिविल डिफेंस द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर लोको पायलटों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेल संचालन से जुड़े कर्मियों को आग से सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और प्राथमिक चिकित्सा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम इलेक्ट्रिक लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण पूर्व रेलवे के विभिन्न मंडलों से आए कुल 240 लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलटों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित लोको पायलटों को सेवा, सुरक्षा और समर्पण की भावना के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रेलवे जैसे संवेदनशील और जिम्मेदार क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के लिए आपदा की स्थिति में त्वरित और सही निर्णय लेना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक

कार्यों में लागू करना ही इसकी वास्तविक सफलता है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान अग्निशमन उपकरणों के उपयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। संतोष कुमार ने बताया कि फायर एक्सटिंग्विशर का सही तरीके से उपयोग करना बेहद जरूरी है, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने यह भी समझाया कि यदि फायर एक्सटिंग्विशर के प्लंजर को दबाने के बाद भी पाउडर बाहर नहीं निकलता है, तो उसे लिटाकर विशेष स्थिति में रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह चेतावनी दी कि फायर एक्सटिंग्विशर की कैप हमेशा कठोर सतह की ओर रखनी चाहिए, क्योंकि इसके ब्लास्ट होने की संभावना बनी रहती है, जिससे दुर्घटना हो सकती है।

इसके अलावा, प्रशिक्षण में फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग से पहले और उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। आग बुझाने के सही तरीकों, विभिन्न प्रकार की आग की पहचान और उनके अनुसार उचित अग्निशमन तकनीकों की जानकारी डिजिटल माध्यम से दी गई, जिससे प्रतिभागियों को विषय को समझने में आसानी हुई।

कार्यक्रम में डेमोंस्ट्रेटर शंकर कुमार प्रसाद ने व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ड्राई केमिकल पाउडर फायर एक्सटिंग्विशर और कार्बन डाइऑक्साइड फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग की विधि का मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रतिभागियों को स्वयं अभ्यास करने का भी अवसर दिया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और वे वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए तैयार हो सके।

प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित था। इसमें सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) की विधि तथा विदेशी वस्तु के कारण वायु मार्ग अवरुद्ध होने (एफबीएओ) की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में शुरूआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, और यदि सही समय पर प्राथमिक उपचार दिया जाए, तो व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चक्रधरपुर, रांची, आद्रा, खड़गपुर, संतरागाछी, बोकारो और राउरकेला जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आए लोको पायलटों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने कार्य के दौरान संभावित खतरों से निपटने की बेहतर समझ मिली है।

अंततः, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करने तक सीमित रहा, बल्कि इससे लोको पायलटों में जिम्मेदारी, सतर्कता और आपदा के समय तत्परता की भावना भी विकसित हुई। टाटानगर रेल सिविल डिफेंस का यह प्रयास रेलवे सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

जमशेदपुर में सुरेश चंद्र डे की 115वीं जयंती पर श्रद्धांजलि, उनके आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

समाज जागरण
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर में मंगलवार को शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजसेवी सुरेश चंद्र डे की 115वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रीलेदर्स परिवार द्वारा बिष्टुपुर स्थित शोरूम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में कंपनी के कर्मचारी, प्रबंधन से जुड़े अधिकारी तथा बड़ी संख्या में बंगभाषी समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा। उपस्थित लोगों ने सुरेश चंद्र डे के जीवन संघर्ष, उनके व्यावसायिक दृष्टिकोण और सामाजिक योगदान को विस्तार से याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन केवल एक सफल उद्योगपति का नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व का उदाहरण है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि सुरेश चंद्र डे ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने ईमानदारी, मेहनत और समर्पण को अपने जीवन का आधार बनाया और इन्हीं मूल्यों पर अपनी संस्था की नींव रखी। यही कारण है कि आज भी उनके विचार और कार्यशैली लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं।

इस अवसर पर श्रीलेदर्स के को-पार्टनर शेखर डे ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी अपने संस्थापक की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्लसुरेश चंद्र डे ने जिस समर्पण, ईमानदारी और संघर्ष के साथ इस संस्था की स्थापना की, वह आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। हम सभी का दायित्व है कि उनके सिद्धांतों को अपने कार्यों में उतारें और आने वाली पीढ़ियों तक इस विरासत को पहुंचाएं।

शेखर डे ने यह भी बताया कि सुरेश चंद्र डे की जयंती केवल जमशेदपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि कोलकाता, चेन्नई सहित देश के विभिन्न शहरों में स्थित श्रीलेदर्स के सभी शोरूमों में भी इसे श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इससे उनके व्यापक प्रभाव और कंपनी की राष्ट्रीय पहचान का स्पष्ट संकेत मिलता है।

अपने संबोधन के दौरान शेखर डे भावुक भी नजर आए। उन्होंने कहा, आज हम जहां खड़े हैं, वह पूरी तरह से हमारे संस्थापक के अथक प्रयासों और दूरदर्शिता का परिणाम है। मेरा जन्मस्थान भी यही जमशेदपुर है और मेरी अंतिम यात्रा भी यहीं से निकले, यही मेरी व्यक्तिगत इच्छा है। उनके इस वक्तव्य ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और सभा में एक आत्मीय वातावरण का निर्माण हुआ।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि श्रीलेदर्स की स्थापना जिस दौर में हुई, उसी समय देश की औद्योगिक पहचान को मजबूत करने वाली प्रमुख कंपनी टाटा स्टील भी अपने शुरूआती चरण में थी। यह समानांतर विकास इस बात का प्रतीक है कि जमशेदपुर जैसे शहर ने देश के औद्योगिक इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान कई कर्मचारियों और समाज के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेश चंद्र डे का जीवन संघर्ष, अनुशासन और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने न केवल एक सफल व्यापार खड़ा किया, बल्कि अपने कार्यों से समाज में नैतिकता और जिम्मेदारी का संदेश भी दिया। यही कारण है कि उनका व्यक्तित्व आज भी लोगों के दिलों में जीवित है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे सुरेश चंद्र डे के मूल्यों–ईमानदारी, मेहनत, समर्पण और समाज सेवा–को अपने जीवन में अपनाएंगे। यह संकल्प केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में देखा गया।

इस अवसर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि महान व्यक्तित्व समय के साथ भले ही हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित न रहें, लेकिन उनके विचार, आदर्श और कार्य सदैव जीवित रहते हैं। सुरेश चंद्र डे की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल उनके जीवन को याद करने का अवसर था, बल्कि उनके सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।

भारत-भूटान सीमा शुल्क संयुक्त समूह की सातवीं बैठक मुन्नार में सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण

भारत और भूटान के बीच सीमा शुल्क पर संयुक्त समूह की सातवीं बैठक 20-21 अप्रैल 2026 को मुन्नार (केरल) में आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के विशेष सचिव एवं सदस्य (सीमा शुल्क) योगेंद्र गर्ग और भूटान के वित्त मंत्रालय के राजस्व एवं सीमा शुल्क विभाग के महानिदेशक सोनम जामत्शो ने की।

बैठक में दोनों देशों के बीच मजबूत और दीर्घकालिक व्यापारिक संबंधों को रेखांकित किया गया। भारत, भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और उसके कुल व्यापार का लगभग 80 प्रतिशत भारत के साथ होता है। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 1.9 अरब डॉलर से अधिक रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 46 प्रतिशत से अधिक वृद्धि को दर्शाता है।

पसान दौरे से पहले कांग्रेस में घमासान: अजय सिंह राहुल भैया के कार्यक्रम से स्थानीय नेताओं का नाम कटा, गुटबाजी उजागर

समाज जागरण

जमुना कोतमा अजय सिंह राहुल भैया के 22 अप्रैल को प्रस्तावित अनूपपुर दौरे से पहले ही कांग्रेस संगठन में गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है। पहले जारी कार्यक्रम में उनका पसान स्थित कांग्रेस नेताओं संजू मिश्राझआशीष मिश्रा के निवास पर आगमन तय था, लेकिन बाद में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) भोपाल द्वारा जारी संशोधित सूची में इस दौरे को हटा दिया गया, जिससे कार्यकताओं में असंतोष बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार, पहले जारी सूची में दोपहर 2:30 बजे संजू मिश्राझआशीष मिश्रा के निवास पर भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम तय था। लेकिन दूसरे ही दिन जारी नई सूची में इस स्थान को हटाए जाने से स्थानीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। संजू मिश्राझआशीष मिश्रा ने इस निर्णय पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं कोई आग्रह नहीं किया था, लेकिन जब आधिकारिक सूची में नाम शामिल था तो उसे हटाना गलत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गुटबाजी चरम पर है और इसी कारण पूर्व में नगर पालिका चुनाव में जीते पांच कांग्रेसी पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ स्थानीय नेता चुनाव के दौरान भाजपा के पक्ष में सक्रिय रहे, जिसके प्रमाण उनके पास मौजूद हैं और समय आने पर सामने लाए जाएंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जहां एक ओर राहुल भैया का दौरा संगठन को एकजुट करने की कोशिश है, वहीं दूसरी ओर पसान में उभरी यह खींचतान कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरियों को उजागर कर रही है। यह घटनाक्रम आने वाले समय में जिले की राजनीति पर असर डाल सकता है।

राहुल भैया का सियासी दौरा-संगठन को मिला संजीवनी मंत्र

समाज जागरण

उमरिया। कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का एक दिवसीय दौरा जिले की राजनीति में हलचल पैदा कर गया।अपने संक्षिप्त लेकिन बेहद सघन प्रवास के दौरान उन्होंने न सिर्फ कार्यकताओं में ऊर्जा भरी, बल्कि संगठन को एकजुट कर मजबूत करने का स्पष्ट संदेश भी दिया।पूर्व विधायक अजय सिंह के निवास पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राहुल भैया ने उमरिया की राजनीतिक अहमियत को रेखांकित किया।उन्होंने कहा कि यही वह जिला है, जहां दिग्गज नेता अर्जुन सिंह (दाऊ साहब) को बखरी और कार्यकताओं के सहयोग से राजनीतिक पुनर्जीवन मिला था। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर कांग्रेस की विचारधारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत बनाएं।दौरे की शुरूआत सीमावर्ती नगर चंदिया से हुई, जहां जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय कोल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। बड़ी संख्या में जुटे पदाधिकारी और कार्यकताओं का उत्साह इस बात का संकेत दे रहा था कि पार्टी में नई हलचल शुरू हो चुकी है।इसके बाद राहुल भैया ने अखड़ार समेत कई स्थानों का दौरा कर स्थानीय नेताओं से मुलाकात की और संगठन की नब्ज टटोली।जिला कांग्रेस कार्यालय में भी उन्होंने महत्वपूर्ण बैठक कर स्थानीय मुद्दों और आगामी रणनीति पर मंथन किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह सेंगर,शकील अहमद नियाजी और नईम खान से भी उनकी खास चर्चा हुई।अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच वे पूर्व विधायक अजय सिंह के निवास भी पहुंचे और दोपहर करीब साढ़े चार बजे करकेली के लिए रवाना हो गए, जहां जिला पंचायत सदस्य ओमकार सिंह के निवास पर उनका अगला पड़ाव रहा।राजनीतिक नजरिए से यह दौरा कांग्रेस संगठन में नई जान फूंकने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।लंबे समय से सुस्त पड़े संगठन को सक्रिय करने और कार्यकताओं में जोश भरने के संकेत साफ नजर आए हैं।अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि राहुल भैया का यह तूफानी दौरा जमीन पर कितना असर दिखाता है और आने वाले चुनावी समीकरणों में यह कितनी बड़ी भूमिका निभाता है।

अवैध मदिरा के विरुध्द की गई कार्यवाही।

समाज जागरण विजय तिवारी

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के द्वारा जिले में अवैध मदिरा के क्रय विक्रय,संग्रहण,परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।निर्देश के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी उमरिया सावित्री भगत के मार्गदर्शन में मदिरा के अवैध निर्माण,संग्रहण,परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण हेतु वृत्त मानपुर अंतर्गत अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

इस दौरान भरौली ढाबा के संचालक आकाश जायसवाल के कब्जे से 12 बोतल बीयर एवं 10 पाव प्लेन,धर्मेन्द्र सिंह ग्राम देवगवां के किराना दुकान से 09 पाव देशी मदिरा प्लेन,राजाराम गुप्ता ग्राम मुगवानी के कब्जे से 25 पाव देशी मदिरा प्लेन,ग्राम कठार में उमेश पटेल के कब्जे से 19 पाव देशी मदिरा प्लेन इसी प्रकार बिजौरी स्थित ढाबे में कार्यवाही करते हुये सावित्री साहू के कब्जे से 14 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत कुल 06 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गई जिस पर कविता सिंह, राजपति प्रजापति, कु० अंजली गौतम एवं नगर सैनिक जीवन लाल का विशेष योगदान रहा। अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण एवं चौर्यनयन पर निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

जनगणना ड्यूटी में 'मुँहदेखी' का आरोप गहराया, शिक्षकों में नाराजगी – ट्रेनिंग के बाद नाम कटे, भत्ता भी नहीं मिला

समाज जागरण

अनूपपुर। जिले में जनगणना ड्यूटी को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। शिक्षकों ने ड्यूटी आवंटन में पारदर्शिता की कमी और मुँहदेखी के आधार पर नाम जोड़ने-हटाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस पूरे मामले में अब जिला मुख्यालय स्थित एकलव्य विद्यालय में आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) भी सवालों के घेरे में आ गया है।

सूत्रों के अनुसार, जनगणना कार्य के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों को एकलव्य विद्यालय में 3 दिनों की अनिवार्य ट्रेनिंग दी गई, जिसमें उन्होंने पूरी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रशिक्षण प्राप्त किया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि ट्रेनिंग पूरी करने के बाद भी कई शिक्षकों के नाम ड्यूटी सूची से हटा दिए गए। इससे शिक्षकों में भारी नाराजगी है और वे इसे सीधे तौर पर व्यवस्था की खामी बता रहे हैं।

शिक्षकों का कहना है कि एक ओर उन्हें प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया, समय और श्रम लगाया गया, वहीं दूसरी ओर बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के उनके नाम काट दिए गए। कई मामलों में यह भी आरोप है कि कुछ शिक्षकों ने ह्लजुगाड़ह्व लगाकर अपने नाम हटवा लिए, जबकि अन्य को बिना कारण ड्यूटी में बनाए रखा गया।

मामले को और गंभीर बनाते हुए शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया है कि 3 दिवसीय ट्रेनिंग के बावजूद उन्हें शासन द्वारा निर्धारित ट्रेनिंग भत्ता, यात्रा खर्च और अन्य सुविधाएं भी नहीं दी गईं। इससे शिक्षकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है और असंतोष और बढ़ गया है।

ड्यूटी सूची में लगातार बदलाव, बिना लिखित आदेश के नाम हटाना और प्रशिक्षण के बाद भी चयन में बदलाव–इन सबने पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई शिक्षकों ने प्रभावशाली लोगों के दबाव में नियमों की अनदेखी का आरोप भी लगाया है।

वहीं, इस पूरे मामले में प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। शिक्षकों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं लाई गई और निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

अनूपपुर में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव-शोभायात्रा में उमड़ा विप्र जन सैलाब।

समाज जागरण विजय तिवारी

अनूपपुर ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव तिपान मंदिर में धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें अनूपपुर सहित जैतहरी ,अमलाई ,चचाई ,विवेक नगर, बरगवां, देवहरा गांव के विप्रजन ने हिस्सा लिया ।ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी का संपूर्ण विधि विधान से पूजन अर्चन कर आरती की गई। इस अवसर पर हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले समाज के बच्चों का सर्टिफिकेट देकर साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात तिपान मंदिर जैतहरी रोड अनूपपुर से ग्राम भ्रमणकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें ब्राह्मण समाज विप्र माताएं बहने बड़ी तादाद में शामिल होकर जय परशुराम के नारे से समूचा अनूपपुर गूंजायमान हो उठा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज सेवा समिति के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि भगवान परशुराम जो भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं उन्होंने अन्याय,अधर्म और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया और यह संदेश दिया कि जब-जब समाज में अत्याचार बढ़े तब-तब धर्म की रक्षा के लिए साहस और संकल्प जरूरी है। द्विवेदी ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव ज्ञान,संस्कार और धर्म का वाहक रहा है।परशुराम जी स्वयं ब्राह्मण होते हुए भी एक महान योद्धा थे जिन्होंने यह सिद्ध किया कि ब्राह्मण केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं बल्कि वह समाज का मार्गदर्शक,रक्षक और सुधारक भी है।आज के समय में हमें परशुराम जी के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है ' सत्य के मार्ग पर चलना अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना और समाज में शिक्षा एवं संस्कार का प्रसार करना हमारा कर्तव्य है जिससे हम आने वाली युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़कर उन्हें संस्कारवान बना पाएंगे और तभी वे समाज के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे।वहीं वरिष्ठ महामंत्री अनिल तिवारी ने भगवान विष्णु के छठे अवतार श्री परशुराम जी की जयंती के पावन अवसर पर सभी को बधाईयां प्रेषित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम शक्ति,धर्म और न्याय के प्रतीक हैं उनका संपूर्ण जीवन हमें सत्य के मार्ग पर चलने,अन्याय के खिलाफ खड़े होने और धर्म की रक्षा करने की प्रेरणा देता है आइए इस पावन दिन पर हम सभी उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें इसके साथ ही अन्य वक्ताओं ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर मनोज द्विवेदी ,राजकिशोर तिवारी, सिद्धार्थ गौतम, आदर्श शर्मा, वेद प्रकाश द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, राजा तिवारी, पिंटू तिवारी, हेमंत गौतम, प्रियम शुक्ला सहित बड़ी तादाद में विप्रजन बंधु मातृ शक्तियां आदि उपस्थित रहे।

थाईलैंड में भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया

दैनिक समाज जागरण

थाईलैंड में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विभिन्न शहरों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

आयोजनों के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। समाज के वरिष्ठ जनों एवं विद्वानों ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके पराक्रम और धर्म के प्रति समर्पण पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को वर्तमान जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक आयोजन को सफल बनाया।

वन परिक्षेत्र में कोयले का अवैध खनन

समाज जागरण विजय तिवारी

अनूपपुर ।अनूपपुर जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत पनही बूडा.नदी,जहां नदी की तलहटी और आसपास के इलाकों में भारी मात्रा में कोयले की परतें और चट्टानें देखी गई हैं। आरोप है कि यहां लंबे समय से कोयला माफिया द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है...और यह पूरा खेल स्थानीय जिम्मेदारों की मिलीभगत से चल रहा है हालांकि जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की।रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान ऐसे कई ताजा साक्ष्य मिले... जो हालिया खनन गतिविधियों की ओर साफ इशारा कर रहे हैं। वहीं, मौके पर एक चौंकाने वाली बात भी सामने आई खनन स्थलों पर रेत का छिड़काव किया गया था जिससे यह दिखाने की कोशिश की गई कि खनन बंद है।लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।ताजा खुदाई के निशान और कोयले के अवशेष इस दावे की पोल खोलते नजर आए। अब देखना होगा आखिर कार जिम्मेदारों पर कब और क्या कार्रवाई की जाएगी यह देखना अहम होगा। फिलहाल इस पूरे मामले में कार्रवाई का इंतजार है...लेकिन सवाल यही क्या अवैध खनन पर लगेगी लगाम या फिर चलता रहेगा अवैध खनन का खेल?

अनूपपुर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 26 अप्रैल से 5 मइ तक

समाज जागरण

अनूपपुर। अनूपपुर में आगामी 26 अप्रैल से 5 मइ तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन समाजसेवी रामचंद्र केसरवानी के निज निवास एवं होटल सूर्या गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा प्राची देवी के मुखारविंद से वाचन किया जाएगा। 26 अप्रैल को विशाल शोभा यात्रा रामचंद्र केसरवानी के निज निवास से निकल जाएगी।

तेज रफ्तार का कहर: अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के पास स्टेट हाईवे न्यू दमोह पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जुट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा अचानक हुआ और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

मौके पर थाना प्रभारी अमित गौतम, प्रधान आरक्षक डेलन सिंह, प्रधान आरक्षक अजय पटेल, सैनिक परसोत्तम गोस्वामी और चालक आदर्श मिश्रा पहुंचे। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि अज्ञात वाहन की पहचान की जा सके। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, जिससे हादसे के जिम्मेदार वाहन का पता लगाया जा सके। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक सड़क पार कर रहा था या सड़क किनारे खड़ा था, इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो पाएगा।

इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाया जाए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच जारी है।

आउटसोर्स कर्मचारियों का शक्ति प्रदर्शन: 17 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

समाज जागरण

अनूपपुर। जिले में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 को एकजुटता का परिचय देते हुए सशक्त प्रदर्शन किया। भारतीय मजदूर संघ, जिला अनूपपुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की। दोपहर 2:00 बजे ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के नेतृत्व में 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मध्यप्रदेश शासन के माननीय मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर अनूपपुर को सौंपा गया।

यह ज्ञापन दादा ताराचंद यादव, मजदूर संघ जमुना-कोतमा एरिया के विभाग प्रमुख राजेश सिंह परिहार, जिला मंत्री सुमित बक्सरिया एवं विद्युत वितरण कंपनी अनूपपुर के जिलाध्यक्ष सुनील चौरसिया के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान अतिरिक्त कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डे एवं नगर निरीक्षक श्री अरविंद जैन की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की प्रशासनिक गंभीरता भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

नीति निर्माण और सुरक्षा की प्रमुख मांग

ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखते हुए राज्य सरकार से ठोस एवं व्यापक नीति निर्माण की मांग की गई। कर्मचारियों ने कहा कि वर्तमान आउटसोर्स व्यवस्था में कार्यरत श्रमिकों को न तो सामाजिक सुरक्षा प्राप्त है और न ही उन्हें उनके कार्य के अनुरूप उचित वेतन मिल रहा है। इससे उनका आर्थिक और सामाजिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

कर्मचारियों ने आउटसोर्स सर्विस सिक्योरिटी एक्ट अथवा आउटसोर्स निगम मंडल के गठन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों को स्थायित्व, पारदर्शिता और सुरक्षा मिल सकेगी।

श्रम कानूनों के पालन पर जोर

ज्ञापन में श्रम कानूनों के सख्त पालन की मांग करते हुए कहा गया कि 8 घंटे से अधिक कार्य करने पर नियमानुसार ओवरटाइम भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बिचौलिया प्रथा को समाप्त कर कर्मचारियों को सीधे विभाग या संस्था से वेतन भुगतान किया जाए, जिससे शोषण की स्थिति समाप्त हो सके।

कर्मचारियों ने यह भी मांग रखी कि प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए और सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही अनुभव के आधार पर वेतन वृद्धि और नियमित भर्ती में प्राथमिकता देने की नीति लागू करने की भी मांग की गई।

नौकरी सुरक्षा और सामाजिक लाभों पर जोर

ज्ञापन में बिना ठोस कारण नौकरी से निकाले जाने की प्रथा पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। कर्मचारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत या आरोप की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच के बाद ही कार्रवाई की जाए।

इसके अतिरिक्त ईएसआई, ईपीएफ एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभों को अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग की गई। कर्मचारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने, सेवा समाप्ति के विरुद्ध अपील के लिए विभागीय समिति गठित करने तथा सेवाकाल के आधार पर श्रेणी उन्नयन की व्यवस्था करने की भी मांग रखी।

दुर्घटना बीमा, नियमितीकरण और कौशल विकास पर फोकस

ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा लागू करने, 62 वर्ष की आयु तक सेवा का प्रावधान करने तथा रिक्त पदों के विरुद्ध कर्मचारियों के समायोजन एवं नियमितीकरण हेतु ठोस नीति बनाने की मांग भी प्रमुख रूप से शामिल रही।

कर्मचारियों ने कौशल विकास को आवश्यक बताते हुए प्रतिवर्ष तकनीकी एवं गैर-तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने एवं प्रमाणन की व्यवस्था लागू करने की बात कही। साथ ही साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई।

200 से अधिक कर्मचारियों की रही भागीदारी

इस कार्यक्रम में जिले भर से लगभग 200 कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से सुनील चौरसिया, विपुल श्रीवास्तव, संदीप द्विवेदी, रवि प्रजापति, ज्ञानेंद्र पाण्डेय असफाक खान, इरशाद खान, आशिक खान ,इरफान खान,रामप्रसाद तिवारी ,गणेश तिवारी , रामनरेश पटेल, संजय नापित, रंजीत सिंह, रामजी चौरसिया, दीपक यादव, कौशल कुशवाहा, संजय महरा, अनिल तिवारी, विजय बानोदिया, गणेश तिवारी, दीपक गुप्ता, राकेश सिंह, रामसेवक चौधरी, गोविंद चौधरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

आंदोलन की चेतावनी

कार्यक्रम के अंत में संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल शुरूआत है और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

यह आयोजन न केवल कर्मचारियों की एकजुटता का प्रतीक बना, बल्कि प्रशासन और शासन का ध्यान भी उनकी गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करने में सफल रहा।

दमोह में भीषण सड़क हादसा: ट्रक और कार की टक्कर, दो गंभीर घायल; स्थानीय लोगों की तत्परता से बची जान

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह जिले के नरसिंहगढ़ क्षेत्र में सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक ट्रक और फोर व्हीलर वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। यह हादसा चैनपुरा स्थित सुनार नदी के पुल के पास हुआ, जहां टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। इसी दौरान माझी समाज के मंडल अध्यक्ष डालचंद रैकवार, समिति अध्यक्ष लखन रैकवार और गोविंद रैकवार (गढ़ाकोटा) मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए घायलों की मदद में जुट गए। स्थानीय लोगों की इस तत्परता ने घायल व्यक्तियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई, जो उनके जीवन के लिए निर्णायक साबित हो सकती है।

घटना की सूचना मिलते ही नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयास से घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल जिला अस्पताल दमोह भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा तेज रफ्तार और संभवतः लापरवाही के चलते हुआ है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मौके से हटाने के बाद यातायात को भी सुचारु कर दिया गया।

इस हादसे ने एक बार फिर सड़कों पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर कर दिया है। खासकर पुल और संकरी सड़कों पर सावधानी न बरतना जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और रात्रि के समय विशेष सतर्कता बरतें। वहीं, इस घटना में स्थानीय लोगों द्वारा दिखाई गई मानवता और संवेदनशीलता की सराहना की जा रही है। जिस तरह से उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के घायलों की मदद की, वह समाज में सहयोग और जिम्मेदारी की भावना का उदाहरण प्रस्तुत करता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का जल्द खुलासा होने की उम्मीद है।

सोते वक्त पत्नी पर खौफनाक हमला, हंसिए से वार कर किया लहूलुहान – डायल-112 ने बचाई जान

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

तेंदूखेड़ा / दमोह जिले के तेंदूखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत तारादेही थाना इलाके के ग्राम सनाई से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पति ने अपनी ही पत्नी पर सोते समय जानलेवा हमला कर दिया। घरेलू विवाद ने ऐसा खतरनाक रूप लिया कि महिला की जान पर बन आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी पति हुकम आदिवासी ने तड़के करीब 5 बजे अपनी पत्नी रश्मि आदिवासी पर धारदार हथियार (हंसिया) से हमला कर दिया। हमले में महिला के चेहरे पर, खासकर आंख के पास गहरा घाव हुआ, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।खून से लथपथ हालत में मिली महिला हमले के बाद महिला घर में ही खून से लथपथ हालत में पड़ी रही। घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को लगी, जिसके बाद तत्काल डायल-112 को सूचना दी गई।डायल-112 की तत्परता से बची जान सूचना मिलते ही डायल-112 कंट्रोल रूम भोपाल से एफआरवी वाहन क्रमांक 19 मौके पर पहुंचा। आरक्षक देवकरण और पायलट नीरज वर्मा ने बिना देर किए घायल महिला को तुरंत तेंदूखेड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

रात में हुआ हमला, सुबह चला पता पुलिस के अनुसार यह वारदात देर रात ही हो गई थी, लेकिन घटना की भनक सुबह ग्रामीणों को लगी। आरोपी घटना के बाद मौके से फरार हो गया।पुलिस जांच जारी, आरोपी की तलाश तेज

तारादेही थाना प्रभारी आलोक त्रिपुरे ने बताया कि पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के चलते यह घटना हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है

ऑटो-बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत, चार गम्भीर रूप से घायल

समाज जागरण/
विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के नधीरा गांव के पास मंगलवार तड़के ऑटो और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक सवार धरम (35), लोकमन (33), अजय (34) और आरके कुमार (35) निवासी डोडहर थाना बीजपुर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ऑटो में सवार चंपा देवी (30) निवासी नधीरा भी बुरी तरह जख्मी हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में भर्ती कराया गया। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. पल्लवी सिन्हा ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक देखते हुए बाइक सवार चारों युवकों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही धरम ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक, चारों युवक परनी गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नधीरा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो से उनकी भिड़ंत हो गई। वहीं घायल महिला चंपा देवी जरहा से अपने घर लौट रही थीं। बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने मेमो के जरिए पुलिस को सूचना दे दी है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

कोन के सरकारी अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की जब तक तैनाती नहीं होती तब तक संघर्ष जारी रहेगा - आनन्द पटेल दयालु

समाज जागरण/
विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत निगाई में राष्ट्रीय नव निर्माण सेना ट्रस्ट के बैनर तले कोन के सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर और हड्डी के स्पेशलिस्ट डॉक्टर की नियुक्ति को लेकर जोर-दार जन आंदोलन शुरू हो गया है। इस अभियान का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु कर रहे हैं, जिन्होंने स्पष्ट कहा है कि जब तक अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की तैनाती नहीं होगी तब तक यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

इस दौरान गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। करीब 2 लाख आबादी वाले इस क्षेत्र में आज तक स्पेशलिस्ट डॉक्टर की व्यवस्था न होना एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके कारण क्षेत्र की माताओं और बहनों को इलाज के लिए लगभग 70 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि यह केवल सुविधा का मुद्दा नहीं बल्कि जनता के अधिकार और सम्मान का प्रश्न है। उन्होंने युवाओं, बुजुर्गों और सभी वर्गों से अपील की कि इस अभियान से जुड़कर हस्ताक्षर करें और अपनी आवाज को मजबूत बनाएं, ताकि जनप्रतिनिधि भी जागें और इस समस्या का समाधान हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि जब जनता जागरूक होकर योग्य प्रतिनिधियों का चयन करेगी, तभी आम आदमी के हितों की सच्ची लड़ाई लड़ी जा सकेगी और क्षेत्र का समुचित विकास संभव होगा।

इस अभियान में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष महताब आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कनौजिया, दशरथ पटेल, उमेश पटेल, राजकुमार गुप्ता, इंद्रेश पटेल, अमित सिंह, अशोक कुमार पटेल, चंद्रशेखर सिंह, विजय सिंह, नोजू उर्फ पटेल, पप्पू पटेल, बालकिशन पटेल, सतीश गुप्ता, नन्दलाल पटेल, दिनेश कुमार प्रजापति, सुनील कुमार, शिवम, अमन उर्फ अरुण कुमार, देवकुमार पटेल, विजय सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में कोन अस्पताल में जल्द से जल्द स्पेशलिस्ट डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की।

इस अभियान में दर्ज सभी हस्ताक्ष-रकर्ता स्वयं उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर अपनी मांग को मजबूती से उठाया। यह आंदोलन अब गांव गांव तक पहुंचाया जाएगा और जन समर्थन के बल पर इसे और मजबूत बनाया जाएगा।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी, यूपी पुलिस ने 5.66 लाख रुपये कराए वापस

लखनऊ/अयोध्या। उत्तर प्रदेश पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पीड़ितों के 5,66,620 रुपये वापस कराए हैं। यह कार्रवाई अयोध्या पुलिस द्वारा की गई।

पुलिस के अनुसार, अज्ञात ठगों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर और शेयर मार्केट में अधिक मुनाफा दिलाने का लालच देकर पीड़ितों को "डिजिटल अरेस्ट" के नाम पर झांसे में लिया। इसके बाद उनसे लाखों रुपये की ठगी कर ली गई।

ऐसे करते हैं ठग धोखाधड़ी

साइबर अपराधी पहले खुद को किसी सरकारी अधिकारी के रूप में पेश करते हैं, फिर डर या लालच का माहौल बनाकर लोगों से पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं। ह्लडिजिटल अरेस्टह्व जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर लोगों को मानसिक रूप से दबाव में लाया जाता है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र ने कचहरी परिसर स्थित बंद डाकघर को खुलवाये जाने के सम्बन्ध में सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण/
विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र को एक पत्र देकर मांग किया कि जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, सोनभद्र में स्थित उप-डाकघर काफी लम्बे समय से अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं न्यायालय के कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा है। उक्त डाकघर के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, नोटिस, अदालती आदेश एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का प्रेषण किया जाता था। साथ ही प्रवर डाक अधीक्षक, मिजार्पुर मंडल, मिजार्पुर को भी प्रतिलिपि दिया गया!

अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान में यह डाकघर बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया गया है, जिसके कारण अधिवक्तागणों, वादकारियों तथा न्यायिक अधिकारियों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अत्यावश्यक न्यायिक दस्तावेजों को भेजने के लिए अब 3-4 किमी दूर स्थित मुख्य डाकघर जाना पड़ता है, जिससे समय व धन दोनों की हानि हो रही है और न्यायिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती बिंदु यादव एडवोकेट ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के समस्त सदस्यगण की ओर से आपसे अनुरोध है कि जनहित एवं न्यायिक कार्यहित में कचहरी परिसर स्थित उक्त डाकघर को तत्काल प्रभाव से स्थाई रूप से खुलवाने हेतु संबंधित डाक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जावे!

इस अवसर पर पवन कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, रामप्रसाद यादव, चतुर्भुज शर्मा, टीटू प्रसाद गुप्ता, शाहनवाज आलम खान, चंदन जायसवाल, पवन कुमार द्विवेदी, अनुराग पांडेय, अभिषेक सिंह मौर्य, कामता प्रसाद यादव, आदर्श देव पांडेय, रविंद्र पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

होमगार्ड्स भर्ती की लिखित परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में उच्च स्तरीय गोष्ठी आयोजित

समाज जागरण/ आदिवासी
सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। जनपद में आयोजित होने वाली होमगार्ड्स भर्ती2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 21 अप्रैल, 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण एवं उच्च स्तरीय गोष्ठी आयोजित की गई।

उक्त गोष्ठी पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा, अपर जिलाधिकारी सोनभद्र तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अनिल कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, जिसमें परीक्षा से संबंधित समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

गोष्ठी में समस्त उप जिलाधिकारी (SDM), क्षेत्राधिकारी पुलिस (CO), स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, अति-रक्त केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र प्रभारी पुलिस, जनपदीय कंट्रोल रूम प्रभारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान परीक्षा की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा सभी अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास की सुव्यवस्थित व्यवस्था, चेकिंग एवं फ्रिस्किंग की प्रभावी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केन्द्रों पर विशेष सतर्कता तथा यातायात प्रबंधन को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त गोपनीय सामग्री के सुरक्षित परिवहन, भंडारण एवं वितरण की प्रक्रिया को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। कोषागार से परीक्षा केन्द्रों तक सामग्री की सुरक्षित आवाजाही, डबल लॉक व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

जनपदीय कंट्रोल रूम को 247 सक्रिय रखते हुए परीक्षा अवधि के दौरान प्रत्येक गतिविधि की सतत मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से त्वरित रूप से निपटने हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आपसी समन्वय बनाए रखते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करें। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों ने समन्वित प्रयासों के माध्यम से पर-ीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने का संकल्प लिया।

जनपद पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों एवं आमजन से अपील की गई है कि परीक्षा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें एवं प्रशासन का सहयोग करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

आईएमएस लॉ कॉलेज में पर्सनैलिटी राइट्स विषय पर व्याख्यान

समाज जागरण

नोएडा। आईएमएस लॉ कॉलेज में पर्सनैलिटी राइट्स विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बतौर वक्ता विधि विशेषज्ञ एवं अधिवक्ता अंकिता शर्मा ने अपने विचार प्रकट किए। आज के विशेष सत्र का मुख्य विषय "डिजिटल युग में पहचान, निजता एवं व्यावसायिक दुरुपयोग की समझ" रहा, जिसमें छात्रों एवं संकाय सदस्यों को व्यक्तित्व अधिकारों, गोपनीयता संरक्षण तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर व्यक्तित्व के व्यावसायिक उपयोग से जुड़े कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के सलाहकार प्रोफेसर (डॉ.) जेके शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. गोविंद प्रसाद गोयल, विभागाध्यक्ष डॉ. अंजुम हसन के साथ शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी।

अधिवक्ता अंकिता शर्मा ने अपने संबोधन में व्यक्तित्व अधिकारों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पहचान, नाम, छवि और प्रतिष्ठा पर अधिकार है, जिसकी रक्षा कानून द्वारा की जाती है। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के कारण बिना अनुमति किसी की तस्वीर, नाम या पहचान का व्यावसायिक उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने भारतीय कानून में उपलब्ध विभिन्न कानूनी उपायों, न्यायालयों के निर्णयों तथा निजता के अधिकार के माध्यम से व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी।

प्रोफेसर (डॉ.) जेके शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को समकालीन कानूनी विषयों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में व्यक्तित्व अधिकार, निजता संरक्षण तथा साइबर कानून जैसे विषय तेजी से महत्व प्राप्त कर रहे हैं, इसलिए छात्रों को इनके व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ उनके आत्मविश्वास और विश्लेषण क्षमता को भी मजबूत करते हैं। इससे छात्र भविष्य की कानूनी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनते हैं।

डॉ. गोविंद प्रसाद गोयल ने बताया कि आईएमएस लॉ कॉलेज के आईपीआर क्लब के नेतृत्व में आयोजित यह विशेष कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि सत्र का प्रमुख विषय "डिजिटल युग में पहचान, निजता एवं व्यावसायिक दुरुपयोग की समझ" रहा। आईपीआर क्लब के हेड डॉ. सचिन गोयल ने बताया कि आज के कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को व्यक्तित्व अधिकारों के महत्व, निजी जानकारी की सुरक्षा तथा ऑनलाइन मंचों पर किसी की पहचान, नाम और छवि के अनुचित व्यावसायिक उपयोग से जुड़े कानूनी पक्षों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को समकालीन कानूनी चुनौतियों के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाया।

"बाहर से संसारी, भीतर से संस्कारी रहो"—अरैल में हनुमंत कथा में पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का संदेश

समाज जागरण

प्रयागराज। प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में प्रयाग उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित हनुमंत कथा में पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन एकता, राम नाम और संस्कारों पर जोर देते हुए श्रद्धालुओं को संबोधित किया। कथा में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति से सराबोर नजर आया।

'हिन्दू समाज का महासंगम बनो'

कथा व्यास पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह "हिन्दुओं का महासंगम" है और समाज को जाति-पाति से ऊपर उठकर एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की शक्ति एकता में निहित है और सभी को अपनी पहचान पर गर्व करते हुए संगठित रहना चाहिए।

राम नाम को बताया जीवन का आधार

उन्होंने कहा कि "राम नाम की माला ही जीवन का आधार है" और जो व्यक्ति भगवान को अपना सर्वस्व मान लेता है, उसके जीवन में किसी चीज की कमी नहीं रहती। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा—"बाहर से संसा-री लेकिन भीतर से संस्कारी रहो, भगवान के होकर रहो।"

संत संग और विनम्रता पर जोर

पं. शास्त्री ने संतों के सत्संग को जीवन की दिशा बताते हुए कहा कि संतों के साथ बैठकर हरि नाम लेना चाहिए। उन्होंने विनम्रता को जीवन का सबसे बड़ा गुण बताते हुए कहा कि "बड़ा बनने के लिए झुकना पड़ता है।"

भक्ति गीतों से गूंजा माहौल

कथा के दौरान "सीता राम सीता राम कहिए" और "जाही विधि राखे राम" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरा क्षेत्र "जय श्रीराम" के उद्घोष से गूंज उठा।

गणमान्य लोगों की उपस्थिति

कार्यक्रम में अर्जुन त्रिलोचन महा-राज, गणेश केसरवानी सहित कई संत और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन के प्रथम दिवस पर आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कथा देर शाम तक जारी रही और श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बना रहा। आयोजन में समिति के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता सेवा कार्य में सक्रिय रहे।

"रखाइन से विराथू तक: घुसपैठ, जिहाद और बौद्ध प्रतिरोध की पूरी कहानी" – सुरेश चव्हाणके

"इस्लामी विस्तारवाद बनाम बौद्ध आत्मरक्षा: म्यांमार के भिक्षु विराथू का बड़ा बयान" — आशिन विराथू

सुरेश चव्हाणके द्वारा महान संत बुद्ध गुरु आशिन विराथू पर इंटरव्यू ट्रांसक्रिप्ट —

जहां बुद्ध का जन्म हुआ उस जन्मस्थली से आप आए हैं.. मुझे इस बात की बड़ी प्रसन्नता है.. आप भारत भूमि से आए हैं.. हम एक प-रिवार हैं.. आपके मन में जो इच्छा है... मैं उसे पूरा करने को तत्पर हूं.. ठीक है.. (हंसते हुए)

मुस्लिम समाज हमारे देश को हड़पना चाहते थे.. वो अपने मजहब को यहां स्थापित करना चाहते थे.. हम नहीं चाहते थे कि यहां कोई इस्लामिक स्टेट बने.. इसलिये मैंने इस अभियान को शुरू किया.. मुझे इस बात की खुशी है..

बांग्लादेश छोटा देश है.. जनसंख्या ज्यादा है.. खेती की जमीन कम है.. रहने के लिए जगह कम है.. बांग्लादेश से रखाईन नजदीक पड़ता है.. तो घुसपैठिए उसको द्वार के रूप में इस्तेमाल करते हैं.. चोरी से भी घुसते हैं.. इस ब्रह्मदेश को वो अच्छा देश मानते हैं.. इसलिए वो घुसपैठ करते रहते हैं.. आ गए तो फिर निकलना नहीं चाहते यहां से.. दिन प्रतिदिन उनकी घुसपैठ जारी थी.. वहां के मूल निवासियों को प्रताड़ित करते थे.. वहां के मूल निवासी रखाईन हैं.. उनको ही नहीं, वहां बसने वाले हिन्दुओं को भी प्रताड़ित करते थे.. उनको भी वहां से निकालने का प्रयास करते रहते हैं.. बांग्लादेश के बंगाली मुस्लिम यहां पर घुसपैठ करने का लगातार प्रयास करते रहते हैं.. उनका मकसद था कि जितनी ज्यादा संख्या में मुस्लिम समाज यहां आएगा.. तो एक दिन इसे मुस्लिम देश बना लेंगे.. ज्यादा शादी-ब्याह करना और ज्यादा बच्चे पैदा करना ही उनका एजेंडा है.. और इसी आधार पर अगर किसी मोहल्ले में कोई एक जिहादी आ गया तो वो बाकी लोगों का जीना हराम कर देता है..

जी हां.. बिल्कुल.. यहां के जो मूल निवासी हैं.. ईसाई हैं.. उनके बच्चों से शादी करना और बच्चे पैदा करने का काम वो यहां भी कर रहे हैं.. रखाईन जैसी स्थिति ना बने इसलिए पूरे म्यांमार में कानून बना है... दो शादी वर्जित है..

जिहादी बलात्कार करने को शवाब मानते हैं.. ईसाई और हिन्दू लड़कियों के रेप को वो पुण्य काम मानते हैं.. मुसलमान खुद को अल्पसंख्यक बताते हैं.. और वो मानते हैं कि बहुसंख्यक बौद्ध उन्हें दबाते हैं.. वो ऐसा ही झूठा प्रचार करते हैं..

विश्व के पत्रकार मुझसे पूछते थे.. तब मैंने उन्हें ये उदाहरण देकर समझाया था.. अगर एक हजार हिरण के बीच एक शेर आ जाए तो उससे डरना चाहिए क्या?... हम तो बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं.. मैंने तो उनके जवाब में ये बात कही थी.. हमारा मुस्लिमों के प्रति कोई अनादर का भाव नहीं है.. मुस्लिम विश्व को आतंकवाद दे रहे हैं.. उससे मुझे चिंता होती है.. अगर गांव में पागल हाथी आ जाए तो उससे डरना पड़ता है..

मुस्लिम लोग हमें तकलीफ ना दें... हम उसका प्रयास कर रहे हैं.. पागल के प्रति हमारी संवेदना है.. मेरी बात को गलत तरीके से पेश किया गया... हमारे देश में इतने लोग हैं... वो हमारा विरोध कर रहे हैं.. हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे..

आप लोगों के इसी सहयोग से.. मैं बलिदान नहीं हुआ.. मैं आज भी खड़ा हूं.. आपके सहयोग से.. विराथू के नाम से मैं आज तक जीवित हूं.. उस वक्त मैं बिल्कुल नहीं डरा.. मुझे कोई अपशब्द भी कहता है तो सह लेता हूं.. मुझमें बहुत सहनशक्ति है.. कोई डराता-धमकाता है तो उसे भी मैं सह लेता हूं.. अलग-अलग तरीके से मुझे दबाने की कोशिश की जाती है.. मुझे फर्क नहीं पड़ता.. भगवान बुद्ध का उपदेश मुझमें भरा हुआ है.. इसलिये हमारे भीतर इतनी सहनशक्ति है..

यहां के लोग बहुत परेशान थे.. यहां के प्रतिष्ठित लोगों और बौद्ध भिक्षुओं के आग्रह के बाद ये कानून बनाया गया.. अपनी जाति-धर्म की रक्षा के लिये कानून बनाया गया... और उस कानून में कोई भी दो शादी नहीं कर सकता.. एक पत्नी का सिद्धांत रखा गया है... अगर कोई कानून को तोड़ता है तो कड़ी सजा का प्रावधान है.. उसको जेल होगी..

अभी तक तो कानून है... लेकिन एनएलडी सरकार में इसे दबाया गया... लेकिन मौजूदा सरकार इसको मजबूती से लागू करवा रही है.. ये देश इस्लामिक देश ना बने इसके लिए... मैंने अपनी लेखनी से.. प्रवचन से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया.. और उसका प्रभाव भी दिख रहा है..

यूरोप और अमेरिका हम पर हेट स्पीच का आरोप लगाते हैं.. लेकिन मैं तो बस सच बोलता हूं.. सिद्धांत की बात करता हूं... सच्ची बात वो सुनना नहीं चाहते.. इसी लिये मुझ पर वो ऐसा आरोप लगाते हैं... मैं कुछ ना बोलूं इसी लिये वो मुझ पर दबाव बनाते हैं.. लेकिन उनके दबाव के बावजूद मैं अडिग खड़ा हूं..

अभी तक वो दबाने के प्रयास में लगे हैं.. वो जिहादी हैं सरकार से नहीं डरते.. लेकिन विराथू से डरते हैं.. एनएलडी की सरकार में ऐसा लगता था कि मुस्लिम ही सरकार चला रहे हैं.. मैं यूएन को मुस्लिम संघ मानता हूं.. इसकी सभी संस्थाओं में मुस्लिम ही वरिष्ठ अधिकारी हैं.. यूएन और आईसीजे जैसी संस्थाएं मुस्लिमों के हाथ की कठपुतली हैं..

मुसलमानों का घोष वाक्य 786 है.. इन तीनों को मिलाने का योग 21 होता है.. इसका मतलब है कि 21वीं सदी में पूरी दुनिया पर इस्लामी कब्जा हो जाएगा... इसी मकसद को पूरा करने के लिये वो बेचैन हैं.. असत्य और अधर्म का मार्ग अपना रहे हैं..

ब्रह्मदेश के लोग समझदार हैं.. हम लोग अपने भाषणों और प्रवचनों में इस गंभीर विषय पर चर्चा करते रहते हैं.. इसलिये हमारे लोग इसको समझते हैं.. पश्चिम के देशों ने जिहादियों को भला मानकर शरण दी.. उनके मानव अधिकारों को वरियता दी.. इसलिये आज वो इनसे त्रस्त हैं..

मुस्लिमों की दुकानों में 786 लिखा होता है.. मुस्लिम लोग मुस्लिमों से ही सामान खरीदते हैं.. उनका प्रतिकार करने के लिये मैंने 969 का स्लोगन दिया.. बौद्ध धर्म के लोग 969 नंबर वाली दुकान से ही सामान खरीदते हैं..

मुस्लिम से सामान खरीदेंगे तो उनके पास पैसा जाएगा.. उसी पैसे से वो बर्मी लड़कियों से निकाह करेंगे.. बर्मी संस्कृति को नुकसान पहुंचाएंगे.. इसलिये मैंने 969 का आह्वान किया था.. यानी अगर बुद्धिष्ट की दुकान से सामान खरीदते हैं तो उसका व्यापार बढ़ेगा.. ये पैसा बौद्ध धर्म के प्रचार में... स्तूप बनाने में... मठ-मंदिर में लगाया जाएगा..

मैं अपने प्रवचनों में पूछता था कि आप भगवान की संस्कृति को भ्रष्ट करने वालों की मदद करोगे या बौद्ध धर्म के प्रचारकों की मदद करोगे?

शुरूआत में पूरा देश सुनता था... एनएलडी की सरकार आने के बाद मुसलमानों को प्रोत्साहित किया गया.. उसके बाद सुनने वाले लोग कम हो गए.. लेकिन जो लोग अपनी संस्कृति और धर्म को मानते हैं.. वो आज भी इसका पालन कर रहे हैं..

जब मैंने कहा कि मुस्लिमों की दुकान से सामान मत लो तो इस बात से विश्व के लोगों को मिर्ची लगी और मेरी बात को हेट स्पीच कहकर प्रचारित किया गया.. जब पत्रकारों ने मुझसे इस पर सवाल पूछा तो मैंने उन्हें ये उदाहरण देकर समझाया कि... जब आप कुत्ते को खिलाओगे तो वो खाएगा ही.. लेकिन फिर आपके हाथ को काटेगा भी.. तो क्या आप उस कुत्ते को फिर खाना खिलाएंगे?..

पहले हमने मुसलमानों को प्रोत्साहन दिया था.. लेकिन बदले में उन्होंने हमारे समाज को भ्रष्ट किया और बेटियों को लव जिहाद में फंसाया.. जो कुत्ता हाथ काटता है उसे दूसरी बार नहीं खिलाना चाहिए.. ऐसा नहीं कि उनके प्रति सहानुभूति नहीं है.. लेकिन वो हाथ काट लेगा इसका डर है.. जिहादी जिस हाथ से खाते हैं... उसी को काटते हैं..

2021 में मैं कारावास से निकल कर आया.. 1 साल तक मैं जेल में रहा.. इससे पहले भी मैं 8 साल 3 महीने जेल में रह चुका हूं.. 1999 में मैं 9 महीने जेल में रहा.. जब मैं जेल से बाहर आया तो देश में बड़ी अश-ांति थी..

हम बुद्ध के उपदेश का पालन करते हैं.. ये सब उसी का प्रतिफल है.. हम सब बुद्ध के विचारों का पालन करते हैं.. लेकिन उसको पूर्ण रूप से व्यवहार में नहीं ला पा रहे हैं..

जिहादी खिलाने वाले हाथ को भी काटते हैं.. इसलिए हमें सतर्क और सुरक्षित रहना चाहिए.. हमें वो कभी भी तकलीफ दे सकते हैं.. इसलिये ध्यान से उनके साथ व्यवहार करना चाहिए..

ये सभी मुसलमानों के लिये नहीं है.. लेकिन जिहादियों से तो बहुत सावधान रहना होगा.. जिहादियों को दूसरे धर्म के लोगों को मारने में जरा भी संकोच नहीं है.. हम उन्हें सही व्यक्ति मानकर भरोसा कर लेते हैं और वो हमारी पीठ में छुरा भोंक देता है..

लेख रूपरेखाः रविंद आर्य

पोल से टकराया बाइक युवक की मौत

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा हाथी बरनी इंटर कॉलेज के पास उस समय हुआ, जब युवक की बाइक सड़क पार कर रही नीलगाय से टकरा गई।मृतक की पहचान हाथी डीह गांव निवासी छोटू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार छोटू किसी जरूरी काम से खरगूपुर गांव गए थे और देर रात घर लौट रहे थे। जैसे ही वह हाथी बरनी इंटर कॉलेज के समीप पहुंचे, अचानक सामने आई नीलगाय उनकी बाइक से टकरा गई।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा भिड़ी। हादसे में छोटू के सिर में गंभीर चोट आई। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हाथी बाजार ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीएचसी हरहुआ पर 12 महिलाओं का दूरबीन विधि से हुआ बंध्याकरण।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। पीएचसी हरहुआ पर आज मंगलवार को 12 महिलाओं का दूरबीन विधि से सफल बंध्याकरण हुआ। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने अवगत कराया कि आशा कार्यकताओं को जिम्मेदारी देकर एम्बुलेंस के जरिये लाभार्थी को केंद्र लाया गया जहाँ पर विशेषज्ञ डॉ0 सन्तोष कुमार सर्जन ने ऑपरेशन किया। लाभार्थी को टांका कटने तक भारी सामान न उठाने व दिए गए किट का नियमित उपयोग कर सामान्य भोजन लें और ठंड से बचकर रहें। आशा कार्यकर्ता को प्रति लाभार्थी 200/और लाभार्थी के खाते में 2000/अगले दिन भेज दी जाती है। ऑपरेशन बाद हर लाभार्थी को एम्बुलेंस के द्वारा उनके घरों तक भेजा गया।

हरिनारायण हरीश के निधन पर शोक सभा का आयोजन

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

साहित्य चेतना समाज की शोक सभा संस्था के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी के सहकारी कॉलोनी ,आमघाट गाजीपुर स्थित आवास पर हुई।सभा में ख्यातिलब्ध मंच संचालक,वरिष्ठ साहित्यकार,रेल मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य हरिनारायण हरीश के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी 'अमर' ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि साहित्य चेतना समाज की स्थापना के समय से ही संस्था को हरीश जी का सहयोग व स्नेह मिलता रहा है।अत्यंत सहज,सरल,विनम्र एवं मृदुभाषी हरीश जी के निधन से गाजीपुर के साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति हुई है।समय-समय पर संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं कवि-सम्मेलनों का संचालन उन्होंने किया।उनकी आवाज में ऐसा जादू था कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते।अपने कुशल संचालन से किसी भी आयोजन को महत्तर ऊँचाई प्रदान कर देते थे।अभी हाल ही में उनका काव्य-संग्रह 'समय आने पर' प्रकाशित होकर आया है।उनकी अन्य प्रकाशित प्रकाशित कृतियाँ हैं-अतीत के आईने (लघुकथा संग्रह),कर्ण:पहचान की तलाश में (खण्ड-काव्य),आखिर कब तक (मिथकीय काव्य-संग्रह)।संस्था वर्ष 2021 में उन्हें 'गाजीपुर गौरव सम्मान' से अलंकृत कर स्वयं गौरवान्वित हुई है। सभा के अंत में मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।शोक सभा में संस्था के अध्यक्ष डॉ.रविनन्दन वर्मा,उपाध्यक्ष संजीव गुप्त,सचिव हीरा राम गुप्ता,संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी,कोषाध्यक्ष राजीव मिश्र,आनन्द प्रकाश अग्रवाल,शशिकांत राय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कर्मवीर सत्यदेव सिंह की 97वीं जयंती पर आज कवि सम्मेलन व साहित्यकार सम्मान

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर के संस्थापक पूज्य कर्मवीर सत्यदेव सिंह की 97 वे जन्म जयंती के अवसर पर आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:00 बजे से सत्यदेव कॉलेज गाजीपुर के सभागार में कवि सम्मेलन एवं साहित्यकारों का सारस्वत सम्मान आयोजित है।

इस अवसर पर कवि सम्मेलन के उपरांत प्रीति भोज है।

अतः उपरोक्त अवसर पर पधार कर अपनी उपस्थिति से हम सभी को गौरवान्वित करने की कृपा करें। यह जानकारी डाक्टर आनंद सिंह सी एम डी एवं, डाक्टर सानंद सिंह प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज के द्वारा दी गई है।

हलिया ब्लॉक सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

समाज जागरण

मीरजापुर /हलिया विकास खंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।भारत सरकार की हर घर जल' योजना के तहत हर ग्रामीण परिवार को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। मिजार्पुर में यह काम जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहा है।बैठक में पाया गया कि हलिया विकास खंड की कई ग्राम पंचायतों के मजरों/टोलों में अभी भी नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। कुछ जगह नल कनेक्शन तो लगे हैं पर पानी नहीं आ रहा।बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने सभी ग्राम प्रधानों से उन मजरों की सूची सौपी है जहां पानी की सप्लाई बाधित है या अनियमित है। यह सूची जल जीवन मिशन के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के लिए भेजने के निर्देश दिए। चिन्हित मजरों में पाइप लाइन लीकेज, मोटर खराबी या बिजली समस्या की जांच होगी- जहां काम अधूरा है वहां ठेकेदारों से जल्द पूरा कराने को कहा गया - ग्राम प्रधानों को पानी समिति सक्रिय करने और योजना की निगरानी रखने को कहा गया

'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को 2026 तक पूरा करना है। बीडीओ ने कहा कि कोई भी मजरा पेयजल से वंचित न रहे, इसकी जिम्मेदारी प्रधान और जल निगम दोनों की है।बैठक में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ,सीएम फेलो गौरव सिंह,जल जीवन मिशन के सहायक अभियंता प्रशांत तिवारी , ग्राम प्रधान गलरा अरुण मिश्रा, गौरवा प्रशांत दुबे, नदना मनोज शर्मा, गुर्गी रमेश मौर्य, बनवा इंद्र बहादुर बिंद,भटवारी राजेश मौर्य, पुरवा औसान सिंह सूरज मौर्य, लोहरौव संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

भीषमपुर गांव में बनेगा भव्य महादेव का मंदिर

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी के भीषमपुर गांव की हरिजन बस्ती निवासी राजेंद्र रामदास की आस्था और भक्ति की अनूठी कहानी सामने आई है। दस साल पहले तक वह नंगे पांव पैदल ही बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए जाते थे और हर सोमवार को महादेव का आशीर्वाद लेते थे।

गहरी श्रद्धा से प्रेरित होकर उन्होंने अपने खेत में ही महादेव को स्थापित कर दिया। हालांकि उस समय न तो कोई छत थी और न ही कोई व्यवस्था, जिससे भोलेनाथ खुले आसमान के नीचे विराजमान रहे। बाद में उन्होंने महादेव को अपने दरवाजे पर स्थापित किया, लेकिन पांच वर्षों तक वहां भी कोई मंदिर निर्माण नहीं हो सका।

इसी दौरान एमएलसी धर्मेंद्र सिंह उधर से गुजर रहे थे कि उनकी नजर महादेव पर पड़ी और उन्होंने खुले आसमान के नीचे विराजमान भगवान

को देखकर तत्काल उसी गांव के रहने वाले अपने प्रतिनिधि संदीप सिंह मिंटू को मंदिर निर्माण कराने का निर्देश दिया।

आखिरकार आज राजेंद्र रामदास और उनकी पत्नी ने पूरे विधि-विधान से महादेव मंदिर का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर संदीप सिंह मिंटू उपस्थित रहे और उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही मंदिर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम में राजेंद्र रामदास के परिजन बैजूराम, अलगुराम, नीरजराम, बैजनाथ राम, रामधनी राम और पप्पू राम मौजूद रहे। वहीं गांव के धीरज सिंह, सचिन सिंह, राजन सिंह और सुभाष सिंह सहित अन्य ग्रामीण भी शामिल हुए। ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही भीषमपुर में महादेव का भव्य मंदिर बनकर तैयार होगा।

ट्रक के टक्कर से कार गड्ढे में पलटी, बाइक सवार दंपत्ति व मासूम घायल

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा बाईपास पर सुरही गांव के पास लाइनेक्स हॉस्पिटल के ठीक सामने मंगलवार की सुबह 11बजे एक एक ट्रक के बगल से कार में टक्कर लगने से कार गड्ढे में पलट गई वही कार के आगे जा रहे बाइक सवार भी चपेट में आने से कार व बाइक दोनो सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गए दुर्घटना में बाइक सवार युवा दंपत्ति व उनका डेढ़ वर्षीय मासूम घायल हो गया। जबकि कार सवार चारों लोगो को हल्की फुल्की चोटें आई।दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बाइक सवार घायलों को लाइनेक्स हास्पिटल के स्वास्थ्य कर्मियों ने उठाकर भर्ती किया जहां उनका उपचार चल रहा है।

बताया जाता है कि गजापुर थाना बड़ागांव निवासी शुभम कुमार 30वर्ष पत्नी अंतिमा 27वर्ष अपने

डेढ़ वर्षीय मासूम को लेकर ससुराल मथुरापुर जलालपुर जौनपुर जा रहा था । वाराणसी की तरफ से जा रही कार को एक ट्रक ने बगल से टक्कर मार दी जिससे कार असन्तुलित होकर बाइक सवार को टक्कर मार दिया इसके बाद कार व बाइक दोनो गड्ढे में पलट गए ।घटना में बाइक सवार घायल हो गए घटना के बाद अफरा तफरी मच गई तभी सामने हॉस्पिटल से कर्मियों ने स्टेचर पर रखकर घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती किया ।उपचार के बाद घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। कार में चार लोग सवार रहे जो वाराणसी से बदलापुर जौनपुर जा रहे थे। कार बदलापुर के बीडीओ धर्मेंद्र प्रसाद द्विवेदी चला रहे थे । सभी कार सवार लोगो को हल्की फुल्की चोटें आई जो घटना के कुछ ही देर बाद सुलह समझौता करके गंतब्य को रवाना हो गए।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पूछताछ करके लौट गई।

गिट्टी लदे अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक में मारी टक्कर,दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

- गंभीर रूप से घायल बाइक चालक मंडलीय अस्पताल रेफर
- मध्य प्रदेश में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से लौट रहे थे। घर से लगभग 2 किलोमीटर पहले घटी घटना

समाज जागरण

मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित लहुरियादह गांव में मंगलवार सुबह नौ बजे के करीब अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीन लोगों में दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद ट्रेलर चालक गिट्टी लदे ट्रेलर को हाइवे पर छोड़कर भाग निकला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक चालक को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। मध्य प्रदेश के रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र के बुदामा गांव निवासी 57 वर्षीय लक्ष्मी नारायण पाल अपने नाती 18 वर्षीय अंकित कुमार पाल निवासी नेवढ़िया थाना सोहागी जिला रीवा मध्य प्रदेश के साथ बाइक से प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र

के महुली गांव निवासी 56 वर्षीय अपने समधी हरिशंकर पाल के यहां गए। यहां से तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर सोमवार की शाम रिश्तेदार के यहां बरात में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के कचनार गांव गए थे। मंगलवार सुबह तीनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे सुबह नौ बजे के करीब जैसे ही लहुरियादह गांव में पहुंचे तो मध्यप्रदेश की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मी नारायण पाल व हरिशंकर पाल उर्फ कैर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा अंकित पाल गंभीर से घायल हो गया। हेलमेट पहनने की वजह से अंकित के सिर में चोटें नही आई लेकिन पैर में गंभीर चोट आई हैं।सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ विनोद सिंह, शिवाकांत पांडेय एसआइ पुनीत गुप्ता ने घटना की जांच करते हुए घायल बाइक चालक को उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर चोट को देखते हुए बाइक चालक को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मध्य प्रदेश निवासी मृतक लक्ष्मी नारायण पाल को दो पुत्र हैं। प्रयागराज जिला निवासी मृतक हरिशंकर पाल उर्फ कैर को दो पुत्र और दो पुत्री हैं। जिसमें एक पुत्र अविवाहित है। दोनों मृतक खेती-बाड़ी कर परिवार का गुजर बसर करते थे। घटना की खबर पाकर मृतकों के रिश्तेदार व परिजन ड्रमंडगंज थाने पहुंच गए। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम से बाइक से घर जा रहे दो लोगों की ट्रेलर की टक्कर से मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

तेजगढ़ कलारी में मनमानी! तय दर से अधिक कीमत पर शराब बिक्री, नियमों की खुली अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

तेजगढ़/ दमोह तेजगढ़ क्षेत्र में स्थित कलारी इन दिनों विवादों में घिर गई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यहां खुलेआम मनमाने दामों पर शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गद्दी पर बैठे संचालकों द्वारा निर्धारित दरों को नजरअंदाज कर अवैध रूप से अधिक कीमत वसूली जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार को सीमित क्षेत्र में बिक्री का लाइसेंस दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद गांव-गांव अवैध रूप से शराब की सप्लाई की जा रही है। इससे न केवल नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि सामाजिक माहौल

भी प्रभावित हो रहा है।

सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि संबंधित कलारी मुख्य सड़क से महज कुछ मीटर की दूरी पर संचालित की जा रही है, जबकि नियमानुसार शराब दुकान को मुख्य मार्ग से कम से कम 500 मीटर दूर होना चाहिए। इस नियम की अनदेखी से यहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चों और आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कलारी संचालकों को न तो प्रशासन का डर है और न ही कानून का खौफ। कुछ लोगों ने यहां तक दावा किया कि जिसे जो करना है कर ले इस तरह की मानसिकता के साथ अवैध गतिविधियां जारी हैं। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं और मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और आम जनता को राहत मिल सके।

जनसुनवाई में पेयजल, सड़क व आवास समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनी में मंगलवार दोपहर समाज उत्थान सेवा समिति के सहयोग से जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल ने बनवासी बस्ती के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने पेयजल की कमी, सोलर लाइट, सड़क और आवास से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से रखीं।

मौके पर ही विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल ने खंड विकास अधिकारी, सेवापुरी से दूरभाष पर वार्ता कर एक आवास स्वीकृत कराया। साथ ही उन्होंने अपने निधि

से एक हैंडपंप और एक सोलर हाईमास्ट लाइट लगवाने की घोषणा कर बस्तीवासियों को राहत दी।

उन्होंने समाज उत्थान सेवा समिति के कार्यकताओं से आग्रह किया कि जिन लोगों के आधार कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उनकी सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं, ताकि शेष लोगों का आधार पंजीकरण कराया जा सके।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अनिल कुमार, रविंद्र कुमार यादव, प्रीति देवी, रूपा पटेल तथा बनवासी बस्ती से वालंटियर गूंजा देवी और परमिला का विशेष सहयोग रहा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतेजाम सुनिश्चित हो:मुख्यमंत्री

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचे और सर्किट हाउस में प्रधानमंत्री के संभावित वाराणसी दौरे के दृष्टिगत प्रशासनिक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा लिये जाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के आवागमन की समुचित व्यवस्था के साथ ही वाहनों के पार्किंग, पेयजल आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के अलावा पूरे शहर की बेहतर स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए स्ट्रीट डॉग एवं छुट्टे पशुओं को आश्रय स्थलों में रखे जाने का निर्देश दिया। स्ट्रीट वेंडरों का भी समुचित व्यवस्थापन सुनिश्चित कराया जाय।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर देते हुए रूट डाइवर्जन की बेहतर व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया, ताकि आम जनमानस को कोई परेशानी न होने पाए। बैठक में प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के दौरान लोकार्पित एवं शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं के बाबत मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने रोप-वे की

परियोजना के प्रगति की समीक्षा के दौरान तेजी से कार्य कराये जाने का निर्देश दिया। गंजारी में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान भी कार्य को युद्धस्तर पर कराते हुए शीघ्र पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने बताया कि जुलाई के प्रथम सप्ताह तक स्टेडियम का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने मणिकर्णिका घाट एवं दालमंडी के सड़क चौड़ीकरण का कार्य में तेजी लाते हुए गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, अश्वनी त्यागी, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक डॉ अवधेश सिंह, मंडलायुक्त एस राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, एडीजी जोन पियूष मोर्डिया, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा, पूर्वांचल विद्युत वितरण के एमडी शंभु कुमार, वीसी वीडीए पूर्ण बोरा, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, सीडीओ प्रखर कुमार, डीएफओ श्रीमती स्वाति सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि समेत महिला मोर्चा से जुड़ी पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

परिजनों से बिछड़े तीन बच्चों को दुकानदार ने परिजनों से मिलाया बिछड़े हुए बच्चे पाकर परिजन हुए खुश

समाज जागरण

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी तीन बच्चे अपने परिवार के साथ सोमवार को हलिया बाजार आए थे परिवार से बिछड़ गए और तीनों बच्चे रोने बिलखने लगे भटके हुए तीनो बच्चों को सड़क पर घूमता हुए भटवारी गांव स्थित जीतेन्द्र सिंह के किराना की दुकान पर पहुँचे बच्चों को देखकर भटवारी गांव निवासी रोहित सिंह ने बच्चों को पानी पिलाकर और बच्चों से परिजनों का नाम व गांव पूछकर बच्चों के परिजनों को सूचना

दिया। दुकानदार रोहित सिंह ने एक ऐसी मानवता के लिए मिसाल पेश की। मौके पर पहुँचे बच्चों के परिजन नीरज कहार ने पिछड़े हुए बच्चों को पाकर ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए बच्चों को घर लेकर चले गए।

कागजों में विकास, जमीन पर अधूरे काम — भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग

समाज जागरण, जिला संवाददाता: उदय सिंह लोधी

हटा/दमोह। जनपद पंचायत हटा अंतर्गत ग्राम पंचायत भिडारी में शासकीय विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में जिला पंचायत दमोह के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक विस्तृत शिकायत सौंपकर उच्चस्तरीय जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में सांसद निधि, 15वें वित्त आयोग, 5वें वित्त आयोग, पुरस्कार निधि सहित विभिन्न मदों से स्वीकृत कई निर्माण कार्यों में भारी गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन कार्यों के लिए स्वीकृत पूरी राशि आहरित कर ली गई, लेकिन अधिकांश कार्य या तो अधूरे छोड़ दिए गए हैं या फिर प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराए गए।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि निर्माण कार्यों में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। कई स्थानों पर स्वीकृत डिजाइन एवं तकनीकी मापदंडों का पालन नहीं

किया गया, जिससे निर्माण की स्थायित्व और उपयोगिता प्रभावित हो रही है।

जिन कार्यों में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, उनमें शंकर जी चबूतरा निर्माण, पंचायत भवन का जीर्णोद्धार, खैजराखुर्द में चबूतरा निर्माण, सभा मंच निर्माण, बीड़ी श्रमिक कॉलोनी में पुलिया निर्माण, झामर में निमार्णाधीन पुलिया तथा पंचायत के सामने सीसी रोड निर्माण प्रमुख हैं। इसके अलावा नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों में भी गड़बड़ी के आरोप लगाए गए हैं।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ कार्यों में स्वीकृत पाइप के स्थान पर छोटे आकार के पाइप लगाए गए, जबकि कई कार्य अधूरे होने के बावजूद पूरी राशि निकाल ली गई। साथ ही, कई निर्माण कार्यों का विधिवत मूल्यांकन भी नहीं कराया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि एक स्वतंत्र जांच टीम गठित कर सभी कार्यों का स्थल निरीक्षण एवं तकनीकी मूल्यांकन कराया जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। साथ ही दोषी सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई है।

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर क्या रुख अपनाता है और क्या वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई होती है या नहीं।

नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।



यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।

इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न होने पर भाजपा का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।

21 अप्रैल 2026 (मंगलवार)। किशनगंज जिला अंतर्गत धरमगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय में ह्नारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह किशनगंज जिला प्रभारी श्रीमती गुंजा बैगानी (महिला मोर्चा) ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उनके अधिकारों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधेयक प्रस्तुत किया गया था।

उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित विधेयक में परिसीमन के साथ-साथ लोकसभा की सीटों में वृद्धि का प्रावधान भी शामिल था, ताकि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में अधिक भागीदारी मिल सके। श्रीमती बैगानी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के कड़े विरोध के कारण यह विधेयक पारित नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि नारी सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार निरंतर प्रयासरत है, लेकिन विपक्ष की नकारात्मक राजनीति इसमें बाधा उत्पन्न कर रही है। श्रीमती बैगानी ने आगे कहा कि देश की महिलाएं अब इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेंगी और आने वाले दिनों में व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने लंबे शासनकाल के दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए।

प्रेस वार्ता के दौरान महिला मोर्चा और भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सोनी देवी, महामंत्री दुर्गा स्वर्णकार, उपाध्यक्ष मीरा रामदास, नगर अध्यक्ष पुष्पांजलि देवी, सृष्टि कुमारी, रीता देवी, जिला उपाध्यक्ष ज्योति कुमार सोनू, जिला प्रवक्ता राजेश गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी सुबोध माहेश्वरी, मनोज मुजमदार, शुभम राजा सिन्हा, विशाल स्वर्णकार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

अरार्बाड़ी में महिला हत्या कांड का 5 दिनों में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज जिले के अरार्बाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूबाड़ी गांव में हुई महिला हत्या कांड का पुलिस ने महज पांच दिनों में सफल उद्भेदन कर लिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें मृतका का रिश्तेदार भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, 15 अप्रैल 2026 की रात बालूबाड़ी गांव में मकई के खेत से एक महिला का शव बरामद हुआ था। मृतका की पहचान सनवरी बेगम, पति अंसार आलम, निवासी बालूबाड़ी, वार्ड संख्या-02 के रूप में हुई। इस संबंध में 16 अप्रैल को अरार्बाड़ी थाना में मामला दर्ज किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए किशनगंज पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (SIT) का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 से अधिक लोगों से पूछताछ की और 15 स्थानों पर छापेमारी की।

जांच में खुलासा हुआ कि मृतका और उसके भैंसुर फजले रब्बी के बीच पुरानी रंजिश थी। आरोपी फजले रब्बी मृतका पर घर बेचकर बाहर जाने का दबाव बना रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने अपने सहयोगी मैनुल हक के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोपियों ने मृतका को जलावन का लालच देकर खेत में बुलाया और मौके का फायदा उठाकर उसे दूसरे खेत में ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से मुख्य आरोपी ने स्वयं ही प्राथमिकी दर्ज करा दी थी।

विशेष अनुसंधान दल ने साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों—फजले रब्बी (55 वर्ष) और मैनुल हक (50 वर्ष)—को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, अंतिम निष्कर्ष के लिए मेडिकल और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाने की तैयारी की जा रही है।

नगर पंचायत नबीनगर के वार्ड 8 में जल संकट गंभीर अधिकारी मौन

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नगर पंचायत क्षेत्र नबीनगर के वार्ड 8 स्थित मंगल बाजार,पुरानी पोस्ट ऑफिस गली, संघत रोड में जल संकट भीषण रूप से गहरा गया है।पानी का लेयर नीचे चले जाने के कारण अधिकांश घरों का चापा कल बंद पड़ा है।इन घरों का एकमात्र सहारा नगर में चल रहे नल जल योजना है।लेकिन वार्ड 8 के कई क्षेत्रों में महीनों से नल जल ठप पड़ा है।इस क्षेत्र में नाली एवं सड़क निर्माण के कारण कई जगह नल जल का पाइप कट जाने के कारण सप्लाई बाधित था लेकिन सड़क एवं नाली निर्माण हो जाने के बावजूद महीनों से नल जल योजना ठप पड़ा है।वहीं कई क्षेत्रों में पानी का प्रवाह काफी धीमी है। जितेंद्र कुमार ,शाहनवाज आलम, मिथुन,प्रदीप कुमार, अनील कुमार,संजय ,गीता देवी प्रभा देवी ,कन्हाई गोस्वामी सहित कई लोगों ने नल से जल का सप्लाई न होने पर रोष जताया।इस बाबत वार्ड 8 में कार्यों का मरम्मत एवं देख रख कर रहे 8 वार्ड के पार्षद पुत्र दीपक कुमार चंद्रवंशी से पूछे जाने पर उनका रवैया नल जल के प्रति उदासीन है। मामले में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से पूछे जाने पर गोल -मटोल जवाब देते हुए बात टालने का प्रयास किया गया।इस बीच गर्मी और हिट वेव अपनी चरम सीमा पर है।सरकार और जिला प्रशासन नल जल के प्रति सख्त भी है ।हाल ही में जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सभी प्रखंडों के लिए पत्र जारी कर गर्मी और हिट वेव को देखते हुए सभी जगह पर्याप्त जल की व्यस्था करने का निर्देश जारी किया है ताकि किसी भी प्रकार का जनहानि न हो।जबकि नगर पंचायत नबीनगर वार्ड 8 के नागरिक नल जल के लिए तरस रहे हैं।पीड़ित लोगों ने समाचार पत्र के माध्यम से अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द से जल्द नल जल सप्लाई चालू करने का अनुरोध किया है।

सामुदायिक सहभागिता से तेज हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान

- ग्राम स्तर पर संवाद से टूटी भ्रांतियां, बढ़ा विश्वास
- एक दिन में 243 बालिकाओं का टीकाकरण, कुल संख्या 1903 पहुंची

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

महिलाओं में होने वाला गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है, जो लंबे समय तक बिना लक्षण के विकसित होती है। इस बीमारी का मुख्य कारण मानव पेपिलोमा विषाणु (एचपीवी) संक्रमण है। इससे बचाव के लिए एचपीवी (गार्डासिल) वैक्सीन बालिकाओं के लिए एक प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में उपलब्ध है। जिले में चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को सामुदायिक सहभागिता से नई गति मिल रही है। बहादुरगंज प्रखंड के देवोत्तर बिरनिया गांव में आयोजित सामुदायिक बैठक ने इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक में ग्रामीणों को टीकाकरण के महत्व, इसके लाभ और इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। खुले संवाद के माध्यम से लोगों की शंकाओं का समाधान किया गया, जिससे उनमें विश्वास बढ़ा।

इस अवसर पर जिला सामुदायिक उत्प्रेरक सुमन सिन्हा, प्रखंड सामुदायिक प्रबंधक, आशा फैसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। सभी ने मिलकर घर-घर संपर्क कर प्रत्येक पात्र बालिका तक टीकाकरण पहुंचाने का संकल्प लिया। अभियान के तहत अब तक जिले में 1903 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। विशेष रूप से मंगलवार को एक ही दिन में 243 बालिकाओं को टीका लगाया गया, जो अभियान की बढ़ती गति को दशार्ता है।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम स्तर पर जागरूकता गतिविधियां अभियान को प्रभावी बना रही हैं और लक्ष्य शत-प्रतिशत कवरेज का है।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को यह जीवनरक्षक टीका अवश्य दिलवाएं।

जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी जरूरी है और इसे जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा।

भारत-नेपाल सीमा से जुड़े मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, सख्ती बरतने के निर्देश

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीमा पर सतर्कता और सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि सीमा क्षेत्र में ड्रग्स एवं नारकोटिक्स की तस्करी रोकने के लिए बिहार पुलिस को और अधिक गंभीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने पूर्व में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए इसे और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही, ह्यनो मैन्स लैंडह्न पर अतिक्रमण हटाने और उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से सीमा पर बने अतिक्रमित धार्मिक ढांचों को हटाने में स्थानीय संवेदनशीलता और सांस्कृतिक पहलुओं का ध्यान रखने को कहा गया।

मुख्य सचिव ने नेपाल में हालिया घटनाओं के मद्देनजर सतर्क रहते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव को देखते हुए बिहार सीमा पर विशेष चौकसी बरतने और हर हाल में विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया। बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सीमा क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सिविल सोसाइटी और प्रशासन के सहयोग से आसूचना तंत्र को मजबूत किया जाए। मानव तस्करी की रोकथाम, ड्रग्स सप्लाई चेन तोड़ने और नकली नोट गिरोहों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में किशनगंज एवं अररिया के जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य सचिव ने भारत-नेपाल सीमा पर क्षतिग्रस्त पिलरों को निर्धारित समयसीमा में दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया।

बैठक में सशस्त्र सीमा बल (रइ) के प्रतिनिधियों ने भी सीमा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखा। इस दौरान पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त, गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

पटना में पोखर में डूबने से युवक की मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-139 पर किया घंटों हंगामा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के भूसौला दानापुर में सोमवार की रात पोखर में डूबने से एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान विक्रम के मोहनपुर निवासी बीरेंद्र माझी के रूप में हुई है, जो अपने रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होने आया था। इस घटना के बाद प्रशासनिक सुस्ती से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह एम्स गोलंबर के पास नेशनल हाईवे 139 को जाम कर जमकर उत्पात मचाया।परिजनों के मुताबिक, सोमवार रात करीब 10 बजे बीरेंद्र शौच के लिए पोखर किनारे गया था, जहाँ पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। रात भर स्थानीय स्तर पर खोजबीन की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। सुबह तक प्रशासन की ओर से गोताखोर नहीं पहुँचने पर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। मृतक की पत्नी सरस्वती देवी और तीन मासूम बच्चों का विलाप देख हर किसी की आँखें नम थीं। गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर टायर जलाकर प्रशासन विरोधी नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने न केवल आवागमन ठप किया, बल्कि कुछ वाहनों में तोड़फोड़ भी की। इस दौरान एम्स जाने वाली एम्बुलेंस और गंभीर मरीज घंटों जाम में फंसे रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस 'खूनी पोखर' में अब तक 7 से अधिक जानें जा चुकी हैं, फिर भी प्रशासन ने घेराबंदी या चेतावनी बोर्ड लगाने की जहमत नहीं उठाई।तनाव बढ़ता देख फुलवारी शरीफ, जानीपुर और नौबतपुर थानों की पुलिस मौके पर पहुँची। घंटों की मशक्कत और मुआवजे व पोखर की घेराबंदी के आश्वासन के बाद स्थिति नियंत्रित हुई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बरामदगी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है।

पटना में अपराधियों के हौसले बुलंद

वीवीआईपी इलाकों में चेन छिनतई की घटनाओं से दहशत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी पटना में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। शहर के रिहायशी और वीवीआईपी इलाकों में बाइक सवार अपराधियों के बढ़ते आतंक ने पुलिसिया गश्त और दावों की पोल खोल दी है। ताजा मामला शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है, जहां बेखौफ अपराधियों ने एक महिला से सोने की चेन छीन ली। राजेंद्र नगर रोड नंबर 6, जिसे शहर का बेहद संवेदनशील और हाई-प्रोफाइल इलाका माना जाता है, वहां अपराधियों ने दिनदहाड़े चुनौती दी है। इस इलाके में कई न्यायिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सुप्रसिद्ध लोकगायिका शारदा सिन्हा का आवास भी स्थित है।

मिली जानकारी के अनुसार, एक व्यवसायी परिवार की महिला अपनी बेटी के साथ घर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछे से झपट्टा मारकर करीब 20 ग्राम सोने की चेन छीन ली। झपट्टे के दौरान चेन के दो टुकड़े हो गए, जिसका आधा हिस्सा लेकर अपराधी फरार हो गए। इस घटना के बाद से स्थानीय निवासियों में भारी रोष और भय का माहौल है।पटना के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह में छिनतई का ग्राफ तेजी से ऊपर भागा है। कदमकुआं थाना क्षेत्र में महज एक सप्ताह के भीतर छिनतई की 4 से 5 घटनाएं दर्ज की गई हैं। दिनकर चौक पर बीते 19 अप्रैल को दिनकर चौक के पास एक छात्र से सरेराह बैग छीन लिया गया। पॉश इलाके के पाटलिपुत्र, कदमकुआं और राजेंद्र नगर जैसे क्षेत्रों में बाइकर्स गैंग सक्रिय है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की गश्ती केवल कागजों पर सिमट कर रह गई है। अपराधियों में पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है, जिससे महिलाएं अब घर से बाहर निकलने में भी असुरक्षित महसूस कर रही हैं। लोगो का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी न के बराबर है। अपराधी वारदात को अंजाम देकर आसानी से गलियों से निकल जाते हैं और पुलिस सीसीटीवी खंगालने तक सीमित रह जाती है। वही जानकारों का मानना है कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तत्काल आवश्यकता सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क को और अधिक सघन और फंक्शनल बनाना। बाइक सवार संदिग्धों की सघन तलाशी और मुख्य चौराहों पर पुलिस की तैनाती। अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर जनता में विश्वास बहाल करना आवश्यक है।

जलकर हुआ खाक, लाखों का हुआ नुकसान

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र अंतर्गत जयहिंद तेंदुआ गांव में भीषण आगलगी की घटना हुई है जिसमें पचास बीघा से अधिक में लगी गेहूं का फसल जलकर खाक हो गई है ।मिली जानकारी के अनुसार आग लगने की घटना सोमवार को सुबह की बताई जा रही है। किसान विंध्याचल प्रसाद सिंह ने बताया कि यह घटना जयहिंद तेंदुआ गांव के आहर के समीप खेतों में लगभग 50 बीघा से अधिक में गेहूं के फसल लहलहा रहा था लेकिन आग लगने से पूरी फसल जलकर खाक हो गई घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।वही माली थाना की 112 नंबर डायल पर पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। किसान विंध्याचल सिंह ने बताया कि खेत में किसान विंध्याचल सिंह के अतिरिक्तकिशन अजय सिंह, विनोद सिंह, रविन्द्र सिंह, धनंजय सिंह,गुगन सिंह के अतिरिक्त कई किसानों की गेहूं की फसल जलकर खाक हुआ है ।वहीं आगलगी से खलिहान में रखे चना,मोटर का पाइप,जानवरों के लिए रखे गए पुआल आदि भी जलकर खाक हुआ है।उन्होंने यह भी बताया कि इस आगलगी में वन विभाग द्वारा लगाए गए दर्जनों पेड़ भी जलकर नष्ट हो गया।इस आगलगी से किसानों को लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है ।किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग किया है।

बिहार सरकार का बड़ा फैसला

224 राजस्व कर्मचारियों का निलंबन रद्द, काम पर लौटने के निर्देश

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ बिहार में प्रशासनिक कामकाज को गति देने के लिए नीतीश-सम्राट सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्यभर में निलंबित किए गए 224 राजस्व कर्मचारियों का निलंबन तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। इस फैसले से अंचल स्तर पर महीनों से ठप पड़े दाखिल-खारिज और जमीन मापी जैसे कार्यों के पटरी पर लौटने की उम्मीद है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार, 11 फरवरी से 19 अप्रैल के बीच जिन कर्मचारियों को निलंबित किया गया था, उन्हें राहत दी गई है। ज्ञात हो कि बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मचारी ग्रेड-पे में वृद्धि और गृह जिला स्थानांतरण जैसी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर चले गए थे। हड़ताल के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हुए थे।शुरूआत में विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए सामूहिक कार्रवाई की थी, लेकिन कार्यों में आ रही बाधा को देखते हुए अब बीच का रास्ता निकाला गया है। सरकार ने कर्मचारियों से अपील की है कि वे तुरंत काम पर लौटें और लंबित फाइलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें। राजस्व कर्मचारियों को राहत मिल गई है, लेकिन 9 मार्च से हड़ताल पर चल रहे अंचलाधिकारियों (CO) और राजस्व अधिकारियों पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। विभाग ने पूर्व में 45 से अधिक अधिकारियों को भी निलंबित किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार का यह कदम कर्मचारियों और प्रशासन के बीच संवाद की नई शुरूआत है, जिससे भूमि विवादों के निपटारे में तेजी आएगी।

कुटुंबा थाना पुलिस ने नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं में दर्ज केस के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था।कुटुंबा थाना कांड संख्या 80/25, दिनांक 01.06.25 में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपी अंकित कुमार पिता- सुरेन्द्र कुमार सिंह, ग्राम- डुमरी, थाना- अंबा, जिला- औरंगाबाद को गिरफ्तार किया गया है।अभियुक्त पर BNS की धारा-126(2), 127(2), 140(1), 308(4), 308(5) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज था। ये धाराएं आपराधिक बल, धमकी, अपहरण और संगठित अपराध से संबंधित हैं।कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अंकित कुमार को धर दबोचा। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस का कहना है कि फरार चल रहे अन्य वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए भी अभियान जारी है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है।

340 लीटर अवैध शराब के साथ स्कॉर्पियो जब्त, महिला तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना पुलिस पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक काले रंग की स्कॉर्पियो से 340 लीटर देशी मसालेदार शराब बरामद की है। इस मामले में एक महिला तस्कर को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है।एसआई सुनीता कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सासना मेन रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान कार्रवाई की। पकड़ी गई महिला की पहचान मनीष कुमारी, ग्राम- रामगढ़, थाना- छतरपुर, जिला- पलामू के रूप में हुई है।जांच के दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो से 300 लीटर तनाका और 40 लीटर छबीली मसालेदार शराब, कुल 340 लीटर अवैध शराब मिली। पुलिस ने शराब और वाहन दोनों को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ससना मेन रोड से स्कॉर्पियो में भारी मात्रा में शराब की खेप ले जाई जा रही है। घेराबंदी कर वाहन को रोका गया तो उसमें शराब लदी मिली। आरोपी महिला के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी हाल में शराब तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।